

29:01:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 028 epaper.rashtriyakhabar.com माघ, शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2079

### चाणक्य नीति

दूतो न सञ्चरति खे न चलेच्च वार्ता, पूर्वं न जल्पितमिदं न च संगमोऽस्ति।

व्योम्नि स्थितं रविशशिग्रहणं प्रशस्तं, जानाति यो द्विजवरः स कथं न विद्वान्॥

**भावार्थ** : आकाश में किसी दूत का जाना संभव नहीं और वहां किसी से किसी प्रकार की बातचीत भी नहीं हो सकती, परंतु जिस श्रेष्ठ ब्राह्मण ने आकाश में सूर्य और चंद्रमा के ग्रहण की बात बतायी है, उसे विद्वान क्यों न माना जाए।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 28.00 °c | 12.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .33 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .30 बजे

## त्रिपुरा विधानसभा के लिए भाजपा के 48 उम्मीदवार घोषित

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने त्रिपुरा विधानसभा चुनावों के लिए आज अपने 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें मुख्यमंत्री माणिक साहा को टाउन बोर्डोवाली सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी एवं भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में कल यहां हुई पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के संगठन महासचिव बी एल संतोष, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, पार्टी में त्रिपुरा प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेश शर्मा, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देव तथा चुनाव समिति के अन्य सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। पहली सूची के 48 उम्मीदवारों में करीब एक चौथाई यानी 11 महिलाएं हैं। त्रिपुरा विधानसभा की कुल 60 सीटों के लिए 16 फरवरी को मतदान होगा जबकि मतगणना दो मार्च होगी।

## मध्यप्रदेश है तो बस नर्मदा नदी के आशीर्वाद के कारण : शिवराज

**भोपाल**: मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नर्मदा जयंती की सभी को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अगर है, तो बस नर्मदा नदी के आशीर्वाद के कारण। श्री चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि मां नर्मदा के चरणों में प्रणाम करके हम एक ही प्रार्थना करते हैं कि उनकी मध्यप्रदेश पर कृपा बनी रहे। इस वीडियो संदेश के दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश भाजपा के दो वरिष्ठतम नेताओं का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ये वीडियो दोनों नेताओं के भोपाल से उज्जैन जाने के समय का है। संदेश में श्री चौहान ने कहा कि अब तो मध्यप्रदेश नर्मदा के पानी की सतह पर सोलर पैनल बिछाकर भी बिजली उत्पादित करने वाला है। मध्यप्रदेश है तो बस नर्मदा नदी के कारण।

## सदर बाजार विस्फोट मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नयी दिल्ली**: उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार क्षेत्र में संदिग्ध विस्फोट से एक व्यक्ति की मृत्यु और चार के लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस ने एक युवक को उत्तर प्रदेश के हापुड़ से गिरफ्तार किया है। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने शनिवार को बताया कि पुलिस निरीक्षक (जांच) डी वी सिंह और सदर बाजार के थाना प्रभारी निरीक्षक कन्हैया लाल यादव के नेतृत्व में पुलिस के एक दल ने आरोपी मोहम्मद फैज (19) को शुक्रवार को हापुड़ से उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आठ जनवरी को सदर बाजार के कुतुब रोड क्षेत्र में विस्फोट के बाद एक मकान की दीवार गिरने से पांच लोग घायल हो गए थे। उनमें से एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। श्री कलसी ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि विस्फोट पटाखे की वजह से हुई थी। इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## कमलनाथ ने शिवराज पर किया जवाबी हमला

**भोपाल**: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान पर पलटवार करते हुए आज कहा कि मुख्यमंत्री का कार्य सवाल पूछना नहीं, वरन जनहित की योजनाओं पर अमल करना है। श्री कमलनाथ ने ट्वीट के माध्यम से लिखा है, ह्यह्नसुना है शिवराज जी मुझसे सवाल कर रहे हैं कि हमने किन वादों पर अमल किया और किन पर नहीं कर पाए। ऐसे सवाल कोई अस्थिर मति का व्यक्ति ही कर सकता है। मुख्यमंत्री का काम सवाल पूछना नहीं, जनहित की योजनाओं पर अमल करना है। अगर हमारी घोषणा जनहित की है, तो आप इसे लागू करें। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा है, वैसे, आप कुछ महीने के लिए सवाल बचा कर रखिए। प्रदेश की जनता आपको कुर्सी से हटाकर सवाल पूछने का खूब समय देने वाली है। मुझे लगता है, आप उसी की नेट प्रेक्टिस कर रहे हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**अवसर** › भगवान देवनारायण के अवतरण दिवस समारोह में भाग लिया प्रधानमंत्री ने

# भारत को दुनियां की उम्मीदों पर उतरना है खरा: नरेंद्र मोदी

- यह क्षेत्र देश के शूरवीरों की धरती है
- देश तोड़ने के सारे प्रयास विफल हुए
- सरकार के काम काज का हिसाब दिया

**राष्ट्रीय खबर**



**भीलवाड़ा** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकजुट होकर देश के विकास के लिए काम करने की जरुरत बताते हुए कहा है कि भारत दुनियां के हर मंच पर अपनी बात डंके की चोट कहता है और दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता भी कम की जा रही हैं लेकिन हमें अपने संकल्प को सिद्ध कर भारत के प्रति दुनियां की उम्मीदों पर खरा उतरना है। श्री मोदी आज भीलवाड़ा जिले के आसींद के मालासेरी डूंगरी में भगवान देवनारायण के 1111वें अवतरण दिवस पर आयोजित एक बड़ी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान देवनारायण के संदेशों एवं शिक्षा को आगे बढ़ाने की जरुरत बताते हुए कहा कि गुर्जर समाज की नई पीढ़ी जो युवा हैं वे भगवान देवनारायण के संदेशों एवं शिक्षा को मजबूती के साथ आगे बढ़ाये। यह गुर्जर समाज को जहां सशक्त करेगा और देश को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का यह कालखंड भारत और राजस्थान के विकास के लिए अहम है। हमें एकजुट होकर देश के विकास के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनियां भारत की ओर बहुत ही उम्मीदों से देख रही है, भारत ने जिस तरह अपना दम-खम दिखाया है, इस शूरवीरों की धरती का भी गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व के हर बड़े मंच पर अपनी बात डंके की चोट पर कहता है और दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है। देश के खिलाफ जो बात है, उससे दूर रहना है और हमे संकल्प सिद्ध कर दुनियां की उम्मीदों पर खरा उतरना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भगवान देवनारायण के आर्शीवाद से हम सब जरुर सफल होंगे। सब

›› पेज 2 भी देखें

वहां ड्रैगन ब्रेथ नामक एक सामान्य भोजन की चपेट में आकर बीस से अधिक बच्चे बीमार पड़ गये

## तरल नाइट्रोजन के इस्तेमाल पर सरकार ने आगाह किया



**राष्ट्रीय खबर**

**जकार्ता**: सरकार ने अपने देश में लोगों को तरल नाइट्रोजन आधारित भोजन को लेने से मना करने का निर्देश जारी किया है। दरअसल वहां ड्रैगन ब्रेथ नामक एक सामान्य भोजन की चपेट में आकर बीस से अधिक बच्चे गंभीर रूप से बीमार पड़ गये। मामले की जांच में पता चला कि इन बच्चों को आंतरिक नुकसान पहुंचा है। इसकी मुख्य वजह तरल नाइट्रोजन का सेवन है। बच्चों ने पहले अपने चमड़े में जलन महसूस की। कुछ बच्चों के पेट में दर्द होने तथा कुछ को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। पहले समझा गया था कि खराब भोजन का सेवन करने की वजह से ऐसा हुआ है। जांच में पता चला कि इन सभी लोगों ने उसी ड्रेगन ब्रेथ नामक सामान्य स्ट्रीट फूड का सेवन किया था, जिसे दरअसल तरल नाइट्रोजन से तैयार किया जाता है। इंडोनेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं को इसके बारे में आगाह किया है। दरअसल तरल नाइट्रोजन आधारित किसी भी भोजन की मजेदार बात यह होती है कि इसे खाने के बाद खाने वाले के मुंह और नाक से धुआं

›› पेज 2 भी देखें

नगालैंड के जंगल में भिड़े असम राइफल्स- नगा विद्रोही, पेट्रोलिंग के दौरान हुई झड़प

## 31 जवानों को नगा उग्रवादियों ने बना लिया था बंदी



- गश्त पर निकले जवान भटक कर अन्यत्र चले गये
- इंतांकी नेशनल पार्क में दोनों पक्षों का आमना सामना
- नगालैंड में चुनाव की तारीख का हो चुका है एलान

**भूपेन गोस्वामी**


**गुवाहाटी**: नगालैंड में उग्रवादियों ने असम राइफल्स के 31 जवानों को हिरासत में लेने के बाद छोड़ा। असम राइफल्स के जवानों पर एनएससीएन-आईएम के कब्जे वाले क्षेत्र में प्रवेश करने का आरोप लगाया गया था। बताया गया कि नियमित पेट्रोलिंग के दौरान सेना के जवानों का ध्यान भटक गया और वे सुदूर इलाके में घुस गए। एक आधिकारिक सूत्र ने आज यहां बताया कि नगालैंड के इंतांकी नेशनल पार्क में असम राइफल्स की पेट्रोलिंग टीम और नगा विद्रोही संगठन एनएससीएन (इसाक मुइवा) के जवानों में झड़प हुई।भारतीय सेना के अधिकारी और उग्रवादियों के बीच कुछ बात चीत हो रही है। बताया जा रहा है कि 25वीं असम राइफल्स के 31 जवानों को नगा उग्रवादियों ने बंदी बना लिया था।

उल्लेख करें कि नगालैंड में विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान हो चुका है और राज्य में चुनाव सरगर्मी तेज हो गई है। इसी बीच नगालैंड के जंगल में असम राइफल्स और नगा विद्रोहियों के बीच मामूली झड़प की खबर है। सेना से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह खबर सामने आई है। खबर के अनुसार, शुक्रवार को नगालैंड के इंतांकी नेशनल पार्क में असम राइफल्स की पेट्रोलिंग टीम और नगा विद्रोही संगठन एनएससीएन (इसाक मुइवा) के जवानों में झड़प हो गई थी। गनीमत रही कि मामला ज्यादा नहीं बढ़ा। बता दें कि असम राइफल्स की कई टीमें पेट्रोलिंग के लिए निकलीं थी। इन्हीं में से एक टीम जब कैंप वापस लौट रही थी तो शाम चार बजे के करीब इसके जवान इंतांकी नेशनल पार्क में आराम करने के लिए रुक गए। जब असम राइफल्स के जवान आराम कर रहे थे, उसी दौरान एनएससीएन (आईएम) के सदस्य वहां से गुजर रहे थे।

›› पेज 2 भी देखें

पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश दोनों इलाके के किसानों की मेहनत

## बाजार में अचानक छा गया रंगीन फूलगोभी का जलवा



- दूर से देखने पर फूलों का बाग नजर आता है
- कोलकाता से जाकर इसे खरीद लाये हैं लोग
- उत्तर बंगाल में भी इसकी खेती प्रारंभ हुई

**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता**: सोशल मीडिया में इनदिनों रंगीन फूलगोभी देखकर अनेक भोजन रसिक इसे हासिल करने के लिए दूर तक का सफर करने लगे हैं। कोलकाता के अनेक लोग कोलाघाट बाजार जाकर वहां से ऐसी फूलगोभी लेकर आये हैं। इससे पहले कभी सफेद के अलावा दूसरे रंग की फूलगोभी की कोई चर्चा तक नहीं हुई थी। लोग हरे रंग की ब्रॉकली को भी हरे रंग की फूलगोभी कहते हैं। इस बार पीला, लाल, बैगनी, हरा रंग बाजार में छा गया है। कोलाघाट के बाजार से अपने परिवार के लिए ऐसी फूलगोभी लेकर लौटे लोगों ने बताया कि वहां के आस पास के सब्जी बाजारों में इसकी जबर्दस्त बिक्री हो रही है। दूसरी तरफ बांग्लादेश की सीमा पर बसे इलाकों में बांग्लादेश से भी ऐसी रंग बिरंगी फूलगोभी

›› पेज 2 भी देखें

## बारामूला की महिला पार्षद 'भारत जोड़ो यात्रा' में हुई शामिल

श्रीनगर : कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' शनिवार सुबह दक्षिण कश्मीर से फिर शुरु हुयी इसमें भाग लेने के लिए बारामूला की नगर पार्षद निघत मीर उत्तरी कश्मीर से यहां पंहुची। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। सुश्री मीर ने कहा, ''यह यात्रा भारत की एकता के लिए है और यही कारण है कि मैंने बारामूला से दक्षिण कश्मीर तक की यात्रा की ताकि मैं इस मकसद का हिस्सा बन सकूं।'' उन्होंने कहा कि यात्रा स्थल तक पहुंचने के लिए उन्होंने और उनके समर्थकों ने दस वाहनों में यात्रा की। उन्होंने कहा, ''सुरक्षा कारणों से कई जगहों पर हिचकोले खाने के बाद हम यात्रा में शामिल होने में कामयाब रहे।'' उन्होंने कहा कि यात्रा में कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि घाटी के विभिन्न हिस्सों से लोग शनिवार को यात्रा में शामिल हुए।

## वायुसेना के दो लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त एक पायलट शहीद, दो अन्य घायल

**राष्ट्रीय खबर**

**मुरैना**: मध्यप्रदेश के ग्वालियर एयरबेस से अभ्यास के लिए उडान भरने के बाद वायुसेना के दो लड़ाकू विमान मुरैना जिले के पहाड़गढ़ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गए। घटना में एक पायलट शहीद हो गया और दो पायलटों को एअरलिफ्ट कर उपचार के लिए ले जाया गया। हादसे के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सर्चिंग टीम ने प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से दो पायलटों को घायल अवस्था में तलाश कर उपचार के लिए भेज दिया है। एक अन्य पायलट हनुमंत राव सार्थक शहीद हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आसमान में विमान आग के गोले के रूप में दिखे और गिर गए। बताया गया है कि मिराज-2000 एवं सुखोई-30 लड़ाकू विमान ने सुबह ग्वालियर एयरवेस से अपनी अभ्यास उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद सुबह 10 बजे के आसपास मुरैना जिले के पहाड़गढ़ के मानपुर पंचायत के पास दोनों विमानों का संतुलन बिगड़ गया और उनमें से एक मिराज 2000 पहाड़गढ क्षेत्र के मानपुर गांव के पास गिरा, जबकि दूसरे सुखोई 30 के राजस्थान के भरतपुर क्षेत्र के उच्चैन थाना क्षेत्र के जंगल में।

## बहुत दिनों बाद चैन की नींद सो पायी हूं: जेसिंडा आर्डन

**राष्ट्रीय खबर**



**नापियर**: न्यूजीलैंड के निवर्तमान प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डन ने कहा है कि अपना फैसला लेने के बाद वह काफी दिनों बाद चैन की नींद ले पायी हैं। उन्होंने अचानक ही प्रधानमंत्री पद से हटने का एलान कर सनसनी फैला दी थी। उन्होंने फिर से दोहाराय कि अपने पद से हटने के फैसले को लेकर उन्हें कोई अफसोस नहीं है बल्कि वह बहुत राहत महसूस कर रही हैं। यह अलग बात है कि अचानक उनके इस फैसले से उनके समर्थकों के साथ साथ आलोचक भी हैरान हुए हैं। पद से हटने के बाद उन्होंने साफ कर दिया कि उनकी मकसद अब अपनी बच्ची और परिवार को ज्यादा समय देना है। उन्होंने यहां अपनी लेबर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के साथ मुलाकात और बैठक भी की। उन्होंने कहा कि अपने दल के अंदर किसी व्यक्ति के समर्थन के लिए वह कोई सार्वजनिक एलान भी नहीं करेंगी क्योंकि इससे बाकी लोगों के साथ अन्याय होगा। जेसिंडा ने कहा कि करीब छह साल तक उन्होंने प्रधानमंत्री पद की कठिन जिम्मेदारी निभायी है। लेकिन हर किसी को समझना चाहिए कि राजनेता भी दरअसल इंसान ही होते हैं। इसलिए परिवार को समय देने के लिए सक्रिय राजनीति से अलग होने का उन्होंने यह फैसला लिया है क्योंकि वह खुद महसूस करती है कि अभी उनके लिए अपने परिवार को समय देना ज्यादा जरूरी हो गयी है। उन्होंने दूसरे राजनीतिज्ञों से भी अपील की कि वे अपने विवेक से इस बात का फैसला करें कि उन्हें कितने दिनों तक राजनीति में रहना है। दरअसल जब कोई राजनीति में रहे तो वह अपना पूरा ध्यान देश सेवा पर थे, यही आदर्श राजनीति है। वह खुद मानती है कि अब उन्होंने अपने हटने का समय तय किया क्योंकि अब परिवार ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगले साल से उनकी बेटी स्कूल जाने लगेगी। ऐसे में बच्ची का ध्यान रखना ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री

›› पेज 2 भी देखें

**उपलब्धि** › समुद्री खीरा के प्राकृतिक गुणों की नकल कर छोटा रोबोट बनाया

# ठोस और तरल अवस्था में खुद को बदलता है

- गैलियम धातु से तैयार हुआ है यह रोबोट
- चुंबकीय गुण के कारण आगे चल सकता है
- अवरोधक के पास अपना आकार बदलता है

**राष्ट्रीय खबर**



**बीजिंग**: चीन के वैज्ञानिकों ने साफ्ट रोबोट बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस बार ऐसा रोबोट तैयार किया गया है जो जरूरत के मुताबिक खुद को ठोस या तरल बना सकता है। इस गुण की वजह से वह अपना आकार भी बदल सकता है। इसका अजीब तरीके से परीक्षण भी किया गया है। एक जेल जैसे दरवाजे के सामने खड़ा यह रोबोट खुद को तरल पदार्थ में बदलते हुए इन सींखचों के पार जाने में सफल रहा। दूसरे परीक्षण में जब उसके आकार से कम आकार के अवरोध पैदा किये गये तो उसने अपनी लंबाई कम कर चौड़ाई बढ़ा ली और फिर

›› पेज 2 भी देखें

### रोबोट तैयार होने पर और भी बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा

चीन के यूनिवर्सिटी ऑफ हॉगकॉग के इंजीनियर चेंगफेंग पान ने इस शोध का नेतृत्व किया था। उनका कहना है कि इस श्रेणी के रोबोट तैयार होने पर उनका और भी बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा। इस शोध दल ने चुंबकीय कणों को गैलियम नामक धातु के साथ मिलाकर इसे तैयार किया है। गैलियम का गलन तापमान मात्र 29.8 डिग्री होता है। इसलिए जो पदार्थ बना और जिससे यह रोबोट तैयार हुआ, वह इन गुणों से सुसज्जित है। इस खास रोबोट में जो चुंबकीय कण जोड़े गये हैं, उनके बारे में कारनेगी मेलोन विश्वविद्यालय के मैकानिकल इंजीनियर कारमेल मजीदी ने बताया कि यह अपने चुंबकीय क्षेत्र को बदल सकता है। इसी वजह से वह आकार बदल लेता है। इसके अलावा चुंबकीय कणों की वजह से ही यह रोबोट एक स्थान से दूसरे स्थान तक जा सकता है। यानी रोबोट की गति इसी चुंबकीय गुण की वजह से मिलती है। किसी दूसरे चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव से भी वह खुद को आगे बढ़ा लेता है। ताप सुचालक होने की वजह से ही वह ठोस से तरल और फिर तरल से ठोस बन सकता है।

**शहर >> अपडेट**

### बच्चों ने विधानसभा सत्र के नियमों को जाना

रांची: सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची द्वारा छात्रों के लिए कक्षा शिक्षण से परे अनुभवात्मक शिक्षण यात्रा आयोजित की गई। कक्षा 9वीं एवं 11वीं (विज्ञान विभाग) के छात्र ह्यनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चरह्य और 11वीं (मानविकी विभाग) के छात्र झारखंड विधानसभा गए। छात्रों ने लाह उत्पादन के विभिन्न चरणों को आईसीएआर में देखा। झारखंड विधानसभा में उसके सत्र आयोजित करने के नियमों की जानकारी दी गई। छात्रों के लिए यह एक रोचक अनुभव रहा। अपने अनुभव के आधार पर छात्र इस पर परियोजना तैयार करेंगे।विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ। प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अनुभव के द्वारा ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया।प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि प्रत्यक्ष ज्ञान किसी भी पुस्तक से अधिक प्रभावशाली एवं सरल होता है। अतः छात्रों को अनुभवात्मक ज्ञान के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

**समारोह** मुख्यमंत्री ने नेफ्रो क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

# जल्द शुरू होगी एयर एंबुलेंस की सुविधा : हेमंत सोरेन

- राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता
- कोरोना काल में राज्य सरकार ने बेहतर मैनेजमेंट किया
- अजीम प्रेमजी को 300 एकड़ जमीन दिया जायेगा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य में जल्द एयर एंबुलेंस की सुविधा बहाल की जायेगी। यह सुविधा आमजनों को बिल्कुल सरकारी दर पर उपलब्ध करायी जायेगी। बेहतर इलाज के लिए मरीजों को देश के किसी भी कोने में स्थापित अस्पताल में जाना हो तो वे एयर एंबुलेंस की सुविधा ले सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल सर्किटों को एक-दूसरे से जोड़ने करने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जरूरतमंद मरीजों को जेनेरिक मेडिसिन उपलब्ध कराया जा सके इस निमित्त कार्य योजना बनायी जा रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कई चीजें ऐसी है जिनको जमीनी स्तर पर तैयार करने की आवश्यकता है। राज्य के सभी जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी में कार्य करे यह हमारी प्राथमिकता है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को जिमखाना क्लब में आयोजित प्रथम नेफ्रोलॉजी क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस 2023 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अभी और बहुत कार्य करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य योजना तैयार कर रही है। सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर चिंतन करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई हिस्सों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अजीम प्रेमजी भी बहुत जल्द हमारे साथ जुड़ने वाले हैं। राज्य सरकार अजीम प्रेमजी को 300 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है जहां स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज भी स्थापित की जाएगी।

अजीम प्रेमजी की संस्था राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा देने वाली अपोलो सहित कई ऐसे संस्थान हैं जिनकी सेवा झारखंड में लेने निमित्त राज्य सरकार कार्य योजना बना रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। नेफ्रो क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञ डॉक्टरों के जो भी सुझाव राज्य सरकार को मिलेंगे उन सुझावों पर राज्य सरकार अवश्य विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी डॉक्टर एवं आयोजनकताओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं और बधाई दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों से बेहतर कार्य करने वाले कई विशेषज्ञ डॉक्टरों को द्रोणाचार्य सम्मान तथा प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार, डॉ घनश्याम सिंह, डॉ अशोक कुमार बैद्य सहित डॉ तापस कुमार साहू, डॉ प्रदीप कुमार भट्टाचार्य, डॉ आरके शर्मा, डॉ राश कुजूर एवं कई विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित थे।

## भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कल रवाना होंगे झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर नेता विधायक दल आलमगीर आलम भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के झारखंड संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उनके साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि के रूप में राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर शामिल होंगे। प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया की विगत 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 12



राज्यों और 2 संघ शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 3,970 किलोमीटर की दूरी तय करके 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में सम्पन्न होगी। उन्होनें कहा की भारत जोड़ो यात्रा को करोड़ों लोगों का अकल्पनीय समर्थन मिला और इस यात्रा ने श्री राहुल गांधी के प्रेम और एकता के संदेश को देश में जन-जन तक पहुंचाया है। समाज के सभी वर्गों के अभूतपूर्व सहयोग और जन सामान्य की हार्दिक सहभागिता ने इसे एक ऐतिहासिक यात्रा का रूप दिया और भारतीय राजनीति के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। इस यात्रा के समापन के अवसर पर राहुल गांधी 30 जनवरी को सुबह 10 बजे श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर के प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे इस आशय की जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया की माननीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के द्वारा व्यक्त भावनाओं के अनुसरण में सभी प्रदेश कांग्रेस समितियां, जिला कांग्रेस समितियां और ब्लॉक कांग्रेस समितियां भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्निहित संदेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए 30 जनवरी को इसी समय पर अपने-अपने पार्टी कार्यालयों या महत्वपूर्ण स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित करेंगी। झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी मुख्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा झंडोत्तोलन करेंगी।

## रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशी उतारने की कोशिश में वामदल

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** रामगढ़ उपचुनाव के तारीखों की घोषणा हो गयी है। वहीं, अलग-अलग पार्टियों ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। इस चुनाव में वामदल भी संयुक्त रूप से अपनी रणनीति पर काम कर रहे है। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने इस पर जानकारी दते हुए कहा कि वामदल संयुक्त रूप से इस चुनाव में शामिल होंगे। वामदलों की ओर से किसी न किसी को चुनाव में उतारने पर सहमति सभी पार्टियों में बनी है। इस दिशा में कोशिश भी की जा रही है। लेकिन अभी इस पर स्थिति साफ नहीं है। कोई ऐसा उम्मीदवार होने पर संयुक्त वामदल एक होंगे। वहीं, अगर कोई उम्मीदवार चुनाव में वामदलों की ओर से नहीं शामिल होता है तो, वामदल संयुक्त रूप से एनडीए के विरोध में जायेंगे। ऐसे में वामदल मिल कर एनडीए प्रत्याषी की हार के लिये मुखर होंगे। इसमें सीपीआइ, सीपीआइएम, सीपीआइ माले, मासस शामिल होंगे। भक्त की मानें तो चुनाव को लेकर वामदलों की ओर से लगातार वार्ता हो रही है। वहीं, केंद्रीय कमेटियां भी इस मामले की रिपोर्ट लगातार ले रही है। इस पर जल्द ही स्थिति स्पष्ट होगी।कांग्रेस विधायक ममता देवी को एक आपराधिक मामले में पिछले साल दिसंबर में 5 साल की कैद की सजा सुनायी गयी थी।

## अनुबंध कर्मियों के आंदोलन को कई राजनीतिक दलों का मिला समर्थन

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम, जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ को एक्टू, भाजपा और आजसू के नेताओं का भी समर्थन मिला है। ज्ञात हो कि राजभवन के समक्ष धरने पर बैठे अनुबंध कर्मचारियों के अनशन का आज चौथा दिन है। अनशन पर बैठे कर्मियों की स्थिति खराब हो रही है। लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और ना ही विभागीय मंत्री ने अपने कर्मचारियों की सुधि ली है। ऐसे में कर्मियों के अंदर राज्य सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ने लगा है। वहीं अब तक तीन अनशनकारियों को तबीयत खराब होने के बाद सदर



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पहले अनुबंध कर्मियों ने धरना दिया और जब मांग नहीं मानी गई तो वे आमरण अनशन पर जाने को मजबूर हो गए। उनके अनशन को मैं समर्थन देने आया हूं और विधानसभा के अंदर भी मामले को उठाएंगे। सरकार को सदन के अंदर जवाब देना होगा। मैं अपने दायित्व को समझता हूं। तभी यहां आया हूं। उन्होंने कहा कि विधायक की जो परिधि होती है उस दायरे के अंदर हर संभव मदद करूंगा।

### अधिवक्ता सह भाजपा नेता को पितृ शोक

रांची : अधिवक्ता सह भाजपा झारखंड प्रदेश विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के पिताजी आनंद स्वरूप लाल जिनकी उम्र लगभग 75 वर्ष थी का देहांत हो गया। आनंद स्वरूप लाल अपने पीछे पत्नी , तीन पुत्र एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। लाल रेल डाक सेवा से सेवानिवृत अधिकारी थे। बिगत 5 वर्षो से आनंद स्वरूप लाल लीवर की बीमारी से ग्रसित थे। आनंद स्वरूप लाल कोकर स्थित अयोध्या पुरी कॉलोनी में निवास था। लाल के बड़े पुत्र संतोष कुमार आयकर अधिकारी, दूसरे पुत्र सुधीर श्रीवास्तव अधिवक्ता और छोटे पुत्र प्रिंस कुमार पत्रकार हैं पुत्री सुधा देवी गृहणी हैं।

## सीपीआई ने वाम दलों से मांगा समर्थन

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशी देगी। सीपीआई ने वाम दलों से पार्टी प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की है। इसे लेकर प्रदेश परिषद की बैठक शनिवार को पशुपति कॉल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे।

बैठक में सांगठनिक रिपोर्ट एवं राजनीतिक रिपोर्ट राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने पेश की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव वामदलों के सहयोग से सीपीआई लड़ेगी। सीपीआई ने वामदलों से सीपीआई उम्मीदवार को समर्थन करने की अपील की है। बैठक में सदस्यता अभियान, नवीकरण




एवं जन संगठनों के निर्माण सहित जन आंदोलन को विकसित करने को लेकर विस्तारित चर्चा की गई।बैठक में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह, शंभू मोहली, सोनिया देवी, इंद्रमणि देवी, पशुपति कॉल, रामस्वरूप पासवान, दीप नारायण यादव, प्रकाश रजक, महादेव राम चांद खान, शंभू कुमार ,मेमन यादव, विष्णु कुमार, ओमप्रकाश सिंह, अंबुज ठाकुर बाबूलाल झा कलाम रशीदी फरजाना फारुकी प्रिया प्रवीण सुरेश ठाकुर, राजेंद्र रविदास, इसहाक अंसारी, गणेश सिंह, डॉ बी एन ओहदार, सुरजीत कुमार घोष, स्वयंबर पासवान, गणेश कुमार महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

**सस्पेंस** 12 फरवरी को होगा नीरज सिन्हा का कार्यकाल खत्म

# झारखंड के नए डीजीपी को लेकर अबातक सस्पेंस

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** प्रदेश का अगला डीजीपी कौन होगा, इसको लेकर सस्पेंस बरकरार है। मौजूदा डीजीपी नीरज सिन्हा 12 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। 5 जनवरी को यूपीएससी की बैठक में तीन आइपीएस अधिकारी 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय भटनागर, अजय कुमार सिंह और 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अनिल पाल्टा के नाम का चयन किया है। अजय भटनागर वर्तमान में केंद्र में सीबीआइ में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। अजय कुमार सिंह वर्तमान में झारखंड पुलिस



हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीजी का अतिरिक्त प्रभार है। अनिल पाल्टा वर्तमान में डीजी रेल हैं। राज्य सरकार इन्हीं तीनों में से किसी एक को डीजीपी बनायेगी। लेकिन अबतक डीजीपी कौन होगा इसका सस्पेंस बरकरार है। सरकार को ऐसे डीजीपी की तलाश भी है जो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को संपन्न करा सके। डीजीपी के रेस में अजय कुमार सिंह के नामों की चर्चा है। हालांकि प्रदेश में इससे पहले भी अपने से सीनियर को सुपरसीड करके डीजीपी की कुर्सी तक पहुंचे हैं। ऐसे में अनिल पाल्टा को डीजीपी बनाने पर विचार हो सकता है।2006 में प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ (1996 में दायर) मामले में अपने फैसले में डीजीपी की नियुक्ति और पुलिस सुधार को लेकर कई आदेश दिए थे। हालांकि अधिकत्तर राज्यों ने इसको आंशिक रूप से ही लागू किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस सुधारों को लेकर जो बात कही थी उसमें स्टेट सिक्युरिटी कमीशन के गठन की बात थी साथ ही डीजीपी के कार्यकाल को 2 साल तक फिक्स किए जाने के लिए कहा गया था, वही जिले के एसपी और एसएचओ की दो साल तक एक जगह तैनाती की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि एक्टिंग डीजीपी का कोई पोस्ट नहीं होता। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डीजीपी का कार्यकाल समाप्त होने से पहले राज्य सरकार इस पद के लिए नाम यूपीएससी को भेजेगा। इस लिस्ट को वहां से यूपीएससी जोड़ घटाकर वापस लौटाएगा। इस लिस्ट में राज्य सरकार किसी भी नाम का चयन कर सकती है। कोर्ट के मुताबिक डीजीपी का कार्यकाल कम से कम दो साल जरूरी है। जुलाई 2018 में राज्यों की ओर से डीजीपी की नियुक्ति के लिए दिशा- निर्देशों को आगे बढ़ाते हुए अन्य आदेश पारित किया था। इसमें कहा गया था कि एक कार्यवाहक डीजीपी की कोई अवधारणा नहीं है।

### प्रदेश जदयू का सदस्यता अभियान 31 मार्च तक

रांची : जदयू प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में रांची जिले के सभी जदयू नेता उपस्थित हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के सदस्यता प्रभारी डॉ आफताब जमिल ने की।

**पेज एक का शेष**

### भारत को दुनियां की उम्मीदें .. ..

मिलकर कड़ा परिश्रम करेंगे और सबके प्रयास से सिद्धि प्राप्त होकर रहेगी। उन्होंने गुर्जर समाज की बहन-बेटियों ने संस्कृति की सेवा में दिए बड़े योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि ऐसे अनगिनत सेनानियों को वो सम्मान नहीं मिल पाया, जो उन्हें मिलना चाहिये था। उन्होंने कहा कि आज का नया भारत, बीते दशकों की उन भूलों को भी सुधार रहा है और जिसने भी भारत की संस्कृति को सशक्त और भारत के विकास में जिनका योगदान रहा है, उन्हें सामने लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को भौगोलिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से तोड़ने के बहुत प्रयास हुए लेकिन कोई भी ताकत इसमें सफल नहीं हो पाई। हमारी सभ्यता, संस्कृति, सद्भावना एवं सम्भावना अभिव्यक्ति है। इसलिए आज भारत एक वैभवशाली भविष्य की नींव रख रहा है। भारत, अटल, अजर और अमर है। इसके पीछे हमारे समाज की शक्ति है। देश के हर व्यक्ति की शक्ति है।

### तरल नाइट्रोजन के इस्तेमाल .. .. ..

निकलता रहता है। ऐसा नजर आता है मानो उसने सिगरेट का धुआं निगला हो। बच्चों को यह निकलने वाला धुआं बहुत पसंद आता है। वे खेल के तौर पर भी तरल नाइट्रोजन वाले भोजन को ग्रहण करते हैं। कई बार इस तरीके से धुआं निकलना भी बच्चों की उत्सुकता का कारण बनता है। लिहाजा कई बार अभिभावक भी बच्चों को आसानी से खिलाने के लिए इस तरकीब का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अब वैज्ञानिक परीक्षण में इसे खतरनाक बताया गया है। इंटरनेट पर भी बच्चों के ऐसे सैकड़ों वीडियो अपलोड हुए हैं, जिनमें तरल नाइट्रोजन वाले भोजन की वजह से उनके मुंह, नाक और कान से धुआं निकलता हुआ नजर आ रहा है। भोजन बनाने में तरल नाइट्रोजन का उपयोग गैर कानूनी नहीं है लेकिन इसमें बच्चों की सेहत का ध्यान रखते हुए ही सरकार ने यह चेतावनी जारी कर दिया है। द?असल इसका उपयोग मेडिकल में होता है। कई बार भोजन को तुरंत जमाने के लिए भी उस पर इस तरल नाइट्रोजन को डाला जाता है। लेकिन सही तरीके से इसका इस्तेमाल नहीं होना ही खतरनाक है। काफी पहले ही इस बारे में अमेरिकी एफडीए ने चेतावनी जारी कर दिया था। अब ऐसी घटना होने क बाद सिंगापुर के एक डाक्टर क्लारेंस यो ने कहा है कि इससे कई बार आतंरिक अंगों को खतरनाक नुकसान हो सकता है। इसलिए खास तौर पर बच्चों को इससे दूर ही रखा जाना चाहिए।

### बाजार में अचानक छा .. .. .. ..

ऊपर जा रहा है। मामले की छानबीन से यह जानकारी मिली है कि सबसे पहले पूर्व मेदिनीपुर के कोलाघाट के वृंदावनचक गांव के किसान प्रमथ नाथ मांझी ने इसे आजमाया था। वह पहले से ही खेती में नये नये प्रयोग करते आते हैं। रंगीन फूलकोभी का एक हजार पौधा लाने के बाद पहली बार उसकी खेती हुई थी। इसे देखकर आस पास के किसानों को भी ऐसे रंग बिरंगी सब्जी उगाने में आनंद आया है। इस बार इसकी फसल भी बहुत अच्छी होने की वजह से कोलाघाट और आस पास के बाजारों में सबसे अधिक आकर्षण यही रंग बिरंगी फूलकोभी ही है। दूसरी तरफ बांग्लादेश से रंगीन फूलकोभी आने के बाद उत्तर बंगाल के किसान भी पहली बार इसकी खेती कर रहे हैं। उनकी पूरी फसल अभी तैयार नहीं हुई है। लेकिन इसके पहले ही बांग्लादेश के रंगीन फूलकोभी की चर्चा फैल जाने की वजह से इस नई सब्जी का बाजार तैयार हो चुका है। उम्मीद की जा रही है कि किसानों को इन रंग बिरंगी फूलकोभी की खेती से इस बार अच्छा मुनाफा हो सकता है। आने की जानकारी मिली है। इस जानकारी के बाद कई लोगों ने बाजार नहीं बल्कि खेतों तक का सफर तय किया है। वहां से लौटने के बाद लोगों ने इस अनुभव की जानकारी दी है। उनके मुताबिक ऐसी कोभी के खेत को दूर से देखने पर फूलों का बाग जैसा नजर आता है। करीब जाने के बाद ही पता चलता है कि दरअसल यहां फूलकोभी की खेती हुई है और पूरे खेत में अलग अलग रंग के फूलकोभी मौजूद है।

### 31 जवानों को नगा उग्रवादियों ने .. ..

जिससे दोनों का आमना-सामना हुआ और दोनों के बीच झड़प हो गई। चूंकि सरकार और एनएससीएन की बीच सीजफायर समझौता है, इसलिए असम राइफल्स की टीम के प्रमुख ने सैनिकों को शांत कराया और कैंप वापस लौट आए। इसकी वजह से दोनों पक्षों का यह विवाद ज्यादा आगे नहीं बढ़ा। रिपोर्ट्स के अनुसार, असम राइफल्स के जवान रास्ता भटक गए थे, जिसकी वजह से दोनों पक्ष आमने सामने आ गए थे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार और नेशनलिस्ट सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिम (इसाक-मुइवा) के बीच 2015 में समझौता हुआ था। इस समझौते में तय किया गया था कि दोनों पक्ष आपसी बातचीत से नगा समस्या का हल ढूंढेंगे। 1947 में देश की आजादी के बाद से ही नगालैंड में विद्रोही संगठन उग्रवाद फैला रहे थे। हालांकि 1997 में दोनों पक्षों में करीब 80 राउंड की बातचीत के बाद सीजफायर समझौता हुआ था।

### ठोस और तरल अवस्था .. .. ..

से आगे निकल गया। समझा जाता है कि इस रोबोटिक तकनीक से पूरी रोबोटिक्स की दुनिया में नई क्रांति आ जाएगी। इस बारे में प्रसिद्ध वैज्ञानिक पत्रिका जर्नल मैटर में एक शोध प्रबंध प्रकाशित हुआ है। इस लेख में रोबोट के गुणों के बारे में पहली बार जानकारी दी गयी है।
बताया गया है कि यह अपना आकार इसलिए बदल सकता है क्योंकि यह बिजली का सुचालक होने के साथ साथ चुंबकीय गुणों से लैश है। इसी वजह से वह जब आवश्यकता होती है खुद को तरल रोबोट में तब्दील कर लेता है। इसी अवस्था बदलने की वजह से वह अपना आकार भी जब जैसा चाहे बदल सकता है। इसकी स्थिति काफी हद तक उन समुद्री खीरों की तरह है जो इन दोनों अवस्थाओं को हासिल करने का प्राकृतिक गुण रखते हैं। शोध दल ने इसकी अंतिम परीक्षा में उसके सामने विभिन्न किस्म के अवरोधक रखे थे। यह अपने आकार बदलने के गुण की वजह से इन अवरोधकों से आगे निकलने में कामयाब रहा। इसे महत्वपूर्ण उपलब्ध इसलिए माना जा रहा है क्योंकि आम तौर पर सामान्य रोबोट लचीले नहीं होते हैं। इसलिए वे आकार नहीं बदल सकते। दूसरी तरफ जो साफ्ट रोबोट बनाये गये हैं, वे काफी लचीला होने की वजह से ही कमजोर होते हैं। यह नया रोबोट उन दोनों किस्म की परेशानियों से मुक्त है। परीक्षण में यह रोबोट छलांग लगाने से लेकर दीवार चढ़ने तक के परीक्षण में कामयाब हुआ। एक खास अवरोध को पार करने के लिए इस रोबोट ने खुद को दो हिस्सों में बांट लिया और अवरोधक पार कर जाने के बाद वह फिर से एक हो गया। इस वजह से वैज्ञानिकों ने यह नतीजा निकाला है कि इसके बहुआयामी प्रयोग किये जा सकते हैं। शोध दल के नेता पान ने कहा कि इस उपलब्धि का चिकित्सा और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बेहतर इस्तेमाल के तरीकों को विकसित किया जा रहा है। इसके लिए शोध दल ने एक मॉडल मरीज के पेट से एक बाहरी वस्तु को निकालने का प्रयोग किया। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सर्किटों में क्षतिग्रस्त इलाकों तक पहुंचकर वह उनकी मरम्मत करने में सफल रहा। इसकी यह भी विशेषता यह भी है कि यह अत्यंत संकरे से इलाके में खुद को काफी लंबा बनाकर टेढ़े मेढ़े रास्ते से भी आगे बढ़ जाता है।

### बहुत दिनों बाद चैन की नींद .. ..

रहते हुए यह काम कर पाना संभव नहीं होता। जेसिंडा ने कहा कि उम्मीद है कि पार्टी नये नेता के बारे में बेहतर फैसला लेगी। वैसे कोरोना महामारी के दौरान पूरे देश के कोरोना समस्या से निपटने के लिए जेसिंडा की पूरी दुनिया में प्रशंसा हुई थी। इस बीच समझा जा रहा है कि जेसिंडा की सरकार में क्रिस हिपकिंस नये प्रधानमंत्री बन सकते हैं। इसके लिए दो तिहाई समर्थन जरूरी है।

शहर >> अपडेट

## वार्षिक खेलकूद का उद्घाटन

रांची : वाईएमसीए पब्लिक स्कूल धुर्वा में 20 वां वार्षिक खेलकूद समारोह का उद्घाटन एनआईएस क्रिकेट कोच चंचल भट्टाचार्य ने फीता काट कर किया। बच्चों ने पीटी डिसप्ले, कराटे और योग रंगारंग प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मार्कपास्ट एव बैंड का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता जैसे बाधा दौड़, रस्सीकूद, रीले, १०० मीटर , २०० मीटर, मैं बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन मिस कलिस्ता संगा एव शीला सोरेन एव उत्घाटन भाषण स्कूल की प्राचार्य मिस सुषमा राजी टोप्पो ने किया। कार्यक्रम मैं सीनियर ग्रुप के आलोक राज को सर्वश्रेष खिलाड़ी एव जूनियर ग्रुप में सर्वश्रिष्ट को दिया गया। एलोवर चैंपियन का पुरस्कार ब्लू हाउस( सर जॉर्ज विलियम हाउस) एव सर्वश्रेष्ठ अनुशासित का पुरस्कार ग्रीन हाउस( महात्मा गांधी धर्मा) को दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिस्टरबाल्मिकी पांडे, एवं शिक्षिकायें तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे ।

उपहार

### पशुपालकों को 100 मॉडल अस्पतालों का भी मिलेगा लाभ

# मंत्री बादल पत्रलेख ने प्रमंडलों को गो मुक्तिधाम की दी सौगात




राष्ट्रीय खबर

रांची : कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल ने शनिवार को राज्य के पशुपालकों, किसानों को गो मुक्तिधाम की सौगात दी। रांची से बाहर रहने के कारण उन्होंने पशुपालन भवन, रांची में आयोजित पशु मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम 2023 का आनलाइन उद्घाटन करते आज के दिन को खास बताया। कहा कि राज्य सरकार किसानों, पशुपालकों के लिए संवेदनशील है।

गो पालन के बाद उसकी मृत्यु हो जाने पर अब गो मुक्तिधाम का लाभ लिया जा सकेगा। गाय के प्रति जो आस्था है, उसका मान रख सकेंगे। फिलहाल पांचों प्रमंडल में एक-एक गो मुक्तिधाम खोले गए हैं। आने वाले वित्तीय वर्ष में सभी जिलों में इसे स्थापित किया जाएगा। साथ ही बादल ने कहा कि सभी प्रमंडलों में भी पशु एंबुलेंस का लाभ दिए जाने की तैयारी है। अभी 42 हजार दुग्ध उत्पादक विभाग से जुड़े हैं। आने वाले दिनों में एक लाख दुग्ध उत्पादकों को जोड़े जाने का लक्ष्य है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीख, पशुपालन निदेशक शशि प्रकाश झा, विशेष सचिव प्रदीप हजारे, मत्स्य निदेशक एच एन द्विवेदी, कॉपरेटिव बैंक के सीईओ मनोज कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

मौके पर 51 कृत्रिम गभार्धान कार्यकताओं और 30 पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।बू बकर सिद्दीख ने कहा कि सचिवालय से लेकर पंचायत स्तर तक हर जवाबदेह व्यक्ति अगर अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें तो हर लक्ष्य संभव है।

पशुपालकों से अपील करते कहा कि हर हाल में अपने मवेशियों की सेहत, टीकाकरण का ध्यान रखें। बीमारी से पहले ही समय समय पर टीकाकरण कराने से लाभ होगा। ऐसा नहीं करने पर फिर से गरीबी में जाने का खतरा रहता है। कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम में अभी और बेहतर प्रदर्शन की जरूरत है। जिस तरह से 28 जनवरी से 2 मार्च तक पशुपालन भवन में पशु मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जिले स्तर पर भी किए जाने से किसान, पशुपालक लाभान्वित होंगे। सहकारिता विभाग के मृत्युंजय वर्णवाल ने कहा कि किसान और पशुपालक अलग अलग नहीं हैं।

गांवों में जो किसानी करते हैं, वे पशुपालन से भी जुडे दिखते हैं। लैंप्स, पैक्स हर पंचायत में है। 14.50 लाख किसान अभी इससे रजिस्टर्ड हैं। सीएम फसल राहत योजना के लिए भी 30 लाख किसान पंजीबद्ध हो चुके हैं। विभाग की जो भी स्कीम है, छोटे छोटे एस एम एस बनाकर किसानों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों से भी आगे बढ़कर विभागीय योजनाओं का लाभ लेने को कहा। प्रदीप हजारे ने भी पशु प्रबंधन, सुखाड़ से निपटने के तरीकों के प्रति जागरूक रहने की अपील किसानों से की। निदेशक ने बताया कि विभागीय वेबसाइट से अब विभागीय योजनाओं की जानकारी और उसका लाभ लेने के तरीकों को जान सकेंगे। 100 मॉडल अस्पतालों का लाभ पशुपालकों को मिलेगा।

## न्यूज फटाफट

### डेयरी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट



रांची : हंसडीहा, दुमका स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई फूलो झानो मुर्मू दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के बी टेक (डेयरी टेक्नॉलॉजी) पाठ्यक्रम के सत्र 2018-22 के 2 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट झारखंड सरकार और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के ज्वाइंट वेंचर झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा किया गया है। चयनित विद्यार्थियों का नाम माधुरी कुमारी एवं शिवम पांडेय है। इसके अलावा तृतीय वर्ष (सत्र 2019-23) के 2 छात्रों- सूरज कुमार एवं राहुल कुमार का चयन ट्रेनिंग सह कैंपस प्लेसमेंट के लिए किया गया है। महाविद्यालय की सहायक कुलसचिव सह प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ मुनमुन सेन ने बताया कि झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा महाविद्यालय की प्रयोगशाला एवं व्यवहारिक ज्ञान के स्तर में सुधार के लिये प्रयोगशाला एवं प्रसंस्करण से संबंधित उपकरण महाविद्यालय को उपलब्ध कराये जायेंगे। मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक डॉ सुधीर कुमार सिंह एवं देवघर इंचार्ज मिलन कुमार मिश्र ने महाविद्यालय का भ्रमण किया तथा हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान संस्थान के एसोसिएट डीन डॉ संजय कुमार, मेधा डेयरी के मैनेजर पवन मारवाह तथा जयदेव विश्वास भी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण आम सभा हुआ स्थगित

राष्ट्रीय खबर

बड़कागांव: बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत बादम के बिजली खंभों में अंचल कार्यालय के द्वारा एनटीपीसी कोल खनन कंपनी के लिए गैरमजरूआ जमीन के अधिग्रहण हेतु ज्ञापन संख्या 25 दिनांक 6 जनवरी 2023 के तहत आम सूचना चिपकाए गया था।इसी आलोक में शनिवार को आम सभा गोंदलपुरा पंचायत भवन में होना था। जिसकी सूचना पाते ही गोंदलपुरा पंचायत के हजारों महिला पुरुष विरोध के लिए जमा हो गए। और सड़क पर ही हजारों की संख्या में महिला पुरुष विरोध की तख्तियां लेकर बैठ गए। ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण अधिकारी आम सभा स्थल तक नहीं पहुंच सके। सभा स्थल मौके पर से 500 मीटर पहले ही सभी अधिकारियों को रोक दिया गया। और उपस्थित सभी ग्रामीण एनटीपीसी वापस जाओ, जल जंगल जमीन हमारा है, विकास के नाम पर विनाश करना बंद करो, जल जंगल जमीन हमें खिलाता है और खदान हमें खाता है, एनटीपीसी के दलालों होश में आओ, एनटीपीसी वापस जाओ, जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे सहित अन्य विरोध के नारे ग्रामीण लगाते रहे। अंततः ग्रामीणों के विरोध के कारण अधिकारियों को बिना आम सभा स्थगित कर बैरंग वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी ग्रामवासी एक दिन पूर्व ही आपस में बैठकर यह निर्णय लिए हैं कि आम गैरमजरूआ एवं रास्ता देवस्थल जो आम ग्रामीणों का है अधिकारी सार्वजनिक भूमि का हस्तांतरण नहीं करने का अधिकार बनता है। ग्रामीण जनता का यह निर्णय है कि किसी भी प्रकार के जमीन किसी भी कंपनी को नहीं देंगे।

### यूपी के सांसद साक्षी महाराज ने किया.

## श्याम भंडारे का उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर

रांची : खाटू नरेश की जय जयकारों के बीच उन्नाव (उत्तर प्रदेश) के सांसद साक्षी महाराज ने शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 47 वे श्री श्याम भंडारे का उद्घाटन किया। इसके पूर्व श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का भोग लगाया गया। यजमान श्रीराम शर्मा की सुपुत्री सालवी शर्मा ने अपने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया की अगुवाई में यजमान श्री शर्मा परिवार ने श्री श्याम बाबा का भोग भजन आवो आवो भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी का संपूर्ण भजन गायन कर खाटू नरेश की मनुहार कर अपने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देवी देवताओं को लगे भोग का प्रसाद संपूर्ण भंडारे में मिश्रित कर उसे महाप्रसाद बनाया गया। सालवी शर्मा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को चंदन वंदन करके भंडारे का महाप्रसाद खिलाकर दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद साक्षी महाराज के नेतृत्व में भंडारे का वितरण प्रारंभ किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू व पूर्व सांसद श्री अजय मारू ने साक्षी महाराज को तिलक लगाकर दुपट्टा उढाकर उनका स्वागत किया । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में ही श्री श्याम भंडारे का प्रसाद निर्मित किया गया। भंडारे में गरमा गरम केसरिया जलेबी बनारसी कचौड़ी आलू चना कद्दू का मिश्रित सब्जी का प्रसाद बनाया गया था।

### कोविड-19 के लिए निर्देशित सभी सुरक्षा गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए

# राजभवन का उद्यान 31 जनवरी से आम लोगों के लिये खुलेगा



राष्ट्रीय खबर

रांची :31 जनवरी से रांची स्थित राजभवन उद्यान को आम लोग देख पाएंगे। यहां लगाए गए फूल और विभिन्न पौधे का दीदार कर पाएंगे। राज्यपाल के निर्देश पर रांची के कचहरी स्थित राजभवन उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन के लिए 31 जनवरी से खोला जाएगा। आम जनता उद्यान को 7 फरवरी, 2023 तक देख सकेंगे। जानकारी के मुताबिक उद्यान प्रतिदिन सुबह 10 बजे दोपहर 3 बजे अपराहन तक खोला जायेगा। हालांकि उद्यान में प्रवेश दोपहर 1 बजे तक मिलेगा। प्रवेश राजभवन के गेट नंबर- 2 से सुरक्षा जांच के बाद दिया जायेगा। सभी आगंतुक को अपना पहचान पत्र साथ लेकर आना होगा। कोविड-19 के लिए निर्देशित सभी सुरक्षा गाइडलाइन का अनुपालन करेंगे। ज्ञात हो कि उद्यान 52 एकड़ में फैला है। यहां म्यूजिकल फव्वारे सहित कई औषधीय पौधे भी हैं। उद्यान में 100 प्रकार के गुलाब के फूल हैं। इसी तरह उद्यान में 55 प्रकार के सुगंधित फूल लगाये गए हैं। यहां देश-विदेश के 200 से अधिक फूलों की किस्म में हैं। विदित हो कि वर्ष 2004 में पहली बार राजभवन उद्यान आम लोगों के लिये खुला था।

## अगले 3-4 दिन ठंड से मिलेगी राहत

रांची : राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों के लोगों को अगले तीन-चार दिनों तक ठंड से राहत मिलेगी। मौसम विभाग की मानें तो अगले 3-4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव की संभावना नहीं है। 3-4 दिनों से न्यूनतम तापमान में 2-3डीग्री की गिरावट हो सकती है। हालांकि इस बार जनवरी के महीने में ही दिन के समय हल्की गर्मी महसूस होने लगी है। अगले एक सप्ताह राजधानी रांची का न?यूनतम तापमान 13(डीग्री) से 15(डीग्री) के बीच और अध?िकतम तापमान 29 (डीग्री) से 31 (डीग्री) के बीच रहेगा।

## डॉ अंशू को उनके शोध लिये मिला सम्मान

राष्ट्रीय खबर

रांची : झारखंड प्रदेश शोंडिक सघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु के जेष्ठ पुत्र डॉ अंशू साहु एमडीएस ऑर्थोडॉटिक्स ड़ेंटल ब्रेसिज स्पेशलिस्ट हजारीबाग स्थित डेंटल कॉलेज में ऑर्थोडॉटिक्स विभागाध्यक्ष हेड ऑफ द डिपार्टमेंट के दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने कलकत्ता स्थित, एशिया का पहला और सौ साल पुराना डा आर अहमद डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इंडियन ऑर्थो डेंटिक सोसाइटी द्वारा आयोजित स्पेशल प्रशिक्षण प्रोग्राम में ट्रेनिंग दिया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण लेने वाले पूरे देश के चयनित ऑर्थोडॉटिस्ट , दांत से संबंधित चिकित्सा विज्ञान एवं शोध पर चर्चा करते हैं, और नए खोज विचारों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर्स को अवगत कराते हैं ,इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूवात यू एस ए अमेरिका द्वारा किया गया है और प्रत्येक वर्ष विभिन्न महानगरों में आयोजित किया जाता है । इस वर्ष कोलकाता में आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में रांची के जाने माने प्रसिद्ध डेंटल सर्जन डॉ अंशू साहु एमडीएस ने भी अपने शोध पर प्रशिक्षण दिया जहां उनके उम्दा प्रदर्शन पर उन्हें एक सादे समारोह में अंतराष्ट्रीय स्तर के बड़े उपास्थित डॉक्टरों ने सम्मानित किया है,ये देश ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।


# पारा चिकित्सा कर्मियों के आमरण अनशन का पांचवा दिन: 4 भर्ती, एक गंभीर

राष्ट्रीय खबर



रांची : झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ एवं झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले हड़ताल का 12वां दिन है। जबकि आमरण अनशन का पांचवा दिन है। अनशन पर बैठे 21 अनशनकारियों में 4 लोगों की तबीयत बिगड़ गई है। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की स्थिति गंभीर है। उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। जबकि शुगर का लेवल भी बढ़ा हुआ पाया गया है। इधर, अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के राज्य सचिव नवीन गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार का रवैया हमलोगों के प्रति उदासीन है। स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कहे जाने वाले स्वास्थय कर्मियों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस तक नहीं मिला।

अपने साथियों को ऑटो से सदर अस्पताल लेकर गए।वहीं राजभवन के समक्ष अनशन पर बैठे स्वास्थ विभाग के अनुबंध कर्मियों से मिलने के लिए जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अनशनकारियों से अनशन खत्म करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के कर्मचारीयों के प्रति सहानुभूति रखती है। विश्वास दिलाता हूं कि अनुबंध कर्मियों की मांग पर हमारी सरकार पहल करेगी। इरफान ने कहा कि मुख्यमंत्री और स्वास्थय मंत्री से मिलकर बात करेंगे। एक कमिटी बनाकर अनशन को खत्म करावएंगे। पहले मैं डॉक्टर हूं, फिर एक विधायक। इस राज्य में दोहरी नीति नहीं चलेगी।जामताड़ा के सिविल सर्जन को घसीट कर लाने के मामले पर इरफान ने सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि अस्पताल में मरीज मर रहे हैं। इलाज नहीं होने के कारण मरीज तबाह हैं। सीएस को बुलाने गया तो वो वहां पर नहीं थे। मेरा कहने का अर्थ कुछ और ही था। सीएस पहले डॉक्टर हैं। उनको अपनी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। मैं डॉक्टर के सम्मान को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता हूं। क्योंकि मैं भी एक डॉक्टर हूं। झासा के अध्यक्ष और सचिव गलत पर पर्दा डालने का काम नहीं करें।



शहर >> अपडेट

### मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन

रांची : जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया, इसके लिये सात बैंच का गठन किया गया। आज के इस लोक अदालत में कुल 19 वादों का निष्पादन किया गया एवं 18,28,847/- (अठारह लाख अठाईस हजार आठ सौ सैंतालीस) रूपयों का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### निशुल्क वेल्डिंग प्रशिक्षण 1 से

सिल्ली : सिल्ली गूंज परिवार के सौजन्य से सिल्ली स्टेडियम परिसर में इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के द्वारा आगामी 1 फरवरी से निशुल्क वेल्डिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए कहा है कि इच्छुक यूवा आगामी 29 से 30 जनवरी तक अपना आवेदन दे कर रजिस्ट्रेशन करा लें। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के तरफ से सेंट्रल गवर्नमेंट प्रमाण दिया जाएगा ।साथ ही अव्वल छात्रों को केप्पस कलेक्शन भी किया जाएगा।

### पंचायत कार्यकारिणी समिति का गठन

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड के लुपुंग पंचायत भवन में मुखिया सीमा कुमारी की अधयक्षता में वार्ड सदस्यों की बैठक हुई। सर्व सम्मति से पंचायत कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये सभी वार्ड सदस्यों को जिम्मेदारियां दी गयी। इसमें शिक्षा के लिये सुषमा, विकास कार्यों के लिये ललित महतो एवं महिला एवं शिशु विकास कार्यों के देखभाल के लिये रिंकू देवी को जिम्मेवारी सौंपी गयी। इस मौके पर मुखिया सीमा कुमारी ने सभी वार्ड सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों के निर्वहन सम्बन्धी जरूरी निर्देश दिये। इस मौके पर उप मुखिया पंचमी देवी, पंचायत सेवक नित्य रंजन समेत अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 36 मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

बोकारो : संत गुनाराम जयंती महोत्सव सोलागिडीह के नंदूवास्थान गुना राम मंदिर में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव के पावन उपलक्ष पर डॉ देवाशीष बनर्जी के टीम द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन झारखंड प्रजापति युवा मंच के सौजन्य से की गई। जिसमें 115 मरीजों का ईलाज तथा 36 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा मंच के रंजीत कुमार, शंकर प्रसाद महतो, शशि भूषण महतो, विशेश्वर महतो, बाल गोविंद प्रजापति, साधु चरण महतो, सुनील, परमानंद, राम प्रसाद, टिंकु, प्रभात, श्रवण, बादल, चीनीवास, जादु एवं सोलागिडीह के ग्रामवासी उपस्थित थे।

### विसर्जन के दौरान गिरने से युवक की मौत

कोडरमा : जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के ढाब उच्च विद्यालय में सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस में गिरने से एक 16 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। शुक्रवार के इस घटना में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक की पहचान बिपिन चौधरी पिता सहदेव चौधरी ग्राम थाम के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उक्त युवक को कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के शव का पोस्टमार्टम शनिवार को सदर अस्पताल में किए जाने के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# दो अलग-अलग घटनाओं में 5 महिला सहित 11 लोग घायल

राष्ट्रीय खबर



पेटरवार : पेटरवार थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग- अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में 11 लोग घायल हो गए। झामुमो नेता मनोहर मुर्मू ओर शक्तिधर महतो ने मानवता का परिचय दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस ओर अपनी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती कराया। सभी घायलो का इलाज चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय चौधरी ने की। एक घटना राष्ट्रीय उच्च पथ पर ओर दूसरी घटना पेटरवार- तेनु पथ पर हुई।

बताया जाता है कि पेटरवार में लगने वाले शनिचर हाट से बाजार कर एक ऑटो में सवार होकर गोला थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थित अपने घर जा रहे थे कि एन एच 23 पेटरवार- गोला मार्ग पर थाना क्षेत्र के लेपो गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में यात्रियों से भरी ऑटो पलटी खा गई जिसके कारण ऑटो पर सवार 8 लोग घायल हो गए जबकि एक बाइक सवार भी घायल हो गया। यह घटना शनिवार की अपराह्न साढ़े चार बजे की है। ऑटो पलटने से जो लोग घायल हुए उनमें मंगल हेम्ब्रम(35 वर्ष) व उसकी पत्नी अम्बावती देवी (30 वर्ष) ग्राम बूट गोडवा, हीरालाल तुरी(55 वर्ष) व गंगा देवी (40 वर्ष) मनसा नगर जारंगडीह, शांति देवी(40 वर्ष) भुइयां सगातु, देव चरण महतो (35 वर्ष) रकुवा, कुंवर देवी(55 वर्ष) रकुवा, छोटी देवी (30 वर्ष) रांची रोड तथा बाइक सवार मनोज कुमार लहरी(31 वर्ष) कसमार शामिल है। इनमें कई लोग गंभीर है। बताया जाता है कि उक्त सभी लोग एक ऑटो पर सवार होकर गोला थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जा रहे थे इसी बीच विपरीत दिशा से एक बाइक को रस्सी के सहारे टोचन कर एक ऑटो पेटरवार की ओर आ रहा था कि लेपो के पास टोचन का रस्सी टूट गया और ऑटो बाइक को बचाने के क्रम में पलटी खा गई। इसके पूर्व पेटरवार- तेनु पथ पर जगजीवन नगर के पास एक ऑटो ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी जिसके कारण बाइक सवार युवक गोबिन्द करमाली(19 वर्ष) ग्राम अच्छेया निवासी व उपेल हॉस्पिटल कर्मी रूपेश अग्रवाल(30 वर्ष) घायल हो गए। जिसमे गोबिन्द का दाहिना पैर और हाथ फ्रेक्चर कर गया है।

## संस्कार भारती द्वारा भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

बोकारो : अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा गणतंत्र दिवस आराधना के अंतर्गत भोजपुर कॉलोनी चास के रामदूत हनुमान मंदिर परिसर में भारतमाता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत के गायन से हुआ। उसके बाद रजनी पाढ़ी के निर्देशन में बच्चों द्वारा भारत माता और देश भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। रवि पाढ़ी, ऋषभ चौबे, अर्पण पाण्डेय, उत्कर्ष कुमार, उर्वशी, अरण्य, रुद्राक्षी, जिज्ञासा, त्रिपति आचार्य, रियांश, सांवी ने नृत्य प्रस्तुत किए। अंत में भारत माता की पूजन आरती किया गया। इस कार्यक्रम में बोकारो जिला संस्कार भारती के मंत्री स्वरूप शेखर पाण्डेय सहित रजनी पाढ़ी, संदीप तिवारी, स्वामी राघवेंद्र जी, विभा तिवारी, शिवदयाल, रूपक आदि उपस्थित थे। संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के साहित्य व मीडिया प्रमुख अरुण पाठक ने बताया कि संस्कार भारती द्वारा भारत माता पूजन कार्यक्रम पूरे देश भर में इस वर्ष 7 से 26 जनवरी 2023 तक किया गया।

## एनएससी द्वारा सिटी पार्क में वनभोज का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

चास : चास के रामनगर कॉलोनी स्थित एनएससी कोचिंग संस्थान के द्वारा सिटी पार्क में वनभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद विद्यार्थियों के साथ-साथ पुराने छात्र और संस्थान के कर्मचारी अपने परिवार के साथ पिकनिक में मौजूद थे। नए विद्यार्थियों के साथ नौकरी पेशा वाले छात्र भी पिकनिक में आकर खूब मौज मस्ती किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बच्चे ही राष्ट्र के निमार्ता है। यदि उत्साहित होकर पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं तो उनका सर्वांगीण विकास होता है।

शिक्षक अनंत सिन्हा ने कहा कि हमारी सारी गतिविधियां फिर से चालू हो गई है। इसी तरह से बच्चों को तनाव मुक्त रखते हुए शिक्षण देने का हमारा जो कार्यक्रम था, वह फिर से चालू हो गया। वहीं संस्थान की निदेशका नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि एनएससी के इस तरह के कार्यक्रम की काफी सराहना होती है क्योंकि इससे बच्चों का उत्साहवर्धन के साथ वे पढ़ाई के साथ-साथ जिंदादिली के साथ जिंदगी जीने की प्रेरणा पाते हैं। इस अवसर पर भगवान, द्वारिका, राकेश, आशुतोष, साकेत, रणधीर, कृष्णा, सिकंदर, राधा, संजू, रवि सिन्हा, डॉक्टर वर्मा, सुरेंद्र कुमार वर्मा आदि सपरिवार उपस्थित थे।

## पीएनबी ने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत विद्यालय को किया अलमारी भेंट



राष्ट्रीय खबर

बोकारो : पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत सेक्टर 12 स्थित आदिवासी सामाजिक संस्थान द्वारा संचालित आसस विद्यालय को एक अलमारी एवं विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। मुख्य अतिथि मंडल प्रमुख सह उप महाप्रबंधक बोकारो सुबोध कुमार, विशिष्ट अतिथि उपमंडल प्रमुख दीपक महतानी, मुख्य प्रबंधक प्रमाष चंद्र व अन्य पदाधिकारियों ने बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों का स्वागत आदिवासी रीति-रिवाज एवं हो नृत्य से किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक श्री कुमार ने कहा कि पीएनबी ने सामाजिक दायित्व को आधार बनाकर गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गयी है। जिससे बच्चों की शिक्षा में कोई भी बाधा न आए और भविष्य में नए कामयाबी को प्राप्त करें। आसस गरीब बच्चों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है।उपमंडल प्रमुख दीपक महतानी ने विद्यालय की सराहना करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी। मौके पर बैंक के अधिकारी सुबोध कुमार, रविंद्र चौधरी, सुनीता राय, आसस के संजय कुमार, अलका मुर्मू, सरोज बाला, सोनाली पुर्ती, करण कुमार, झरीलाल पात्रा आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने चोरी का किया खुलासा,एक को भेजा जेल




▶▶ टुसू मेला में खर्च होने पर किया दुकान से मोबाइल तथा रुपये की चोरी

राष्ट्रीय खबर

चांडिल : चौका थाना क्षेत्र के बड़ामटांड़-पानला रोड स्थित किशन मोबाइल स्टोर से विगत 17 जनवरी की रात को चोरी हुई थी। इस दौरान दुकान से पांच स्क्रीन टच तथा 15 कीपैड मोबाइल की चोरी की गई थी। वहीं, नकद दो तीन हजार रुपये की चोरी हुई थी। मामले का खुलासा शनिवार को चौका थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पुलिस निरीक्षक पास्कल टोप्पो ने किया। उन्होंने कहा इस मामले को लेकर चौका पुलिस द्वारा टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने चौका थाना क्षेत्र के चावलीबासा पुनर्वास कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय दीपक कालिंदी को गिरफ्तार किया है। वहीं, गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से पुलिस ने 5 स्क्रीन टच मोबाइल, 12 कीपैड मोबाइल तथा 8 चार्जर बरामद किया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए दीपक कालिंदी ने अपना जुर्म कबूल किया है। आरोपी दीपक कालिंदी ने अपने बयान में कहा कि टुसू मेला में उसके रुपये खर्च हो जाने के कारण काफी परेशानी में था।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा संपन्न

राष्ट्रीय खबर



सतगावां: प्रखंड के बासोडीह में शनिवार को भव्य भंडारे के साथ तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री गणेश शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं त्रिदिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का समापन हुआ। ज्ञात हो कि बासोडीह गणेश मंदिर में गणेश शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 25 जनवरी बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी और पूर्णाहुति 27 जनवरी शुक्रवार को शाम में हुई। जिसके बाद कथा व्यास व सहयोगी के रूप में बनारस से आये यज्ञाचार्य भोलानाथ पांडेय, सुबोध पांडेय के द्वारा आरती गाकर पुजा सम्पन्न हुआ। पूजा समाप्ति के उपरांत शनिवार 28 जनवरी को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे समस्त बासोडीह वासी के अलावे सतगावां के कई गांव के लोग भव्य भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। वृंदावन से आये प्रवचनकर्ता व्यास अनुराग कृष्णा जी महाराज के प्रवचन से लोग मंत्रमुग्ध हो गए। बीडीओ सह सीओ बैधनाथ उरांव व थाना प्रभारी आनंद कुमार साह को 51 किलो का फूलों का माला व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष भोला लाल, सुनील यादव, महेंद्र यादव, पवन वर्णवाल, संतोष वैश्कियार, अविनाश गोयल, रोहित कुमार, विकास कुमार, कृष्णकांत उर्फ फागु, अनूप वर्णवाल, आदर्श राज, अशोक प्रसाद, उमेश विश्वकर्मा, शशिकांत कुमार, कपिल चौधरी, अनिल प्रसाद, दामोदर राम, प्रवीण गुप्ता, सुनील गुप्ता, पंकज गुप्ता, धीरज कुमार, पप्पू वर्मा, जीवन कुमार, पंकज वैश्कियार, रंजीत कुमार, दीपक आरम राम, आशीष कुमार एवं समस्त ग्रामवासी व प्रखंडवासी उपस्थित थे।

>>>> न्यूज फटाफट

### सड़क दुर्घटना में घायलों को महतो ने अस्पताल भेजा

चांडिल : चांडिल थाना अंतर्गत घोड़ानेगी एन एच 33 चौक के समीप शनिवार सुबह ग्यारह बजे के करीब चांडिल गोलचक्कर से चौका की और जा रही एक पेसेन्जर टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे टेंपू सवार दो महिला गया गोप एवं जगतमानी गोप बुरी तरह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपू में कुल तीन महिला सवारी सवार थी। तीनों महिला पश्चिम बंगाल के बलरामपुर डिपूटांड के रहने वाली है। वे अपने संबंधी ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मैसड़ा निवासी घनेश्याम गोप के घर जा रही थी, इसी क्रम में दुर्घटना का शिकार हो गयी। घटना की सूचना पाकर भाजयुमो के जिला मीडिया प्रभारी आकाश महतो घटना स्थल पहुंचे तथा प्रसाशन को सूचित कर ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज हेतु एंबुलेंस से चांडिल सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भेजवाया।

### सांसद व विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



चांडिल : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृति नीमडीह प्रखंड के केतुंगा से सांगिरा तक 2.4 किमी, एन एच 32 से तनकोचा तक 3.8 किमी व एन एच 32 सामानपुर रोड से फरेंगा तक 2.6 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को सांसद संजय सेठ व विधायक सविता महतो ने विधिवत रूप से शिलापट्ट अनावरण कर किया। वही तीनों सड़क के निर्माण करीब दो करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। नए सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। मौके पर केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, नीमडीह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, भाजपा नेत्री सारथी महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक ने नवनिर्मित शेड का किया लोकार्पण

सिल्ली : सिल्ली राधा माधव आश्रम (बाउल डेरा) में गायों के लिए नवनिर्मित शेड का लोकार्पण विधायक सुदेश कुमार महतो एवं स्व कुंज बिहारी अग्रवाल की धर्म पत्नी दुर्गा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। पवन वस्त्रालय के संचालक सुमन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, पवन अग्रवाल एवं शुशील अग्रवाल ने अपने पिता स्व कुंज बिहारी अग्रवाल की स्मृति में इस शेड का निर्माण कराया है। जिसमें एक साथ 20 गायों को रखा जा सकता है। मौके पर सुमन अग्रवाल एवं परिजनों ने स्वागत करते हुए अंग वस्त्र देकर विधायक को सम्मानित किया। वहीं आश्रम परिसर में श्री श्री हरे कृष्ण नाम हट्ट संघ सिल्ली के तत्वाधान में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर आश्रम के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रकाश अग्रवाल, अमर अग्रवाल, मदन सिंघानिया, संजय अग्रवाल स्व कुंज बिहारी अग्रवाल के परिजन एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### साहियाओ का हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड के साहियाओ का हड़ताल की लगातार पांचवी भी जारी रहा। सिल्ली सहिया संघ के अध्यक्ष माधुरी देवी ने बताया कि पिछले दिनों जिला संघ के तत्वाधान में मोराबादी में विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। जहां प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने मोरहाबादी मैदान में धरनास्थल पहुंच कर आश्वासन देकर धरना खत्म करवाया था, लेकिन अब तक सरकार की ओर से हमारी मांगों को पूरा करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गयी है। इस लिए फिर से हम लोगों ने पिछले 23 जनवरी से राज्यभर में लगभग 42 हजार साहिया ने अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सुरक्षित मातृत्व, जच्चा-बच्चा की सुरक्षा, टीकाकरण अभियान, पल्स पोलियो अभियान, कुष्ठ रोगी की पहचान, फाइलेरिया एवं क्षय रोगी की पहचान कर डॉट्स दवा मरीजों को उपलब्ध कराने, गर्भवती महिलाओं का एएनसी, कैंसर कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने, सामुदायिक स्वास्थ्य बैठक कराने, सरकार की सारी स्वास्थ्य योजनाएं घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी हम सहियाओं के कंधे पर है। धरना स्थल पर सुनीता देवी ,सुलोचना देवी, विभा देवी, मंजू देवी ,आरती देवी, निशा देवी, सरला देवी समेत काफी संख्या में सहिया उपस्थित थीं।

### आयोजित हुआ जेल कैदियों का लोक अदालत

पाकुड़ : झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वधान में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लोक अदालत का आयोजन मंडल कारा पाकुड़ में की गई। लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री प्रफुल्ल कुमार ने जेल में बंद कैदियों को उनके हक,के अलावे कैसे निशुल्क अधिवक्ता दी जाती है प्ली बारगेनिंग इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। जेल अदालत में 4 कैदियों को अपने-अपने दोष शिकार करने के सुलह के आधार पर छोड़ा गया। मौके पर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री अजय कुमार गुड़िया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिल्पा मुर्मू अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल भारती जे एम श्री कमल प्रकाश जेल अदालत को सफल बनाने के लिए मजूद रहे।

### पीएलवी की मासिक बैठक सम्पन्न

रांची : रांची में डालसा के लगभग 70 कार्यरत पीएलवी के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची राकेश रंजन ने बैठक की। बैठक में उपस्थित पी.एल.वी. के किये गये कार्यों की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिये ।डालसा सचिव ने लिगल-एड-क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेण्डर के अनुसार काम करेंगे और लाभुकों को यथासंभव लाभ पहुचायेंगे। पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों का मदद करें ।अंत में सचिव राकेश रंजन ने सभी पी.एल.वी के द्वारा किये गये कार्यों का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये ।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, राकेश रंजन एवं पीएलवी अश्रृता बेक, अनिमा मलिक, ज्योत्सना गोराई, शारदा देवी, भारती देवी, बेबी देवी, जसिन्ता टोप्पो, कपिलदेव प्रसाद, ललिता देवी, लता कुमारी, मानव कुमार, मुक्तेश्वर पाहन, सिकन्दर मुण्डा, मुन्नी देवी, पम्मी देवी, पार्वती देवी, बेबी सिन्हा, राजेन्द्र महतो, अनिता देवी, रिना लिण्डा, संध्या विश्वास समेत डालसा के सभी कार्यरत पी.एल.वी. बैठक में उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में एक की मौत

तमाड़ : थाना क्षेत्र के रांची टाटा मार्ग पर टीकर मौड़ के समीप एक टेलर( जेएच 02पी-1256) और एक मोटरसाइकिल (जेएच05एक्यू-8926) के टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल पर सवार उरमाल बुरूडीह,चौका सरायकेल निवासी जागरण उरांव(35 वर्ष) की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी ।जबकि मोटरसाइकिल पर सवार अन्य दो व्यक्ति सुबोध सिंह मुंडा(19 वर्ष) व विकास मुंडा (25 वर्ष) गंभीर रूप से जख्मी हो गये। रिम्स में इलाज के दौरान सुबोध सिंह मुंडा ने भी दम तोड़ दिया ।पुलिस ने मृतक के शव व दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से प्राथमिक उपचार तमाड़ स्वास्थ्य केंद्र में कराकर बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टेलर टाटा से सिल्ली रोड़ की ओर जैसे ही मोड़ी इसी क्रम में अचानक तीन युवक मोटरसाइकिल से आकर टेलर से टक्करा गया। जिससे एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि अन्य दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये।

## शहर ›› अपडेट

### फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबेडकरनगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी पहचान लालचंद भुईयां उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय बंसी भुईयां ग्राम अंबेडकरनगर झुमरी तिलैया के रूप मे हुई है। मृतक की पत्नी ने बताया कि मानसिक रूप से ठीक नहीं रहने के कारण बीते रात 8:30 अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### छात्र -छात्राओं को किया गया सम्मानित

गोमिया : गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी मोड़ के समीप स्थित मॉडर्न एकेडमिक पब्लिक स्कूल प्रांगण में समारोह आयोजित कर प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि हजारी पंचायत की मुखिया तारामणि भोक्ता, विशिष्ट अतिथि गोमिया थाना के एस आई अनुज प्रसाद,एवं राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुखिया श्री मति भोक्ता ने कहा कि इस छेत्र में मॉडर्न एकेडमिक पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को बहुत ही कम पैसे में अच्छी शिक्षा प्रदान कर रही है।

### मांगो को लेकर सौंपा गया पत्र

**गिद्दी :** अरगड्डा वार्ड न.13 के पार्षद प्रतिनिधि रंजीत पासवान ने सीएसआर के तहत विकास संबंधी पत्र प्रबंधन को सौंपा। इसे लेकर जीएम अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडेय, एसओपी गिरीश चंद्र व अन्य अधिकारियों के समक्ष 2023- 24 में वार्ड न.13 में तीन स्थलों पर डीप बोरिंग जल मीनार ,अंबेडकर भवन व लाइब्रेरी, प्लेग्राउंड निर्माण, अरगड्डा- सिरका मुख्य सड़क कालीकरण निर्माण, कम्युनिटी हॉल मरम्मत आदि संबंधित मांग पत्र सौंपा गया है।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### नम आंखों से दी गई मां सरस्वती को विदाई

**रजरप्पा :** रजरप्पा मोड़ मायल में सियाराम क्लब के द्वारा शनिवार की शाम विद्यादायिनी मां सरस्वती को नम आंखों से विदाई दी गई। माँ सरस्वती की विदाई के दौरान सभी के आंखे नम हो गयी। भक्तजनों ने गाजे-बाजे व जयकारे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला। सरस्वती माता की जय उदघोष के साथ रजरप्पा मोड़ गूंज उठा, मूर्ति को क्षेत्र भ्रमण के बाद शती पोखर पहुंचकर मूर्ति विसर्जित की। मूर्ति विसर्जन के साथ ही सरस्वती पूजा महोत्सव संपन्न हो गया। विसर्जन के पूर्व महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाती देखी गयी। बता दें कि चितरपुर प्रखण्ड में कई जगहों में शुक्रवार को ही मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया था। मौके पर पंडित प्रकाश पांडेय, विक्की पांडेय, सुमित कुमार, अंकित कुमार, विक्रम कुमार, स्नेहा कुमारी, कसक कुमारी आदि थे।

### मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

**गिद्दी :** कोयलांचल समेत ग्रामीण इलाकों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना पुरे धूमधाम ट हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.शनिवार को सरस्वती माँ की प्रतिमा का विसर्जन बाजे गाजे के साथ किया गया. विद्यादायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा को गिद्दी ए, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा, अरगड्डा,सिरका, जीएम ऑफिस, डाड़ी, कनकी आदि जगहों के अपने क्षेत्र में शोभा यात्रा निकालकर छात्रों, नौजवानों ने पास के दामोदर नदी तालाबों पर विसर्जित किया गया। एनपीएस नीचे धौड़ा के नन्हे छात्रों ने मां शारदे की प्रतिमा साईकिल पर रखकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए नगर भ्रमण करवाया गया। सभी ने मां से विद्या, बुद्धि देने का वरदान मांगा।

# विधिक सेवा प्राधिकार के 6 बैचों का हुआ गठन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ :** झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ की ओर से प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ की अध्यक्षता में इस साल का प्रथम मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। कुल 6 बैचों का गठन किया गया। सभी बेचो से कुल 12 वादों का निष्पादन किया गया।



झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ की ओर से प्रधान जिला न्यायाधीश पाकुड़ के प्रकोष्ठ मे रेफरल जजों एवं मीडियटर के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मीडिएशन की परिभाषा गुण जुडिशल प्रोसेस में अंतर आदि के बारे में जानकारी दी गई मौके पर श्री राधा कृष्ण प्रधान न्यायधीश कुटुब न्यायालय ,श्री राकेश कुमार अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, चौधरी एहसान मोईज अपर सत्र न्यायधीश द्वितीय, श्री प्रफुल्ल कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ,श्री अजय कुमार गुड़िया अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी ,श्री कमल प्रकाश न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी तथा मेडिएटर श्री समीर कुमार मिश्रा, अंबुज वर्मा ,राजीव कुमार झा ,सुमित्रा सिंह, मोहम्मद सबीरूद्दीन ,बबलू सरकार, आनंद ओझा हरिदास मुर्मू मौजूद रहे।

### चलाया गया सघन वाहन चेकिंग

**सतगावां :** थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर शनिवार को सतगावां थाना मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। थाना प्रभारी साह के नेतृत्व में व पुलिस के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर गुजरने वाले दर्जनों दोपहिया व चारपहिया वाहनों को रुकवा कर वाहनों की जांच की गई। जांच अभियान में उक्त मार्ग पर गुजरने वाले सभी दोपहिया व चार पहिया वाहनों के जांच से संबंधित आवश्यक कागजात, हेल्मेट, ट्रिपल लोड़, सीट बेल्ट, ड्राईविंग लाइसेंस आदि की गहनता से जांच की गई। वही अधूरा कागजात व अन्य तरह से कमी वाले वाहनों को ऑन द स्पॉट चालान काटे गए। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेल्मेट लगाने तथा क्षमता से अधिक वाहनों में सवार नहीं होने, सीट बेल्ट लगा कर चलने व सड़क नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया। वाहन जांच अभियान में थाना के एएसआई निशांत अहमद, एएसआई अशोक कुमार यादव एवं जिला से टीम आई हुई थी।

## न्यूज फटाफट

### शिक्षिका सह समाजसेवी का निधन

**बेरमो :** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के पेटरवार बाजारटांड मे शनिवार को अहले सुबह पूर्व शिक्षिका सह समाजसेवी कुरैशा खातून कि देहांत की खबर फैलते ही उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लोगो का तांता लग गया। इनके अंतिम दर्शन के मौके पर समाज की भाईचारगे की अद्भुत मिशाल देखने को मिली। उनके आवास पर मुस्लिम समुदाय के लोगों के अलावे बड़ी संख्या में स्थानीय अन्य समुदायों के लोग भी मौजूद थे। इतना ही नहीं इस लोकप्रिय समाजसेवी सह शिक्षिका की निधन की खबर सुनते ही गोमिया विधानसभा के वर्तमान विधायक डॉक्टर लंबोदार महतो एवं गोमिया विधानसभा के पूर्व विधायक बबिता देवी भी मृतिका के आवास पर पहुच उनका अंतिम दर्शन किया तथा दुखी परिजनों से मिलकर उन्हें ढांस बंधाया।

### झामुमो ओरला पंचायत समिति का पुर्नगठन

**कुजू :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का मांडू प्रखंड कमेटी ने शनिवार को ओरला पंचायत समिति का पुनर्गठन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिशंकर प्रसाद और संचालन प्रखंड सचिव सुरेश चंद पटेल ने की। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में मांडू प्रखंड कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो, वासुदेव गंझू, मंगु मांझी शामिल रहे। वही, पर्यवेक्षको की मौजूदगी में ओरला पंचायत पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष उमेश करमाली, उपाध्यक्ष दिलीप करमाली, कैलाश हेम्ब्रोम व अनिल मांझी, सचिव अनिल मांझी, सहसचिव मनोज करमाली, लालदेव मांझी व टेकलाल मांझी, कोषाध्यक्ष सहदेव मांझी, मीडिया प्रभारी बबलू करमाली, कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंझू, मनोज सोरेन, बंशी करमाली व छोटन नायक शामिल रहे। मनोनीत सदस्यों को प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल समेत अन्य नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए पार्टी हित में ईमानदारी पूर्वक करने का निर्देश दिया। वही, मनोनीत सदस्यों ने भी संगठन मजबूती प्रदान करने का वायदा किया। मौके पर प्रदीप सोरेन, राजदेव महतो, वासुदेव गंझू, अभय सिंह, अनिल कुमार मांझी, रतन मांझी, बंशी करमाली, महादेव मांझी, बबलू करमाली, रोहित करमाली, सहदेव मांझी, रतन मांझी, रामकिशुन मांझी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिला एस आई से बदसलूकी मामले में दो गिरफ्तार

**गोला :** गोला थाना क्षेत्र के सोसोकलां गांव में बीती रात मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस के साथ बदसलूकी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दोनों आरोपित संजय कुमार दास व तेजनाथ महतो सोसोकलां गांव निवासी बताये गए हैं। वहीं 50-60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्रथमिकी दर्ज किया गया है। थाना कांड संख्या 8/2023 धारा 188,147,354,353,504 भादवी दर्ज किया गया है। इस संबंध में बताया जाता है कि मूर्ति विसर्जन के क्रम में डीजे पर किसी समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले नारे लगाए जा रहे थे। महिला एसआई ने लोगों से ऐसी गाने व नारे पर रोक लगाने की अपील किया। भीड़ में शामिल शरारती तत्व के लोग इस पर आक्रोश में आ गए और बिना सोंचे समझे महिला पुलिस पर बदसलूकी कर दिया। सूचना पर थाना प्रभारी सिद्धांत प्रयाप्त बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लेते हुए मूर्ति का विसर्जन कराया गया। बाद में महिला पुलिस के बदसलूकी करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजदों को गिरफ्तार किया गया।

### महिला समिति ने चलाया कंबल वितरण अभियान

पतरातु :स्वर्णरेखा महिला समिति पीवीयूएन कंबल वितरण अभियान को जारी रखते हुए समाज के जरूरतमंद और वंचित लोगों की मदद कर रही है। इस पहल के तहत स्वर्णरेखा महिला समिति ने 28 जनवरी 2023 को कल्याण गुरुकुल पतरातू की छात्राओं के बीच 40 कंबल और भोजन के पैकेट वितरित किए। सरिता झा, महासचिव (स्वर्णरेखा महिला समिति), रजनी दयाल, संयुक्त सचिव (बाल भवन) और अन्य सदस्य वितरण के लिए आगे आई। कंबल वितरण अभियान वंचितों को सर्दी से बचाने के लिए प्रतिवर्ष किया जाने वाला एक सतत अभ्यास है। यह प्यार और देखभाल की गर्मजोशी के साथ जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए पीवीयूएन लिमिटेड द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की निरंतरता में है। इस तरह की सामाजिक गतिविधियों के चलते पीवीयूएन तथा इसके तहत चलने वाले ऐसी संस्थाएं क्षेत्र में आम लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। पीवीयूएन के द्वारा गरीब और जरूरतमंदों के बीच उनके जरूरतों के सामानों की उपलब्धता के लिए क्षेत्रवासी तहे दिल से पीवीयूएन तथा ऐसी संस्थाओं का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

### मुफ्त इलाज एवं सामग्री का वितरण

मरकच्चो : प्रखंड के उत्तरी पंचायत मरकचो स्थित ग्राम पुनर्वास ओरकोसा में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय ओरकोसा के प्रांगण में स्व काली मोदी के 10वें पुण्य तिथि पर निः शुल्क इलाज शिविर लगाया गया एवं अध्ययरत छात्र छात्राओं के बीच कलम कॉपी रबड़ पेंसिल आदि का वितरण किया गया। मालूम हो पूर्व सरपंच स्वर्गीय काली मोदी ग्राम धुबडीह के 10वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र पूर्व सरपंच गोविंद शरण मोदी एवं उनके पौत्र डॉ मनोज कुमार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित कर महिला पुरुषों का इलाज कर मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। वही प्राथमिक विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को कॉपी कलाम पेंसिल रबर का वितरण किया।

# आइसक्रीम फैक्ट्री से कइयों को मिला रोजगार: चंदन कुमार



- किंग फेस्ट डायरी प्रोडक्ट नाम से आइसक्रीम बनाने वाली इस फैक्ट्री का हुआ उद्घाटन
- राकेश कुमार रोशन ने बताया कि प्लांट की मेन मशीन गुजरात मंगाई गई है, 5 लाख रुपये का निवेश

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो जिले के फुसरो पटेल नगर मे किंग फेस्ट डायरी प्रोडक्ट नाम से आइसक्रीम बनाने वाली इस फैक्ट्री का उद्घाटन गुजरात राज्य के एसबीआई के बैंक प्रबंधक चंदन कुमार ने फीता काटकर किया। यहां के एक शख्स अपने राकेश कुमार रोशन ने आइसक्रीम फैक्ट्री खोला हैं। यहां कई लोगों की रोजी-रोटी मिलेगी। इस प्लांट की मेन मशीन मुंबई से मंगाई है। फैक्ट्री की कुल लागत के बारे में राकेश कुमार रोशन ने बताया कि इसमें अब तक 5लाख रुपये लग चुके हैं।अलग-अलग काम के लिए अलग अलग मशीनें हैं। मौजूदा वक्त में फैक्ट्री में कई लोगों की रोजी रोजगार इस आइसक्रीम फैक्ट्री मे मिलेगी। कहावत है कि जहां चाह वहां राह. हालात कैसे भी हो, यदि दिल में जज्बा है तो आप रेगिस्तान में भी पानी निकाल सकते हैं।

# ब्लास्टिंग से हो रहे नुकसान सहित अन्य समस्याओं को लेकर की वार्ता

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** अरगड्डा क्षेत्र अंतर्गत रेलीगढ़ा पीओ कार्यालय में एमपीआई के लोगों को रहने के लिए उचित व्यवस्था एवं सरना स्थल में हो रहे नुकसान को लेकर परियोजना पदाधिकारी से वार्ता की गई।



20 सूत्री अध्यक्ष सह डाड़ी मुखिया लखन लाल महतो के नेतृत्व में वार्ता हुई जिसमें कई मुद्दों को उठाया गया.जिसमें कहा गया कि रेलीगढ़ा में खनन करने वाली विभाग के द्वारा उत्पादन किया जा रहा है.वह डाडी पंचायत के अंतर्गत आता है, और यहां के लोगों की परेशानी स्थानीय लोग ही समझ सकते हैं. एमपीआई के लोग कितनी पीड़ा के साथ जीवन बसर कर रहे हैं.इस परिस्थिति को देखकर कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सरना स्थल को भी हैवी ब्लास्टिंग के द्वारा काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है.प्रबंधन को खुद समझना चाहिए कि पवित्र सरना स्थल आदिवासी संस्कृति व धर्म जीवन का आधार स्तंभ है। खदान में कोयला उत्पादन के लिए होने वाला हैवी ब्लास्टिंग ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ब्लास्टिंग के साथ ही खदान से धूल का गुबार उड़ता है,जो रिहायशी इलाकों में पहुंच रहा है। हालात यह हो गए हैं कि एम पी आई के आस पास के बस्ती में भी इसका असर साफ तौर पर देखा जा रहा है.आसमान में धूल का गुब्बार छाया हुआ रहता है।वार्ता में 20 सूत्री सदस्य श्रीनाथ महतो, अजय दुबे, गोपाल वादी,प्रेम लौहर, बबलू मुंडा, साबिर मुंडा, सूरज मुंडा, सिद्धू मुंडा, रसिक मुंडा,मनोज सोय, अजय हांसदा, कुंदन भुइयां, सनी मुंडा, सनी बेदिया, मिठू राम, मनोज करमाली, डब्लू करमाली,गोपाल मुंडा, लालू मुंडा उपस्थित थे।

## श्रम नियोजन मंत्री पहुंचे हेरहंज प्रखण्ड परिसर बीडीओ से की मुलाकात

# क्षेत्र की समस्याओं से रुबरु हुए मंत्री

- विधायक प्रतिनिधि ने बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया करवाने की रखी मांग

राष्ट्रीय खबर



**हेरहंज :** श्रम नियोजन मंत्री सत्यानन्द भोक्ता देर शाम पहुंचे हेरहंज प्रखण्ड परिसर बी डी ओ प्रदीप कुमार दास से की मुलाकात।मीडियाकर्मियों ने मंत्री को कराया क्षेत्र की समस्याओं से अवगत।मीडियाकर्मियों ने श्री भोक्ता से सवाल पूछा कि आप बतलाए की सरकार के द्वारा मजदूरों को आखिर कोई भी रोजगार क्यों नही उपलब्ध कराया जा रहा है।सिर्फ मनरेगा के द्वारा टी सी बी योजना चलाई जा रही है यह योजना भी बरसाती योजना थी लेकिन समस्या ये है कि आखिर अब मजदूर क्या करेंगे।पहले लोगों को मनरेगा के तहत सिंचाई कूप निर्माण, मेड़बंदी, सड़क निर्माण इत्यादि काम मुहैया करवाया जाता था लेकिन इस वर्ष अभी तक सरकार के द्वारा कोई भी योजना जिला या प्रखण्ड को लेने का निर्देश नही जारी किया गया। जिसपर मंत्री भोक्ता ने बतलाया कि हम इन सारी समस्याओं से माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे और जल्द मजदूरों को रोजगार मुहैया करवाने का काम करेंगे।साथ ही पूछा गया कि मुख्यमंत्री सृजन रोजगार योजना का लाभ अभी तक लातेहार जिलावासियों को क्यों नही मिल पाया है कल्याण विभाग के लापरवाही के कारण लोगों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। जिसपर मंत्री ने कहा कि इसकी सूचना मुख्यमंत्री को दी जायेगी एवं लोगों को इसका लाभ प्रदान कराया जाएगा।विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग चंद्रकांत जायसवाल ने मंत्री को हॉस्पिटल की लचर व्यवस्था के बारे में एवं डॉक्टर की कमी के बारे में बतलाया एवं हेरहंज स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की मांग की जिसपर श्री भोक्ता ने आश्वस्त किया कि मैं कैबिनेट में जल्द इसका प्रस्ताव रखूंगा एवं जल्द से जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दिलाऊंगा जिससे यहाँ के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मिल सके।साथ ही प्रतिनिधि ने पातम डातम जलप्रपात को विकसित करने की मांग रखी।

# थाना परिसर में वाहन से मछलियों की लूट

राष्ट्रीय खबर

**गिरिडीह :** माल वाहक के चालक ने थाना परिसर में उसके वाहन से लाखों रुपए की मछलियों के लूट लिए जाने के संबंध में जिले के पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिनांक 26/01/2023 को बंगाल के निमतो से दस क्विंटल 36 किलोग्राम मछलियां पिक अप वैन नंबर बीआर 06जीई 9308 पर लादकर बिहार के मोतिहारी ले जाया जा रहा था। लेकिन दुर्घटनावश वाहन रास्ते में पलट गई। जिससे सड़क पर गिरे कुछ मछलियों को आसपास के लोगों ने लूट लिया। आवेदन में लिखा कि बाद में करीब 8 क्विंटल बची मछलियों से लदे वाहन को थाना ले जाया गया, लेकिन चालक द्वारा पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने कहा कि वाहन में लदी सभी मछलियों को लूट लिया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए वाहन चालक जितेंद्र यादव, पुत्र रामचंद्र यादव, साकिन हरसिद्धि,



थाना हरसिद्धि, जिला मोतिहारी, बिहार ने बताया कि घटना गिरिडीह जिले में डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 19 पर कुलगो टोल प्लाजा के पास की है।चालक ने बताया कि उसने घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को देते हुए लिखा कि 27 जनवरी सुबह 7 बजे डुमरी टोल प्लाजा के पास मछलियां लदे वाहन लेकर पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से बचने हेतु गाड़ी मोड़ दिया, इसी क्रम में पिकअप वैन पलट गया, जिसमें कुछ मछली रोड पर गिर गए तो वहां लोगों द्वारा लगभग 200 किलोग्राम मछली लूट लिया गया।

# विस्थापित कॉलोनी का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

- बिजली,पानी आदि समस्याओं को लेकर किया जायजा डीएवी मोड़ से
- लेकर विस्थापित कॉलोनी तक बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने की कही बात

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** गिद्दी ए विस्थापित कॉलोनी दोतल्ला का अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु पांडेय द्वारा निरीक्षण किया गया. महाप्रबंधक द्वारा कॉलोनी में बिजली, सड़क, पेयजल आदि की समस्या का गहराई से अवलोकन किया गया. विस्थापित कॉलोनी की समस्याओं को सैनाथ गंझू ० अन्य लोगों द्वारा महाप्रबन्धक के पास रखा गया था.जिसमें मुख्य रूप से पानी और बिजली को पूरी तरह से दुरुस्त




कराने की बात कही गयी थी.महाप्रबंधक श्री पांडेय ने पूर्व में आपूर्ति किए जाने वाले पाइप लाइन को देखा जो पूरी तरह से खराब पड़ा है.डीएवी मोड़ से लेकर विस्थापित कॉलोनी तक बिजली व्यवस्था का भी जायजा लिया गया.इस संबंध में महाप्रबंधक ने डीएवी मोड़ से विस्थापित कॉलोनी तक बिजली और पानी की व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया.इस मौके पर पीओ ए एन सिंह, सैनाथ गंझू, प्रकाश महली, सुनील गंझू, पवन बेसरा,ईश्वर महली आदि लोग मौजूद थे।










# पानी रे पानी तेरा रंग कैसा .. ... ..



रजत कुमार गुप्ता

पानी को रंग बदलते देखने का सबसे उत्तम समय यही चुनावी मौका होता है। किसी को वाशिंग मशीन में जाकर खुद को पाक साफ साबित करने का यह खुला ऑफर है। यह अलग बात है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की वजह से अब इस वाशिंग मशीन की गुणवत्ता शायद फेल हो रही है। वरना बेचारे अडाणी को चैनलों को इंटरब्यू देकर सफाई नहीं देना पड़ता। अब सफाई देने के बाद ही अमेरिकी फर्म की रिपोर्ट ने फिर से पानी का रंग बदल दिया है।

अब पानी पर भी बवाल होने लगा है। यूं ही गली मोहल्लों में पानी को लेकर महाभारत भारत में आम बात है क्योंकि लोगों को जरूरत के मुताबिक कम पानी मिलता है तो वे पानी पी पीकर सरकार को कोसने लगते हैं। इसी में किसी ने लाइन से हटकर बाल्टी लगा दी या पानी गिरा दिया तो झगड़ा शुरू। इसके अलावा कई बार राज्यों के बीच भी पानी को लेकर तनातनी हो जाती है। इस बार पानी का विवाद अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश हो रही है। दरअसल हुआ यह है कि भारत ने सितंबर 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। सरकारी सूत्र के मुताबिक, पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को अक्षरशः लागू करने का भारत दृढ़ समर्थक व जिम्मेदार साझेदार रहा है। पाकिस्तान की कार्रवाइयों ने सिंधु जल संधि के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, भारत को इसमें संशोधन के लिए उचित नोटिस जारी करने के लिए मजबूर किया। भारत ने सितंबर 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। सिंधु जल के लिए संबंधित आयुक्तों के माध्यम से 25 जनवरी को नोटिस दिया गया। अब नोटिस जारी होने के बाद पाकिस्तान की सत्ता फिर से अपनी परेशानियां का ठिकरा भारत के माथे फोड़ने की पुरानी चाल चलने लगे हैं। अब पाकिस्तान में अगर आटा महंगा है, उसकी मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा है तो इसका पानी के साथ क्या रिश्ता है, यह तो कोई पाकिस्तानी विशेषज्ञ ही बता सकता है। वैसे मेरी समझ में पाकिस्तान की सत्ता ही दरअसल भारत विरोध पर टिकी होती है। इसलिए बिना भारत की बुराई किये वहां शायद राजनीतिक लोकप्रियता हासिल नहीं की जा सकती। शिक्षा के अभाव में वहां की जनता भी काफी हद तक भारतीय अंधभक्तों की श्रेणी में है जो हर बुराई के लिए भारत को ही जिम्मेदार मानते हैं पर यह स्वीकार नहीं करते कि अजमल कसाव जैसे लोग तो पाकिस्तान से ही हथियार लेकर भारत आते हैं।



इसी बात पर 1972 में बनी फिल्म शोर का एक गीत याद आ रहा है। इस गीत को लिखा था इंदरजीत सिंह तुलसी ने और संगीत में ढाला था लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने। इस गीत को लता मंगेशकर और मुकेश ने अपना स्वर दिया था। इसे मनोज कुमार और जया भादुड़ी पर फिल्माया गया था। गीत के बोल इस तरह हैं।

*पानी रे पानी तेरा रंग कैसा*
*जिसमें मिला दो लगे उस जैसा*
*पानी रे पानी ओ पानी पानी रे पानी..*
*इस दुनिया में जीने वाले*
*ऐसे भी हैं जीते रूखी सूखी खाते हैं*
*और ठंडा पानी पीते*
*तेरे एक ही घूँट में मिलता जन्नत का आराम*
*पानी रे पानी तेरा रंग कैसा*
*भूखे की भूख और प्यास जैसा*
*पानी रे पानी ओ पानी पानी रे पानी..*
*गंगा से जब मिले तो बनता*
*गंगाजल तू पावन*
*बादल से तू मिले तो रिमझिम बरसे सावन*
*सावन आया सावन आया रिमझिम बरसे पानी*
*आग ओढ़कर आग पहनकर पिघली जाए जवानी*
*कहीं पे देखो छत टपकती जीना हुआ हराम*
*पानी रे पानी तेरा रंग कैसा*
*दुनिया बनाने वाले रब जैसा*
*पानी रे पानी ओ पानी पानी रे पानी..*
*वैसे तो हर रंग में तेरा*
*जलवा रंग जमाए*
*जब तू फिरे उम्मीदों पर तेरा रंग समझ ना आए*
*कली खिले तो झट आ जाए पतझड़ का पैगाम*
*पानी रे पानी तेरा रंग कैसा*
*सौ साल जीने की उम्मीदों जैसा*
*ओ पानी.. पानी रे पानी तेरा रंग कैसा*
*जिसमें मिला दो लगे उस जैसा*
*पानी रे पानी ओ पानी पानी रे पानी..*

इसलिए पानी का रंग कैसा होता है, यह तय कर पाना वाकई कठिन है। भारत में भी चुनावी मौके पर किसका पानी चढ़ता और किसका उतरता है, इससे भी पानी का रंग दिखता है। किसी का चमकीला तो किसी का मटमैला। फिर से चुनावी सुगबुगाहट के बीच ही बेचारे गौतम अडाणी लगता है कि दो पाटों के बीच पिस गये हैं। उन्हें अमेरिका संस्थान की रिपोर्ट से पहले ही राहुल गांधी ने संदेह के घेरे में ला खड़ा कर दिया था। अब रिपोर्ट आने के बाद मजबूरी में सेबी को भी उनकी सारी कंपनियों का हिसाब किताब देखने पर मजबूर होना पड़ा है। हो सकता है कि अभी तुरंत उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो क्योंकि सत्ता उनके अनुकूल है। लेकिन हमें सहारा के इतिहास को भा याद कर लेना चाहिए। कभी प्रवल प्रतापी सुब्रत राय के दरबार में हर किस्म के नग नजर आते थे। आज बेचारे कर्ज चुकाने से ज्यादा सरकारी नोटिसों का उत्तर देते देते परेशान हैं।

पानी को रंग बदलते देखने का सबसे उत्तम समय यही चुनावी मौका होता है। किसी को वाशिंग मशीन में जाकर खुद को पाक साफ साबित करने का यह खुला ऑफर है। यह अलग बात है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की वजह से अब इस वाशिंग मशीन की गुणवत्ता शायद फेल हो रही है। वरना बेचारे अडाणी को चैनलों को इंटरब्यू देकर सफाई नहीं देना पड़ता। अब सफाई देने के बाद ही अमेरिकी फर्म की रिपोर्ट ने फिर से पानी का रंग बदल दिया है।

# एक प्यारी सी प्रेम कहानी

चार साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद, अथिया शेट्टी ने आखिरकार अपने प्यार, क्रिकेटर केएल राहुल से शादी कर ली। इस जोड़ी ने 23 जनवरी को सुनील शेट्टी के खंडाला फार्महाउस में शादी रचाई। यह एक सिंपल समारोह था जिसमें केवल परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों ने भाग लिया। अथिया ने आज, 28 जनवरी को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी प्री-वेडिंग रस्मों की नई तस्वीरें साझा कीं। केएल राहुल और अथिया कथित तौर पर 2019 से एक-दूसरे को जानते हैं। अथिया शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर जो नई प्री-वेडिंग रस्म की तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वह गुलाबी पल्लू और सुनहरे बॉर्डर वाली प्लेन ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने इसे गुलाबी ब्लाउज के ऊपर पहना है। अथिया ने अपने बालों को बन में बांध रखा है और उनका मेकअप भी शानदार है। हम उन्हें एक भारी हार और झुमका पहने हुए देख सकते हैं। अथिया के हाथ में मेहंदी लगी हुई है। रस्मों के दौरान एक्ट्रेस शरमाती नजर आ रही हैं।

### अभिनेत्री ने अपने हल्दी समारोह से तस्वीरें साझा कीं

तस्वीरों में से एक में, युगल हंसते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि वे हल्दी में लिपटे हुए हैं। एक और खूबसूरत तस्वीर है जहां अथिया भाई अहान के चेहरे पर हल्दी लगा रही है।



केएल राहुल और अथिया शेट्टी ने आखिरकार शादी कर ली है। चार साल से अधिक समय तक डेटिंग करने के बाद, वे आखिरकार अपने रिश्ते को दूसरे पायदान पर ले गए। उनकी शादी गुपचुप तरीके से हुई थी, जिसमें सब कुछ छुपा कर रखा गया था और मेहमानों को फोन न लाने की नीति का पालन करना था। अब अथिया ने शादीशुदा जोड़े के तौर पर अपनी पहली तस्वीर शेयर की है। उन्होंने पैप्स के लिए पोज भी दिए।अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल को लेते हुए, अभिनेत्री ने लिखा, आपके प्रकाश में, मैं प्यार करना सीखती हूं। आभार और प्यार से भरे दिल के साथ, हम इस एकजुटता की यात्रा पर आपका आशीर्वाद चाहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने फेयरीटेल वेडिंग की कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं।

**एक प्यारी सी प्रेम कहानी**

अथिया शेट्टी की केएल राहुल से मुलाकात 2019 में एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। कथित तौर पर दोनों दोस्त बन गए। सोशल मीडिया पर अपनी प्यारी तस्वीरें पोस्ट करने के बाद उनके प्रेम संबंध की अफवाहें इंटरनेट पर जंगल की आग की तरह फैल गईं। अथिया और राहुल ने अपने रिश्ते को इंस्टाग्राम पर आधिकारिक बना लिया है, लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने निजी जीवन के बारे में खुलकर बात नहीं की है।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, अथिया शेट्टी को आखिरी बार 2019 की फिल्म मोतीचूर चकनाचूर में देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम किया था। अभिनेत्री ने 2015 की हीरो में सूरज पंचोली के साथ हीरो के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की। अथिया अर्जुन कपूर अभिनीत मुबारकां का भी हिस्सा थीं।

# देश का विकास जारी है .. ..

>> व्यंग्य >> गोपाल चतुर्वेदी

हमारे घर के सामने की सड़क खोद दी गई है। बिजली के खंबे धराशायी हो चुके हैं। नाली की सफाई चल रही है यानी उसकी गंदगी बाहर है और आस-पास का कूड़ा अंदर। ठेकेदार के कर्मचारी विध्वंस में व्यस्त हैं। पतलून-बुश्शर्ट और धूप का चश्मा चढ़ाए एक सरकारी निरीक्षक पेड़ की छाँव के नीचे कुरसी पर विराजमान इस विनाश का जायजा ले रहे हैं। पूरे महल्ले का बिजली-पानी बंद है। घर से हमें पत्नी ने इस संकट के कारण और निदान खोजने बाहर ठेल दिया है। हम सरकार से संपर्क का साहस जुटा रहे हैं।

इसके पहले एक बार हमारा सरकार से साबका पड़ चुका है। किसी स्कूटर चालक को एक ट्रक सामान्य-सा 'हैलो' कहकर हवा से बातें करता गुजर गया। एक सहयोगी स्कूटर चालक के नाते हमने अपना दो-पहिया रोका और तत्काल जाकर पहले दिखे पुलिसवाले को इस दुर्घटना की खबर की। सिपाही लगन और निष्ठा से एक खोमचेवाले पर डंडा चलाने की रियाज कर रहा था। उसे अपने कार्यक्रम में हमारा खलल अच्छा नहीं लगा। उसने अपनी रियाज जारी रखी और गुरार्या, 'खामोशी से खड़े रहो। देखते नहीं, मैं 'बिजी' हूँ।' हमने गुजारिश की 'घायल की जान का सवाल है।' हमें लगा कि डंडा चलाने की वर्जिश से वरदीवाले के हाथ थक गए हैं। वह पसीना-पसीना हो रहा है। हमारे मन में आशंका हुई कि कहीं इस कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी को दिल का दौरा न पड़ जाए। यकायक पिटते खोमचेवाले ने, 'गलती हो गई हुजूर' की हाँक लगाई। डंडा रुका। उसने जेब से कुछ मुड़े नोटों-से वैसे वरदी की आरती उतारी, 'इस बार माफ कर दें सरकार। आगे से कभी चूक नहीं होगी।'

सिपाही ने सिद्ध किया कि उसके भी दिल है। उसमें नोट देखकर दया हिलोरें लेती है। उसने कृपा कर खोमचेवाले के सौजन्य से मिठाई खाई। पानी पिया। फिर उसे हमारा ध्यान आया, 'तुम अब भी यहाँ हो। चलो।' वह हमारे स्कूटर पर सवार होकर दुर्घटनास्थल पहुँचा। उस बेहोश आदमी के पास तब तक दर्शकों की भीड़ जमा हो चुकी थी। हम जब गए थे तो उसका 'हेलमेट' उसके सिर की शोभा बढ़ा रहा था। उसका 'ब्रीफकेस' उसके पास बंद पड़ा था। अब 'हैलमेट'



गायब था और 'ब्रीफकेस' खुला। भारत दर्शकों का देश है। हम क्रिकेट से लेकर दुर्घटना तक गंभीरता और चाव से देखते हैं। हमें खुशी हुई कि किसी दर्शक ने दर्शन ही नहीं किए बल्कि दुर्घटना के हादसे में अपना व्यक्तिगत योगदान भी दिया है। सिपाही स्कूटर से उतरा। उसने अपना जादुई बेंत हवा में हिलाकर दर्शकों को भगाया। बेहोश स्कूटरवाले के ऊपर झूककर उसका निरीक्षण किया और प्रमाण पत्र दिया, 'साँस आ रही है।' उसने रुख हमारी ओर कर जाँच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई, 'टक्कर मारकर और पैसे पार कर हमें खबर करने चले आए।' हमने गिड़गिड़ाकर ट्रक की टक्कर का आँखों देखा हाल सुनाया। उसने डपटकर ट्रक का नंबर जानना चाहा। हमने नंबर न नोट करने की विवशता बताई। उसने थाने चलने का आदेश दिया। अपनी रूह फाख़्ता हो गई। हमारे कई परिचितों की मान्यता है कि भारतीय थाने निर्दोष नागरिकों के 'यंत्रणा केंद्र' और अपराधियों के 'शरण-स्थल' हैं। सिपाही भाई के डंडे के कमाल के हम प्रत्यक्षदर्शी गवाह थे। थाने ले जाकर कहीं इसका इरादा अपना वही हाल करने का न हो। हमने उससे थाने न ले जाने की प्रार्थना की। उसने जिज्ञासा जताई, ₹माल है?₹ हमने जेब खाली कर दी। स्कूटर 'स्टार्ट' किया और घर आकर दम लिया। इस हादसे के बाद से अपने को अक्ल आ गई है। हम भी दर्शकों की जमात में शामिल हो गए हैं। हमने सरकार से, जहाँ तक संभव हो, दूर रहने का निश्चय कर लिया है। हमने खुलासा किया, 'हमारा अभिप्राय बिजली-पानी का न रहना, नाली-सड़क की खुदाई और खंबों के गिराए जाने से है।''

'आपके बाकी 'सब' का तो हमें पता नहीं है। नाली की सफाई से हमारा वास्ता है। हम नहीं चाहते हैं कि नालियाँ नदी-नाले बनकर बारिश में आपको सताए।

।'बस थोड़े धैर्य और धीरज की जरूरत है। विकास ऊपर से नीचे आ रहा है। सरकार में हर स्तर पर आ चुका है। जनता तक भी आ ही जाएगा।

# कन्या पूजक समाज में 'दरिंदों' की भरमार



निर्मल रानी

भारत शायद दुनिया का इकलौता ऐसा देश है जहां कन्याओं व महिलाओं का सबसे अधिक गुणगान किया जाता है। यहां तक कि 'कन्या पूजन' की रीति भी केवल हमारे देश में ही है। हमारी पौराणिक कथाओं में अनेक देवियों की मौजूदगी भी इसी बात का संकेत है कि केवल पुरुष ही देवता नहीं बल्कि महिलायें भी देवियां हो सकती हैं। प्राचीन व मध्ययुगीन इतिहास से लेकर आज तक अवसर मिलने पर महिलाओं ने अनेकानेक क्षेत्रों में अपना लोहा मनवाया है।परन्तु दूसरा कड़वा सच यह भी है कि इसी भारतीय समाज के लोगों ने ही इसी नारी को जितना छला है,उसका जितना शोषण किया है,उसके साथ छल-बल,कपट,मक्कारी की है व उसे मात्र शारीरिक शोषण व हवस का शिकार बनाने की कोशिशें होती रही हैं। नारी शोषण की इसतरह की 'कारगुजारियां' केवल अनपढ़ अज्ञानी समाज द्वारा नहीं की जातीं बल्कि इस में प्रायः स्वयं को सम्मानित व प्रबुद्ध कहे जाने वाले लोग भी शामिल पाये जाते हैं।

अलीगढ़ के समीप एक रेल टिकट निरीक्षक द्वारा पिछले दिनों पहले तो एक महिला को उसके दो साल के बच्चे के साथ हमदर्दी दशार्ते हुये उसे प्रथम श्रेणी के वातानुकूलित डिब्बे की केबिन में सुरक्षा व एकांत के नाम पर बिठाया गया। फिर उसी रेल टिकट निरीक्षक द्वारा अपने एक साथी के साथ मिलकर उसी महिला के साथ चलती ट्रेन में सामूहिक बलात्कार किया गया। ऐसी घटनायें केवल बलात्कार मात्र नहीं होतीं बल्कि ऐसी घटनाओं में बलात्कार जैसे घिनौने अपराध के साथ साथ भरोसे और विश्वास का भी 'कत्ल' होता है।

यहां इंसान के जेहन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या भविष्य में जब कभी कोई रेल टिकट निरीक्षक सीट उपलब्ध कराने के नाम पर किसी महिला के साथ हमदर्दी दिखाये तो उसे भरोसा करना चाहिए या नहीं। हमारे देश में ऐसे अपराधों की सूची बहुत लंबी है जबकि किसी पुलिस स्टेशन में दारोगा या सिपाहियों द्वारा किसी महिला के साथ बलात्कार किया गया या इसकी कोशिश की गयी। कार्यालयों में वरिष्ठों द्वारा अपनी कनिष्ठ महिला कर्मियों पर बुरी नजर रखना,ढोंगी गुरूओं द्वारा अपनी शिष्याओं के साथ या शिष्यों की बहन बेटियों के साथ कभी उन्हें बहला फुसलाकर यौन सम्बन्ध स्थापित करना तो कभी उनका बलात्कार करना, अनेक नेताओं व अधिकारियों द्वारा दुष्कर्म में सम्मिलित होना जैसी बातें दुर्भाग्यवश हमारे देश की एक हकीकत बन चुकी है।

गत दिनों फतेहाबाद के 'जलेबी बाबा' के नाम से कुख्यात एक साधूवेशधारी का नाम उस समय सुर्खियों में आया जबकि अदालत ने उसे एक नाबालिग बच्ची से दो बार बलात्कार करने के जुर्म में 14 वर्ष की सजा सुनाई।भगवाधारी ह्यजलेबी बाबा ह्य पर 120 महिलाओं के साथ बलात्कार करने का भी आरोप है। धर्म का चोला ओढ़े यह पाखंडी चाय में नशीली सामग्री मिलाकर पहले तो महिलाओं को बेहोश करता फिर नशे की हालत में उनसे बलात्कार कर उनकी वीडीओ बनाता। फिर इसी वीडीओ के बल पर महिलाओं को ब्लैकमेल करता व उनका शारीरिक शोषण करता। इसतरह के दर्जनों दुराचारी बलात्कारी बाबा व नेता आज भी जेल की सलाखों के पीछे हैं।

इसी तरह इन दिनों भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध कई महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला सुर्खियां बटोर रहा है। खेल मंत्रालय ने इस मामले की जांच के लिये मशहूर मुक्केबाज मैरी कॉम के नेतृत्व में एक जांच कमेटी गठित की है। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़नके दोषी हैं या नहीं यह तो जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट में बतायेगी परन्तु इस कहावत को भी कैसे नजर अंदाज किया जा सकता है कि ह्यबिना आग के धुआं नहीं उठता। ह्य इसी प्रकरण में जब एक पहलवान विनेश फोगाट ने जब यह कहा कि 'यदि मैं मुंह खोलूंगी तो भूचाल आ जायेगा। ' इसके जवाब में बृजभूषण शरण सिंह के इस बयान की भी अनदेखी नहीं की जा सकती जिसमें उन्होंने कहा था कि- 'अगर मैं मुंह खोल दूँगा तो सुनामी आ जाएगी।' अब जरा भूचाल और सुनामी जैसे शब्दों व उनके सन्दर्भों पर गौर करें तो पता चलेगा कि यह सब किसी नारियों की इस्मत और आबरू को तार तार करने वाले ही 'गुप्त कोड ' हैं।

इसी प्रकार गत दिनों हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह को मंत्री पद केवल इसीलिये त्यागना पड़ा क्योंकि उनके विरुद्ध एक महिला कोच ने छेड़ छाड़ की शिकायत की थी। संदीप सिंह के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी भी दर्ज हो गयी है। हालांकि संदीप सिंह ने भी अपना इस्तीफा देते समय स्वयं को बेगुनाह बताते हुये वही कहा कि - 'मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। मुझे उम्मीद है कि मुझ पर लगाए गए झूठे आरोपों की गहन जांच होगी। ' परन्तु यहां भी वही प्रश्न, कि क्या 'बिना आग के भी धुआं उठ सकता है ? संदीप सिंह और बृजभूषण शरण सिंह केवल आरोपी हैं या दोषी भी, इसका फैसला भी जल्द होगा। परन्तु जहां तक अपने को बेगुनाह बताने का प्रश्न है खासकर महिला शोषण या यौन उत्पीड़न को लेकर तो ऐसी घटनाओं के पिछले अनुभव तो यही बता रहे हैं कि आज तक किसी भी साधुवेश या सफेदपोश दरिंदे ने अपनी दरिन्दिगी तब भी नहीं स्वीकार की जबकि उसे सुबूतों व गवाहों के बयान के आधार पर बलात्कारी मानते हुये अदालत द्वारा सजा सुना दी गयी। ऐसे ही जेल काटने वाले ढोंगी व बलात्कारी बाबाओं के अंधभक्त तो सजा निर्धारित होने के बावजूद अभी भी अपने ह्यगॉड फादर्स ह्य को बेगुनाह और साजिश का शिकार बताते आ रहे हैं।

बड़े आश्चर्य व दुर्भाग्य की बात है कि कहां तो हम स्वयं को विश्व गुरु बता कर गौरवान्वित महसूस करते हैं, संस्कारी,चरित्रवान,जनहितैषी यहाँ तक कि 'विश्व का कल्याण हो ' जैसी विश्व बंधुत्व आधारित शिक्षा हमें आरतियों के बाद सुबह शाम दी जाती है। धर्म की जीत व अधर्म के नाश का जयघोष किया जाता है दूसरी और यह सभी 'जयघोष ' हमें उस समय केवल पाखण्ड भी नजर आने लगते हैं जब हम इसी कन्या पूजक समाज में ह्यदरिंदोंह्न की भरमार देखते हैं।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के घुटियाटांड कॉलोनी में सरस्वती पूजा के अवसर डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिप-हाप, पापिग,कथक, बालीवुड आदि गानों पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। यहा विजेता आदविक तिवारी सहित दर्जनो बच्चो को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आए हुए लोगो ने आयोजित प्रतियोगिता की प्रशंसा की।

## सिटी अपडेट्स >>

### महिला सशक्तिकरण के लिए स्वरोजगार से जुड़ना जरूरी

**बेरमो :** डॉक्टर रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन शास्त्रीनगर फुसरो के तत्वाधान मे शनिवार को करगली बाजार स्थित नावा खाली दुर्गा मंडप परिसर मे महिलाओ को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु कार्यक्रम आयोजित की गई। संस्था के संस्थापक डॉक्टर उषा सिंह ने उद्देश्यों को बताते हुए स्वरोजगार से जुड़कर आगे निरंतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्ति पर जोर दिया। सुमन कुमारी ने नारी शक्ति को प्रेरित करने वाली प्रेरक बातें कही। मनोरमा और जिन्नत ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति का बखान करते हुए उनकी प्रशंसा किए। कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाएं शामिल हुए। मौके पर विकल देवी,कुन्ती देवी,बबली देवी,रेखा देवी,यशोदा देवी,चैताली सरकार, बबीता सिंह, सुनीता देवी,मजीदा खातून, सुधा देवी, लक्ष्मण मिश्रा सुशील अग्रवाल, समीर कुमार, जवाहर साव आदि महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एक शाम गणतंत्र दिवस के नाम मुशायरा

जमशेदपुर : साहित्यिक संस्था 'अदबी मंच' के तत्वावधान में जाकिरनगर मदर्स होम स्कूल प्रांगण मे 'एक शाम गणतंत्र दिवस के नाम मुशायरा' का आयोजन प्रो.सैयद शमीम अहमद मदनी की अध्यक्षता मे किया गया। मुशायरा के मुख्य अतिथि अल कबीर पॉलिटेक्निक कालेज के प्राचार्य प्रो.वारिस सरवर इमाम व सम्मानित अतिथि हाजी मंजर अमीन थे। मुशायरे का संचालन प्रो.जावेद अख्तर अंसारी ने किया। इस मुशायरे मे लौहनगरी के उर्दू के शायरो व हिंदी कविगण शरीक हुए अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रेताओं को मंत्रमुग्ध किया। संचालन के निमंत्रण पर शायर नजीर अहमद नजीर ने अपनी रचना 'इस के पहले के कोई कलाम करें , परचम हिन्द को सलाम करें' पेश किया। इस मुशायरा व कवि सम्मेलन मे चार कवित्रियों की शिरकत विशेष थी। उन सभी कवित्रियों ने अपनी सुंदर स्वर मे अपनी सुंदर रचना प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवित्री एकता सिन्हा ने 'जो मेरे साथ चल के देखेंगे , अपने पहलू बदल के देखेंग' पेश किया। कवित्री लता प्रियदर्शनी की रचना मे बड़ी जान थी 'इस बड़े शहर मे तहजीब कहां ढूंड़ोगे , अब घराने नही होते मकान होते हैं'। कवित्री शोभा किरण इनायत ने कहा 'दर्द मे डूब कर होगी जब शायरी , लफ्ज हर एक दिल मे उतर जाएगा'। कवित्री सध्या सिन्हा सूफी ने बड़ी पते की बात कहि 'चूमती है जो पढ़ के कदमों को , ये जमीं आसमां से कम तो नही'। इस मुशायरे मे असर भागलपुरी , अजय महताब , संजय सोलेमन , साबिर नवादवी , संतोश चौधरी , महशर हबीबी , कृष्णा आजमगढ़ी , मुश्ताक अहजन , अशोक शुभ दर्शी , गौहर अजीज , रिजवान औरंगाबादी , बद्र आलम खलिश , प्रो.अहमद बद्र आदि शायरों ने भी अपनी खूबसूरत रचना प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन शाकिर अजीमाबादी ने किया। इस मौके पर मोबिनुल हक अंसारी , सलीम अख्तर , फैयाज खान , फखरुद्दीन अंसारी , नबील मोहम्मद , सरवरी मुमताज , डा. कुलसुम नाज , अशफाक आलम सहित काफी संख्या मे साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

महायज्ञ

## सदर विधायक ने कराया कलश यात्रा की शुरूआत

# कलश यात्रा के साथ ठाकुर बाड़ी में हुआ श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आगाज

- मंडप प्रवेश पूजन जिसके पश्चात श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हुआ

**राष्टीय खबर**



**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी मे शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आगाज भव्य कलश यात्रा से हुआ। शुरू हुआ महायज्ञ आगामी 3 फरवरी तक चलेगा। प्रथम दिन सुबह 7:00 बजे ठाकुरबाड़ी से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो कि शहर के विभिन्न चौक- चौराहों से गुजरते हुए पुनः ठाकुरबाड़ी आकर समाप्त हुई। इस भव्य कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल उपस्थित हुए और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रियों को कलश देकर रवाना करया। कलश यात्रा के जल भरक ठाकुरबाडी वापस आने के पश्चात वेदी पूजन, मंडप प्रवेश पूजन जिसके पश्चात श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हुआ। वहीं 29 तारीख से 3 तारीख तक प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से वेदी पूजन, वही दोपहर 2 बजे से 5 बजें तक भागवत परायण पाठ किया जायेगा। भव्य कलश यात्रा में करीब 100 से भी अधिक महिलाएं शामिल हुई। शनिवार के दीपक खंडेलवाली (खुटेटा) एवं उनकी धर्पपत्नी मीनू खंडेलवाल (खुटेटा) पूजा के यजमान रहें ।

मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि ऐसे धर्म, आस्था और आध्यात्मिक केंद्र में उपस्थित होकर मन तृप्त हो जाता है। उन्होंने ईश्वर से क्षेत्र और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की । अचार्य अखिल रंजन पाण्डेय (वाराणसी) के द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया जा रहा है वहीं गायीका रितु कुमारी, शुभेदु मिश्रा, पाणीनी मिश्रा अंकिता राय और सियाराम म्यूजिकल ग्रुप से सत्येंद्र मिश्रा ने धार्मिक गीतों की प्रस्तुति भी दी ।कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में बनाने में दीपक खंडेलवाल (खुटेटा) एवं उनकी धर्मपत्नी मीनू खंडेलवाल (खुटेटा), कार्यक्रम के संयोजक मनोज पाण्डेय पूजारी, आनन्द पाण्डेय पुजारी, धनंजय पाण्डेय पुजारी, पूजा प्रभारी आशुतोष पाण्डेय जी,निवेदक महंत विजयानन्द दास, विशेष सहयोगी पंकज कुमार सिंहा, दिपक शंकर निशांत बरियार, सोनु वमा,पारुल जी का सहयोग रहा।

## मुंबई में नव झारखंड फाउंडेशन और

# माँ सरस्वती फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से मनाया सरस्वती पूजा



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग माया नगरी मुम्बई के मीरा रोड में नव झारखंड फाउंडेशन एंव माँ सरस्वती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सभी झारखंडवासी ने एक होकर मनाया सरस्वती पूजा। कार्यक्रम का प्रारंभ 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा तोलन कर किया गया। वंही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माँ सरस्वती की पूजा सम्पन्न हुआ।।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीरा रोड विधायक गीता जैन , भारतीय जनता पार्टी के मीरा भयंदर के जिला अध्यक्ष रवि ब्यास, एंव नगर सेवक विजय राय नीला सोन , महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता स्वेता शालिनी एंव प्राची पाटिल जी का आगमन हुआ। विशिष्ट अतिथि विशाल भगत, भारतीय जनता पार्टी के झारखंड सेल के अध्यक्ष ठाकुर मनोज सिंह सनातन शाह, विजय प्रसाद, ब्रह्मदेव प्रजाति, नूपुर गुप्ता, सुमन रजक, नव झारखंड फाउंडेशन के धनबाद जिला अध्यक्ष संजय महतो, विनय राणा, रामु शर्मा, झरी पंडित, शंकर कुशवाहा , जनक राणा, गोविंद यादव, बबिता साह, विनोद अभय तिवारी, रसीद खान, बसंत यादव, सुनील कुमार सिंह, साथ ही वडाला से अध्यक्ष संजय राणा , कपिल राणा, वीरेंद्र राणा, सीता राम राणा , जितेंद्र राणा, , उपस्थित हुए। नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने सभी को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएँ दी । साथ ही कहा नव झारखंड फाउंडेशन हमेशा सामाजिक कर्यो में तातपर्य रहती है, सभी झारखंडियों को एक मंच के साथ एकता में बांधने का कार्य करती है।

# बीएमसी एवम पीआरआई सदस्यों को जैव विविधता का मिला प्रशिक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

**इचाक :** जैव विविधता अधिनियम कानून की जानकारी को लेकर जन जागरण केंद्र के द्वारा पंचायत भवन परासी इचाक में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रबंधन समिति के बीएमसी एवम पीआरआई सदस्यों को दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षक प्रदीप कुमार ,अगस्त कुमार शर्मा एवम जितेंद्र कुमार ने जल, जमीन एवम जंगल का संरक्षण करने और व्यवसायिक उपयोग समेत जैव विविधता से संबंधित लोगों को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण में कुरहा प्रदीप मेहता, पुराना इचाक सुरेंद्र राम,परासी रेखा देवी, कारीमाटी संजय मेहता एवम हदारी पंचायत की विभिन्न गांव से आए सदस्य महिलाओं ने भाग लिया।

# हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने पेश की साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल

- लोगों के द्वारा भाईचारगी की अनूठी मिशाल पेश की गई
- दोनो समुदाय के लोग मिलकर हमेशा चंदा कर सहयोग करते रहे है

**राष्टीय खबर**

**दारू :** दारू प्रखंड के कबलासी पंचायत में सरस्वती पूजा के दौरान हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा भाईचारगी की अनूठी मिशाल पेश की गई। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कबलासी में हर वर्ष सरस्वती पूजा दोनो समुदाय के लोगों के सहयोग से होती रही है पर इस वर्ष विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण देव ने पूजा के दिन बताया कि इस वर्ष सरस्वती पूजा मूर्ति स्थापित कर नहीं होगी। तदोपरान्त मुखिया पति राजेश प्रसाद,अफजल अंसारी,अकबर अंसारी, गौरव मिश्रा,पप्पू साव, मनोज गिरी,चौधरी राणा, अजय गिरी, गणेश गिरी ने मिलकर तुरंत देवकुली से माता की प्रतिमा लाकर विधिवत रूप से पूजा कराई।इस दौरान दोनो समुदाय के लोगों ने मिलकर पूजा में सहयोग किया। गांव के लोगों ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष प्रतिमा रखकर पूजा होती है जिसमे दोनो समुदाय के लोग मिलकर हमेशा चंदा कर सहयोग करते रहे है। इस वर्ष पूजा नही होने की खबर सुनकर दुख हुआ जिस कारण सब लोगों ने मिलकर आनन फानन में पूजा की ब्यवस्था की। कबलासी के लोगों द्वारा इस तरह की हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करने की चर्चा पूरे प्रखंड में हो रही है और लोग इसकी सराहना कर रहे है। माता की प्रतिमा को शनिवार की शाम को विसर्जित कर दिया गया।

# अचला सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य पूजा का आयोजन



**राष्टीय खबर**

**पीरटांड़ :** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ गिरिडीह जिला की ओर से पीरटांड़ प्रखंड खुखरा थाना क्षेत्र के मिश्रडीह खुखरा निवासी पंडित पंकज कुमार शास्त्री के आवास पर अचला सप्तमी के शुभ अवसर पर सामूहिक सूर्य पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में नीरज कुमार मिश्रा एवं पुरोहित पंकज कुमार शास्त्री थे । कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वस्तिवाचन पूर्वक गौरी गणेश पूजन, कलश स्थापन, पंचदेव पूजन, नवग्रह पूजन, षोडश मातृका पूजन, एवं प्रधान देव सूर्यनारायण पूजन किया गया । वही सामूहिक रूप से भगवान की आरती उतारी गई एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया । प्रसाद वितरण के साथ भोज का भी आयोजन किया गया । क्रम में अन्य लोगों के अलावे सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष एस चंद्रा, खुखरा पंचायत समिति के सदस्य केशव कुमार पाठक, वासुदेव मिश्र, जगन्नाथ मिश्र ,धीरज कुमार मिश्र, पुरुषोत्तम कुमार मिश्र, अदिति कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे ।

निर्माण

## छह गांवों के समन्वय से मंगुरा में दुर्गा मंडा के भव्य निर्माण की रखी गई आधारशिला

# मंदिर सकारात्मक विचारों का घर है

- निचली जमुवारी के समन्वय से आधारशिला रखी गई
- वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन कर मंदिर की नीव रखी गई

**राष्ट्रीय खबर**



**इचाक :** इचाक प्रखंड के मंगुरा स्थित महावीर स्थान में सार्वजनिक दुर्गा मंडा निर्माण समिति के तत्वावधान में शनिवार को मां दुर्गा के भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला मंगुरा, मोक्तमा, करियातपुर, फुरुका, जमुवारी और निचली जमुवारी के समन्वय से आधारशिला रखी गई। आचार्य निवास पाण्डेय के विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन कर मंदिर की नीव रखी गई। पूजा अनुष्ठान में मुख्य पुजारी कमलेश कुमार मेहता, बिरेंद्र कुमार शर्मा, हितनारायण मेहता, केवल मेहता, मेघलाल ठाकुर, राजो मेहता, राजेंद्र रवि सपत्नीक शामिल हुए। पूजा के उपरांत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नागेश्वर मेहता और संचालन समिति के सचिव महेश कुमार मेहता ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया गया। संरक्षक रामलखन मेहता और सुनील मेहता ने अतिथियों को स्वागत सम्बोधन किया। मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने मंदिर निर्माण में भूमिदाताओं और समिति के कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि मंदिर सकारात्मक विचारों को जन्म देनेवाला एक ऐसा धार्मिक स्थल है। जहां से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। विशिष्ठ अतिथि विधायक अमित कुमार यादव कहा कि कई कालखंडों से इचाक मंदिर तालाब और बाग बगीचों के लिए विख्यात रहा है। भव्य मंदिरों के होने से आस्था ही नहीं रोजगार को भी बढ़ावा मिलता है। मंगुरा में भव्य मंदिर का निर्माण होने से इचाक-बरकट्ठा रोड टेंपल कॉरिडोर के रुप में जाना जायेगा। इस रोड से पर्यटक नेशनल पार्क, इचाक के ऐतिहासिक मंदिर, मंगुरा स्थित मां दुर्गा मंदिर, पुनाई स्थित संकट मोचन मंदिर और सूर्यकुण्ड का भ्रमण एक साथ कर सकेंगे। उन्होनें मंदिर परिसर में पेयजल, शौचालय और पीडब्ल्यूडी रोड से मंदिर के मुख्य द्वार तक फेवर ब्लॉक देने की घोषणा की।

## न्यूज फटाफट

### गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया



**चरही :** चरही शुक्रवार को चुरचू प्रखण्ड के इंदरा पंचायत के वार्ड 7 कोदवा टांड़ स्थित विद्यालय के प्रांगण में चिंतपूर्णी स्टील प्लांट लिमिटेड के सौजन्य से ग्राम संघर्ष समिति इंदरा के अध्यक्ष-नागेश्वर महतो, सचिव-तस्लीम अंसारी, कोषाध्यक्ष कैलाश प्रसाद, और चिंतपूर्णी स्टील प्लांट के पीआरओ मैनेजर पी.एम सिंह के नेतृत्व में इंदरा पंचायत के सभी 12 वार्डो के गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 300 कंबल लोगों में वितरण की गई । इस मौके पर मुख्य अतिथि इंदरा पंचायत के मुखिया श्रीमती राधिका देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बाल कुमार महतो और पूर्व मुखिया दशरथ महतो के अलावा उपमुखिया बिनोद महतो, उमासंकर ठाकुर,नागेश्वर महतो, चंद्र भुइयाँ, वार्ड सदस्य इदरीस अंसारी, चमेली कुमारी, जितेश्वरी देवी, शीतल टुडू, कुलदीप कुमार महतो, सुकरी रजवार, आसमा खातून, समद रजा, गुलंचों देवी, संगीता देवी और सभी वार्डो के सम्मानित अतिथि उपस्थित थे।

### 45 टन अवैध कोयला लदे वाहनों को किया जब्त किया



**हजारीबाग :** हजारीबाग वन गस्ती दल हजारीबाग द्वारा सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार के नेतृत्व में बड़कागांव-चरही के जंगलों से कोयला निकलने की गुप्त के आधार पर 45 टन कोयला लदे रात भर हजारीबाग के आसपास गस्ती किया गया। इस दौरान कोनार पुल के पास अवैध कोयला परिवहन किया जाने वाले ओमनी वैन, एक सवारी गाड़ी और एक 14 चक्का ट्रक । सहायक वन रक्षक अविनाश कुमार परमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला की सूचना मिली थी। जो गस्ती लगाकर रात भर हजारीबाग शहरी क्षेत्र कोनार पुल के समीप 45 टन अवैध कोयला लगे गाड़ी को किया किया गिरफ्तार वही रात्रि का फायदा उठाकर ड्राइवर खलासी हो गए फरार।

### माताजी आश्रम अब नये रूप में

**जमशेदपूर :** सन 1938 को भगवान रामकृष्ण देव जी के मंत्र शिष्या महान साधिका श्रीश्री योगेश्वरी आनंदमयी माताजी ने 4.15 एकड़ में स्थित माताजी आश्रम की प्रतिष्ठा की थी। माताजी आश्रम का जमीन दान किया है चाईबासा के अतुलानी हुई,आशुतोष हुई और उनके परिवार ने। उस समय खपड़ा के घर में भगवान रामकृष्ण देव,माँ सारदा देवी और स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिकृति को रखकर योगेश्वरी माँ ने आश्रम की स्थापना की थी और पूजा सेवा प्रारंभ की थी। सन 1958 में योगेश्वरी माँ का देहांत हुआ। 1958 से उनकी सन्यासिनी शिष्या रानुमा ने आश्रम की द्वितीय माताजी बनी। रानुमा का देहांत 1985 हुआ। 1985 से रानुमा की मंत्र शिष्या सुनीति माँ ने आश्रम की तृतीय माताजी बनी। सुनीति माँ का देहांत 11नवंबर 2018 में हुई। उसके बाद आश्रम का भक्त तपन मंडल ने करीब 5 महीने तकबआश्रम का देख रेख और सेवा किया। मार्च 2019 में पंडित सुधांशु मिश्र उनके धर्म पत्नी बकुल मिश्र के साथ आश्रम में रहने लगे और आश्रम का देखरेख और पूजा सेवा करने लगे। इसी बीच 2020 में अचानक ठाकुर घर गिर गया। आश्रम के ट्रस्टी,कमिटी और भक्तजनों का बैठक बुलाई गई। बैठक में ब्लू स्कोप से मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया लेकिन प्रभु रामकृष्ण की इच्छा दूसरी थी इसलिए भक्तजनो के अंदर मंदिर बनाने की प्रेरणा दी। 20 नवंबर 2020 को रामकृष्ण मंदिर की भूमि पूजन हुआ और एक सप्ताह बाद मंदिर निर्माण का काम भी शुरू हो गया। मंदिर के लिए भिच्छाटन काम भी तेजी से होने लगा। चारो तरफ से सहयोग आने लगा। देखते देखते भगवान रामकृष्ण देव की असीम कृपा से,योगेश्वरी माँ, रानुमा और सुनीति माँ का आशीर्वाद से और दाता दानी तथा भक्तजनों के अपार सहयोग से 25 लाख का भव्य मंदिर दिसम्बर 2021 में अर्थात एक साल के अंदर बनकर तैयार हो गया। यह माताजी आश्रम परिवार के लिए अलौकिक और परम गर्व की बात है। कोरोना काल में और जीरो फण्ड में इतना बड़ा मंदिर बनना केवल प्रभु रामकृष्ण की कृपा से ही संभव है। इस रामकृष्ण मंदिर के लिए हमे 84 साल तक इंतजार करना पड़ा। माताजी आश्रम में रामकृष्ण मंदिर बनने का अर्थ आश्रम का नया कलेवर होना। रामकृष्ण मंदिर के साथ साथ नाट मंदिर, दो स्टोर रूम,दो अतिथि भवन का भी निर्माण किया गया है। इसके अलावे हॉल घर,हरि मंदिर,शिव मंदिर और योगेश्वरी माँ का समाधि मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया गया है।

### मोर्चा का 6 सूत्री मांगों को लेकर धरना जारी



**चरही :** चरही इस धरना की अध्यक्षता बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो एवं संचालन रामकुमार टुडू ने किया। इस धरना में उपस्थित रोशनी देवी शक्ति देवी समाजसेवी गुलाम रब्बानी कुसुम देवी राय मूर्ति देवी संपत महतो विजय मांझी बिनोद मांझी दिल्लू महतो चेतू मांझी टिकु मांझी संदीप टुडू राजेंद्र सोरेन सोनाराम मांझी रामजी महतो विनोद कुमार केसरी गुलजार अंसारी बिरसा टुडू संकर सिंह भोगत्र किशोर कुमार इस सभा में उपस्थित थे। सभा में मुखिया जी ने प्रबंधन एवं प्रशासन को कड़ी चुनौती देते हुए कहा कि सेल संचालन चालू किया जाए नहीं तो विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा । इसका जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन एवं प्रशासन होगा । इस सभा में गुलाम रब्बानी जी ने साफ शब्दों में कहा कि यहां के विस्थापित प्रभावित गरीब मजदूरों का पेट में लात मारने का जो काम किया है वह से बाहर है। कभी भी यहां के ग्रामीण लोग उग्र रूप धारण करेंगे ।शंकर सिंह भोक्ता ने कहा जितना जल्दी हो सके संचालन को चालू किया जाए। यहां की जनता भूखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं। भूखा क्या नहीं करता। पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी ने कहीं यहां यहां महिलाओं का अब अधिकार छीना गया है मैं शक्ति देवी अपना शक्ति कभी भी दिखा सकती हूं। लीलावती देवी ने कही की यहां का जो जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन जो लीला कर रही है मैं उसको कभी बर्दाशत नहीं कर सकती। महिला नेत्री रोशनी देवी ने कहीं की हम विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बेरोजगार गरीब दबे कुचले का जो रोजगार छीना जा रहा है एवं शोषण किया जा रहा हैं ।

### 4.19 करोड़ लागत से दो योजनाओं का किया शिलान्यास

**दारू :** दारू सांसद जयंत सिन्हा ने दारू प्रखंड में 4.19 करोड़ लागत से दो योजनाओ का शिलान्यास किया। सांसद ने जिला खनिज मद से महेशरा +2 उच्च विद्यालय में 2.98 करोड़ की लागत से परिसर की चारदीवारी, लाइब्रेरी व कंप्यूटर भवन आदि योजनाओ का शिलान्यास जिला पार्षद गीता देवी के व नारियल फोड़कर किया। राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय दारू बालक में सांसद ने 1.21 करोड़ की लागत से चारदीवारी व भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान महेशरा में लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की द्वारा खनिज मद की कल्पना साकार हुई। इस मद से पूरे क्षेत्र में विद्यालयों की चारदीवारी, भवन व विद्यालय के विकाश में खर्च किया जा रहा है। दारू प्रखंड में इस मद से जल्द ही कई योजनाओ का शिलान्यास किया जाएगा।सांसद ने दोनो योजनाओं के ठीकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, सदर विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू,बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि बसंत सिंह, इंद्रदेव कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, आशीष सिंह,जगदीश महतो,राजन सिन्हा,सुरेश साव, रौशन सिन्हा,प्रधानाध्यपक प्रेम प्रकाश, नंदकिशोर,बजरंग सहाय सहित मौजूद थे।

# विकास की नई इबारत लिखेगा उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र : सीएम

- मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन बूढ़ा पहाड़ जाने वाले बने पहले मुख्यमंत्री, 100 करोड़ रुपए के बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ
- मुख्यमंत्री ने 5 करोड़ 2 लाख 79 हजार 939 रुपए लागत की कुल 175 योजनाओं की सौगात दी
- मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच 1 करोड 25 लाख 81 हजार 303 रुपए की बांटी परिसंपत्ति
- मुख्यमंत्री बोले, वन उत्पादों का एमएसपी तय होगा, सरकार करेगी खरीदारी
- मुख्यमंत्री ने कहा- हर गांव में खुलेगी दवा दुकान, संचालकों को ऑनलाइन डॉक्टरों की मिलेगी सेवा
- बूढ़ा पहाड़ में अब गोलियों की तड़तड़ाहट नहीं, विकास की गूंज सुनाई देगी
- भटके हुए नौजवान मुख्यधारा में लौटे, सरकार की योजनाओं का लें लाभ

राष्ट्रीय खबर

**बूढ़ा पहाड़।** नई उम्मीदों और आशाओं से भरा आज का दिन। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के अथक प्रयासों का नतीजा है कि अति उग्रवाद प्रभावित यह दूरस्थ तथा दुर्गम क्षेत्र अब मुख्यधारा से जुड़कर विकास की नई इबारत लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने नक्सलियों के गढ़ में पहुंचकर बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट (इढऊढ) का शुभारंभ किया। इस प्रोजेक्ट के तहत एक सौ करोड़ रुपए से इस क्षेत्र में सभी मूलभूत जरूरी अनिवार्य और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले के टेहरी पंचायत के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में अब गोलियों की तड़तड़ाहट नहीं विकास की गूंज सुनाई देगी ।




### ऐसा खुशनुमा माहौल पहली बार देखने को मिल रहा

मुख्यमंत्री ने बूढ़ा पहाड़ में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी यह इलाका माओवादियों के खौफ का गवाह था। पूरे इलाके को माओवादियों ने अपने कब्जे में कर रखा था ।

लेकिन, हमारे सुरक्षाबलों ने माओवादियों को कड़ी चुनौती देते हुए पूरे क्षेत्र को नक्सल मुक्त करा लिया है। आज हम सभी यहां एकत्रित हुए हैं और विकास की एक नई शुरूआत करने जा रहे हैं। शायद पहली बार यहां ऐसा खुशनुमा माहौल देखने को मिल रहा है । आने वाले दिनों में यह इलाका भी विकास के मामले में मील का पत्थर साबित होगा।

### मुख्यधारा में लौटे भटके हुए नौजवान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस भी वजह से नौजवानों ने भटकाव की राह पकड़ी हो। उनसे मेरा कहना है कि वे मुख्यधारा में वापस आएं। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा से भटकना किसी समस्या का समाधान नहीं है मुख्यधारा में रहकर ही आप बेहतर और सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

### बंदूक का साथ छोड़े, सरकार के साथ जुड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंदूक के बल पर आप कुछ देर के लिए डर और खौफ का माहौल तो पैदा कर सकते हैं, लेकिन यह ना तो आप के हित में है और ना ही समाज के। आप बंदूक का साथ छोड़ें और सरकार के साथ जुड़े। सरकार आज आपके द्वार आ कर आपको योजनाओं से आच्छादित करने का काम कर रही है। इन योजनाओं से जुड़कर मान सम्मान और स्वाभिमान से जीने का रास्ता चुनें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार के पास मुख्यधारा से भटके हुए लोगों के समर्पण हेतु बेहतर पॉलिसी है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार उनके विकास के लिए सरकार की योजनाओं से लाभान्वित तो कराती ही है साथ ही उनके परिवार के साथ रहने के लिए ओपन जेल और उनके बच्चों के पढ़ाई के लिए भी पूरी व्यवस्था कर रही है।

### आपको सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर तबके और वर्ग के विकास के लिए सरकार ने योजनाएं बनाई हैं। आपकी आशाओं और उम्मीदों के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। आप इन योजनाओं का लाभ लें। इन योजनाओं के जरिए आप इतना सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनें कि आपको कभी भी सरकार से राशन और अनुदान लेने की जरूरत नहीं पड़े।

### यहां की महिलाएं बखूबी निभा रही अपनी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समाज में बदलाव आ रहा है। पुरुष और महिलाएं किसी भी मायने में एक- दूसरे से कम नहीं है । कई मायनों में तो पुरुष से अधिक महिलाएं जागरूक होकर कार्य कर रहीं है। सरकार से सहायता प्राप्त कर ट्रैक्टर और सवारी गाड़ी लेकर उन्हें भाड़े पर देकर मुनाफा कमा रहीं है और अपने परिवार का उत्थान कर रहीं है।

### वन उत्पादों का तय किया जाएगा एमएसपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन उत्पादों को बढ़ावा देने की सरकार ने योजना बनाई है। इसके तहत वन उत्पादों का एमएसपी तय किया जाएगा, ताकि इस पर आश्रित ग्रामीणों को वन उपजों का वाजिब मूल्य मिल सके। सरकार इन वन उत्पादों को खरीदेगी।

### हर गांव में दवा दुकान खोलने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर गांव में एक दवा दुकान खोलने का काम करने जा रही है। इन दवा दुकानों को खोलने के लिए इंटर तक पढ़े लोगों को भी लाइसेंस मिल सकेगा । साथ ही इन दवा दुकानों को मोबाइल के जरिए सरकारी डॉक्टर से जोड़ा जाएगा, जहां 24 घंटे ऑनलाइन सेवा मिल सकेगी ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कई पूर्वजों ने जल- जंगल- जमीन के संरक्षण के लिए अपने प्राण तक कुर्बान कर दिए थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन ने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए आदिवासियों को एकत्रित कर लंबा संघर्ष किया था। कई आंदोलनकारियों ने अपनी शहादत दे दी थी। उन्होंने कोने कोने में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया । इस हेतु तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने उन्हें सम्मानित भी किया था। आज हमे अपने पूर्वजों के सपनो के अनुरूप झारखंड का नव निर्माण करना है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लोक अदालत में 78 मामले का निस्तारण

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 78 मामले का निस्तारण किया गया ।वहीं 23 लाख 75 हजार 600 रुपये का मामला सेटल हुआ। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नव पीठो का गठन किया गया था । पीठ संख्या दो मे 31 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में 32 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या सात में 14 मामले का निस्तारण किया गया। व पीठ संख्या 8 में एक मामले का निस्तारण किया गया । वही पीठ संख्या एक, चार,पांच ,छह,व नव में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। विद्युत विभाग को दो लाख 34 हजार रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई ।उत्पाद विभाग को 23 हजार 100 ,वन विभाग को एक लाख 49 हजार रेलवे को 12 हजार 600 राजस्व प्राप्त हुआ।

### खिलाई जाएगी मलेरिया का दवाइ

**पेटरवार :** पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार के सभागार में शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एक बैठक की गई। बैठक में प्रखंड के कोह, सदमा कला ओर उत्तासारा कलस्टर के सभी सहिया एवं सहिया साथी मौजूद रहे। फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सहिया ओर सहिय साथी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय चौधरी ने बताया कि जिले भर में एम डी ए -23 कार्यक्रम आगामी 10 से 25 फरवरी तक मनाया जाएगा। जिसके तहत दिनांक 10 फरवरी को बूथ पर एवं 11 से 25 फरवरी तक डोर टू डोर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान ट्रेन के धक्के से युवक की मौत



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम मायापुर निवासी ललन मिस्त्री के पुत्र गोविंद मिस्त्री उम्र 27 वर्ष की मौत मूर्ति विसर्जन के दौरान ट्रेन से धक्का लगने की वजह से हो गई।

इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि गोविंद शुक्रवार की शाम अपने घर के पास रेलवे क्रॉसिंग क्रॉस कर मूर्ति विसर्जन करने गया था। इस बीच मूर्ति विसर्जन कर उधर से लौटने के दौरान ट्रेन से धक्का लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलने पर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने घर ले गए। इसके बाद इस घटना की जानकारी रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नेमधारी रजक मृतक के घर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। मेदिनीनगर में पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## आजाद चौक पर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा लगाऐगी युवा वाहिनी : संतोष



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने शुक्रवार को देर शाम अपने निजी कोष से रेड़मा चौक पर चंद्रशेखर आजाद चौक का लाईटनुमा होडिंग्स लगाया।

इस दौरान युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू)ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी आजाद चौक पर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा लगाऐगी। उन्होंने कहा की आजाद चौक के सौंदर्यीकरण के लिए युवा वाहिनी सदैव तत्पर रहती है।और अभी तक बगैर सरकारी मदद के होडिंगस लगाने का कार्य करती रही है जबकि यह जिम्मेदारी नगरनिगम की बनती है। मालूम हो की तीन वर्ष पूर्व नगरनिगम द्वारा रेड़मा चौक का चंद्रशेखर आजाद चौक के रुप में नामांकित किया गया था लेकिन निगम के द्वारा इस के बाद इस चौक के सुंदरीकरण पर कोई ध्यान नही दिया गया है। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा पूर्व में भी लाईटनुमा होडिंगस लगाया गया था जो की जिर्णशिर्ण हो गया था।

युवा वाहिनी की नयी कमेटी ने तत्काल इस पर पहल करते हुए इसे बनाने का निर्णय लिया और इसे अमलीजामा पहनाते हुए होडिंग्स लगाया।इस दौरान युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य बिजू बाबा,पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,प्रमंडलीय संरक्षक अजय शुक्ला ,सतीश तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, जिला संरक्षक गोल्डी शुक्ला , जिलाध्यक्ष विकास दूबे, जिला उपाध्यक्ष कौशल किशोर शुक्ला,जिला के सह कोषाध्यक्ष आनंद प्रकाश दूबे,विक्कू शुक्ला सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### जनता का राशन लूटने में व्यस्त हैं दुकानदार:रेणु

**नावाबाजार :** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख रेणु देवी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पलामू में फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया के गोदाम प्रबन्धकों से लेकर जन वितरण प्रणाली के अधिसंख्य दुकानदार तक जनता के हिस्से का राशन लूटने में व्यस्त हैं,वहीं शासन-प्रशासन में बैठे अधिकारी मूकदर्शक बनकर लूटेरों का सहयोग कर रहे हैं। जारी बयान में पूर्व प्रमुख ने कहा है कि पिछले 2022 में पलामू की जनता के हिस्से का 1681 क्विंटल चावल और 255 क्विंटल गेहूं एफसीआई के गोदाम प्रबन्धकों ने गायब कर दिया,और जिला प्रशासन मूकदर्शक बना रहा,वहीं पलामू के विभिन्न पंचायतों में जन वितरण प्रणाली के अधिसंख्य दुकानदार जनता के हिस्से का राशन हड़पने में लगे हैं,जो निंदनीय है। बयान में उन्होंने कहा है कि कल नावाबाजार प्रखण्ड के रबदा ग्राम पंचायत के बाना ग्राम के राशन लाभूकों के साथ अमन स्वयं सहायता समूह के ज०वि०प्र० के दुकानदार ने दलित-मुस्लिम समाज के महिलाओं के साथ ना केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि राशन तौलकर पर्ची निकालने के बाद प्रति यूनिट 5 कि०ग्रा० राशन निकालकर कहीं भी जाने पर देख लेने की धमकी दी।






















## अनुमंडल मैदान में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

- विधायक ने स्वस्थ राजनीति का दिया परिचय
- खेल राजनीतिक व सांस्कृतिक आयोजन में मंच होगा उपयोगी: विधायक



राष्ट्रीय खबर

**हुसैनाबाद, पलामू:** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद की जनता, राजनीतिक दल के नेताओ, कलाकारों व खेल प्रेमियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर अनुमंडल मैदान में सांस्कृतिक मंच निर्माण का तोहफा दिया है। मंच निर्माण कार्य का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मंच का निर्माण सात लाख रुपए की लागत से किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि पुराना मंच पूरी तरह जर्जर हो जाने से राष्ट्रीय राज्य स्तर के नेताओं के कार्यक्रम में राजनीतिक दल के लोगों को काफी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी आयोजको को परेशानी उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के सभी लोगों का दायित्व उनके उपर है। उन्होंने सभी की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए भव्य और सुंदर मंच निर्माण कराने का निर्णय लिया।जिससे बाहर से आने वाले नेता, कलाकार या खिलाड़ी यहां से अच्छा संदेश लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि सबका प्यार और सबका साथ उन्ही को मिलता है जो सबके विकास की बात करते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, विजय राजवंशी, विनय पासवान, मनदीप राम, ओमप्रकाश राजवंशी, हाजी अब्बास अंसारी,हंसराज सिंह ,चंदन सिंह,योगेंद्र कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, अभिषेक सिंह हरी, गोरख पासवान, राजकुमार ठाकुर, पप्पू सिंह,के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया मंडल सम्मेलन



राष्ट्रीय खबर

**छत्तरपुर (पलामू) :** छत्तरपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा छतरपुर खंड के खाटीन ग्राम में शनिवार को मंडल सम्मेलन किया गया जिसमें चार पंचायत छतरपुर, मसीहानी, बारा, कचनपुर के स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद पन्नू यादव उपस्थित हुए। सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं परिचय खंड कार्यवाह चंदन कुमार ने कराया। भारत मां की आरती एवं पुष्पार्चन के बाद बौद्धिककर्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख नवीन कुमार सहाय ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है इस हेतु संघ का प्रत्यक्ष दर्शन ग्रामीण क्षेत्रों में होना सुनिश्चित किया है। जिससे सामाजिक समरसता सनातन संस्कृति एवं राष्ट्रीयता की भावना हम कैसे बलवीत कर सकें, यह आज के परिवेश में महत्वपूर्ण है संघ शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में व्यक्ति निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की भावना बलवित होती है । इस मंडल सम्मेलन में सह खंड कार्यवाह पप्पू बजरंग दल के सोनू एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं समाज की सज्जन शक्तियां महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित हुए।

## उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अलका रानी, बीपीओ शत्रुधन कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी रूपलाल दास व जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में



मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, जन सेवक, ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम में स्वयं सेवी संगठन प्रदान से आये सरस गांधी ओर पंचायती राज बोकारो से आये मास्टर ट्रेनर प्रकाश चंद्र झा ने वर्ष 2023- 24 के लिए सबकी योजना सबका विकास कैसे हो पर पूरी जानकारी जनप्रतिनिधियों ओर कर्मियों को विस्तारपूर्वक दिया ताकि पंचायत का सर्वांगीण विकास हो सके। बताया गया कि एक साल के लिए योजनाओं का चयन करें और उसी थीम पर कार्य करे तो निश्चित रूप से पंचायत का विकास होगा।

### मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई

**गुवा :** गुवा के विभिन्न क्षेत्रों में धूम -धाम के साथ की गई मां सरस्वती की पूजा अर्चना। इस दौरान मां सरस्वती की पूजा अर्चना में छोटे-छोटे बच्चे साड़ी पहनकर स्कूलों में पूजा अर्चना करते देखा गया। वहीं गुवा के विभिन्न स्कूलों, गुवा बाजार, कल्याण नगर, कैलाश नगर, रेलवे मार्केट, बिरसानगर टू सहित अन्य जगहों पर भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां विद्यादायिनी को पुष्पांजलि अर्पित कर धूप,दीप जलाकर मन्नत मांगी। इस दौरान 108 बेल पत्ता से हवन की गई। इस अवसर पर सेल गुवा मुख्य महाप्रबंधक विपीन कु गिरी एवं स्मिता गिरी खास तौर से कई लोगों के साथ उपस्थित थे। सेल गुवा मुख्य महाप्रबंधक विपीन कु गिरी ने इस अवसर पर जन कल्याण की कामना करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के दिन विद्या, वाणी और कला की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन को सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म में सरस्वती पूजा के दिन बच्चों की शिक्षा या अक्षर ज्ञान शुरू करने की परंपरा है। इसके पीछे एक पौराणिक मान्यता भी है। पूजा संम्पन्न होने के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वही कल्याण नगर में खिचड़ी भोग वितरण किया गया। इस दौरान गुवा के कई पूजा पंडालों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विदित हो कि पिछले दो वर्षों के बाद एकसाथ भक्ति भाव से मां विद्यादायिनी सरस्वती की पूजा की गई है।

# उपायुक्त ने दिया अवैध खनन, अवैध परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश

▶▶ जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त श्री वरुण रंजन व पुलिस अधीक्षक श्री एच.पी जनार्दनन की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई

▶▶ अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करे

▶▶ उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को एक- एक एफआईआर का कंप्लीट इन्वेस्टिगेशन करने का दिया निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त वरुण रंजन एवं पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दनन की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। उपायुक्त वरुण रंजन ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करतें हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वालो पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जो लोग अवैध रूप से चेकपोस्ट पर गाड़ी पास करा रहे हैं, उनलोगों पर भी सख्त कार्रवाई करें। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। आवश्यकता के अनुरूप गांव स्तर पर सूचना तंत्र भी मजबूत करने को कहा। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ओवरलोडिंग में डब्लूपीडीसीएल और बीजीआर को 1 करोड़ 8 लाख का पेनाल्टी लगाया है।

बैठक के दौरान उपायुक्त वरूण रंजन ने जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को निदेशित किया कि सभी आपसी समन्व्य स्थापित कर अवैध खनन, गाड़ियों द्वारा अवैध ढुलाई पर अंकुश लगाने हेतु टीम वर्क के रूप में कार्य करें, ताकि त्वरित व उचित धाराओं के साथ कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार गर्ग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, महेशपुर एसडीपीओ नवनीत हेंब्रम, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप साह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम, माइनिंग इंस्पेक्टर पिन्टु कुमार, सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### कैदियों को दी गई कानूनी सलाह

**पाकुड़:** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वधान में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लोक अदालत का आयोजन मंडल कारा पाकुड़ में की गई। लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री प्रफुल्ल कुमार ने जेल में बंद कैदियों को उनके हक,के अलावे कैसे निशुल्क अधिवक्ता दी जाती है प्ली बारगेनिंग इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### पेंशनर समाज कार्यालय में हुआ झंडोत्तोलन

**कोडरमा:** जिला मुख्यालय स्थित पेंशनर समाज कार्यालय में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर रामनरेश चौधरी समेत पेंशनर समाज के कई सदस्य मौजूद थे। इस दौरान तिरंगे को सलामी भी दी गई।

### उपायुक्त ने सदर अस्पताल में फल बांटे

**कोडरमा:** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन सदर अस्पताल पहुंचे। वहां उपायुक्त ने मरीजों से बात चीत की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा भर्ती सभी मरीजों को आयुष्मान कार्ड और फल का वितरण किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज व अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, सिविल सर्जन डा अनिल कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रभारी ने किया झंडोतोलन

**झुमरीतिलैया:** ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) अस्पताल के प्रभारी डॉ.अनंत कुमार ने अस्पताल परिसर में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस देश का राष्ट्रीय पर्व है 26 जनवरी को ही भारत में संविधान लागू किया था। मौके पर डा.बी रानी, डा. प्रेम हाजरा, मीरा राय, रुकमणी देवी, बिरेन्द्र सिन्हा, संतोष कुमार, विक्रम कुमार, रोहित कुमार, ओम प्रकाश चौधरी, प्रभा कुमारी, ज्योति कुमारी, सौर्य कुमार चौधरी, अशोक राजवंशी, अंशु कुमार, रितु देवी आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया

कोडरमा: जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा में सरस्वती पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगभग 25 साल से ही यहां हर साल धूमधाम से सस्वती पूजा का आयोजन किया जाता है। पंडाल में प्रतिमा स्थापित की गई है, आकर्षक पंडाल के साथ-साथ पूरे परिसर को रंग रंग बिरंगे झालर से सजाया गया है जहां विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**पाकुड़:** जिले में स्थित एलिट पब्लिक स्कूल, तलवाडांगा में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था मीरा फाउंडेशन की मीरा प्रवीण सिंह के द्वारा की गई। इस सीधे प्रसारण को एलिट पब्लिक स्कूल के छात्रों के अलावा अन्य स्कूल के बच्चों ने भी ध्यान पूर्वक देखा सुना और मोदी जी की प्रेरणादायी बातों से लाभान्वित हुये। देश के कोने कोने से कई क्षात्रों ने आसन्न बोर्ड की परीक्षाओं में मन में उगने वाले तनाव, माता-पिता और अभिभावकों, समाज की उच्च अपेक्षाओं, डिप्रेशन जैसी समस्याओं पर अपने सवाल पूछे जिनका जवाब माननीय मोदी ने विभिन्न उदाहरणों के साथ बखूबी दिया ।

# बच्चों ने 60 मीटर तिरंगे के साथ झांकी निकाली



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड अंतर्गत कटिया मोड़ परसाबाद स्थित अप्रिशिएबल पब्लिक स्कूल विद्यालय के बच्चों ने भव्य झांकी के साथ एक बहुत ही लंबी कतार में 60 मीटर तिरंगे को लेकर विद्यालय से होते हुए, पूरे बाजार परसाबाद रेलवे क्रॉसिंग स्टेशन रोड भ्रमण किया। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय वंदे मातरम से गुंजायमान था। झांकी देखने के लिए एवं लंबी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ का जमावड़ा दोनों ओर से देखने को मिला। अप्रिशिएबल स्कूल के डायरेक्टर सह प्रिंसिपल मुंशी यादव ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन उनकी पढ़ाई, एवं उनकी मेहनत से झलकती है। हम सभी शिक्षक बच्चे को ज्ञान देते हैं। उन्हें चलना बोलना पढ़ना लिखना सिखाते हैं। ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो। विद्यालय के बच्चों के द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। न्यू संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत कर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, मुखिया रेखा देवी, मुखिया प्रतिनिधि हिंद किशोर राम, पूर्व मुखिया लखपत यादव, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में वाहन जांच करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड:** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त वरूण रंजन ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष गर्ग ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक 90 सड़क दुर्घटना हुई है, जिसमें से 94 लोगों की मृत्य हुई। डीसी ने सड़क दुर्घटना को रोकने एवं सड़क दुर्घटना में मारे जाने वाले व्यक्ति के परिजनों को एक लाख रुपए सरकारी मुआवजा राशि के भुगतान को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। बिना हेलमेट, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिपल लोडिंग, वाहनों के प्रदूषण का जांच करने का निर्देश दिया गया। जिले में हो रहे सड़क दुर्घटना में दोषी चालक का चालक अनुज्ञप्ति निलंबन की अनुशंसा जिला परिवहन पदाधिकारी को करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने ओवरलोड को



लेकर परिवहन विभाग द्वारा जारी गाइड लाइन का अनुपालन नहीं करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं बड़े वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।हिट एंड रन में 11 लंबित मामले पर कार्रवाई की जा रही है। जनहित में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को सहायता करने तथा अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नेक व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हुए 5000 रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार गर्ग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, महेशपुर एसडीपीओ नवनीत हेंब्रम, नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, एसएमपीओ पवन कुमार एवं आईटी असिस्टेंट अमित कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** प्रखण्ड के मरकच्चो उत्तरी पंचायत स्थित ग्राम धुब्बाडीह में श्रीमद भागवत ज्ञान महा यज्ञ सह एकादशी भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ शनिवार को शुरू हो गया। यज्ञाचार्य बैजनाथ पंडा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, मुखिया रणजीत कुमार सिंह, समाजसेवी मंटू तिवारी उपस्थित थे। कलश यात्रा में 251 माताओं व कुवांरी कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर माथे पर कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा गाजे बाजे व गगन चुम्बी नारे के साथ ग्राम धुब्बाडीह यज्ञ मंडप से निकलकर ग्राम पपाहरा, कन्हैया नगर, ब्लॉक चौक, श्रीनगर होते हुए पंचखेरो स्थित उत्तरी वाहनी नदी पहुंची।

यहां यज्ञाचार्य बैजनाथ पंडा एवं यज्ञ कार्य में लगे पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः उसी रास्ते से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल धुब्बाडीह पहुंची। जंहा पंडितो के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश को यज्ञ मण्डप में प्रवेश कराया गया। यज्ञ के आयोजक सह मुख्य पुजारी नवल किशोर यादव व उनकी पत्नी लीलावती देवी है। कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोविंद शरण मोदी, भुनेश्वर यादव, प्रयाग यादव, अनेश्वर सिंह, बिनोद यादव, बालदेव दास, भुनेश्वर यादव, नरसिंह सिंह, प्रदीप यादव, चन्दन यादव, श्रवण यादव, रवि यादव, गोलू यादव, जय यादव समेत सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

# टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आया अदाणी फाउंडेशन



**महागामा और बोआरीजोर के कुल 65 मरीजों को दिया गया पौष्टिक आहार पैकेट**

राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा :** प्रधानमंत्री की पहल पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों की मदद के लिए कई स्वयंसेवी संस्थाएं, जनप्रतिनिधि और आम लोग बड़ी संख्या आगे आ रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत गोड्डा के 1121 में से 353 को अदाणी पावर ने गोद लिया है। सोमवार को अदाणी ग्रुप की ओर से संचालित अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से महागामा व बोआरीजोर के कुल 65 टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का पैकेट वितरण किया गया।

अदाणी फाउंडेशन की ओर से दिए जा रहे पौष्टिक आहार पैकेट की यह तीसरी खेप है। इस अवसर पर बोआरीजोर सीएचसी प्रभारी डॉ. खालिद अहमद, एसटीएफ मनोज कुमार और महागामा के सीएचसी प्रभारी डॉ. संजय मिश्रा और एसटीएफ अमित कुमार समेत अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी मौजूद थे।

## सेमिनार > एक दिवसीय होम्योपैथिक सेमिनार का हुआ आयोजन

# विभिन्न जिलों के 120 चिकित्सकों ने लिया भाग

▶▶ कई अनुभवी डॉक्टरों ने अपना अनुभव एवं चिकित्सा पद्धति डॉक्टरों को समझाया

▶▶ 3 जिलों से शामिल हुए थे होम्योपैथिक डॉक्टर सबको ने कहा अच्छा प्रयास




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड:** साई होम्यो सेंटर छोटी अलीगंज पाकुड़ में एक दिवसीय होम्योपैथीक सेमीनार का अयोजन डॉक्टर देव कांत ठाकुर साई होम्यो सेंटर के अध्यक्षता में किया गया। सेमिनार का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार में पाकुड़, गोड्डा, साहेबगांज जिला के साथ साथ पश्चिम बंगाल के लगभग 120 होम्योपैथिक डॉक्टर ने भाग लिया। जिसने होम्योपैथी द्वारा रोग निदान, दवा पर बिस्तृत चर्चा की गई। डॉ के एस अवस्थी, डॉक्टर फारुख, डॉक्टर अरुण कुमार, डॉक्टर यासीन अली, डॉक्टर विकाश, डॉक्टर टीपू सुलतान ने होम्योपैथी से इलाज के संबंध में अपनी अपनी विचार रखें। मस्तिष्क ,दिल, हार्ट, किडनी ,लिवर में होने वाले रोग उसके लक्षण एवं उपचार पर विशेष चर्चा किया गया। साथ ही होम्योपैथि कंपनी जर्मनी के रीकवेज, एसबीएल, नेशनल, माइक्रो, रेपमेडिसिंथ ने अपनी अपनी कम्पनी की दवा से संबंधित विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी चिकित्सकों को दी।

कंपनी का सेंपल दिया गया। उपस्थित होम्योपैथिक चिकित्सकों ने बताया कि होम्योपैथिक की दवा असरकारक है इसका साइड इफेक्ट ना के बराबर है। उन्होंने बताया कि यदि सही डायग्नोसिस हो तो होम्योपैथिक की दवा से बड़ी से बड़ी घातक बीमारियों पर भी काबू पाया जा सकता है। चिकित्सकों ने कहा कि आज के समय में जहां टेस्ट के नाम पर लाखों खर्च हो रहे हैं बावजूद उस पर कई ऐसी बीमारियां हैं जिन पर काबू नहीं पाया जाता है। किंतु होम्योपैथिक में कई गंभीर बीमारियां बिना किसी ऑपरेशन के दवा पर ठीक किया जा सकता है।

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त समेत कई पदाधिकारियों ने किया झंडोत्तोलन

**कोडरमा:** 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने आवास एवं समाहरणालय परिसर में झंडोत्तोलन किया।वहीं मुख्य समारोह बाघीटांड़ स्टेडियम में हुआ जहां उपायुक्त आदित्य रंजन ने तिरंगा फहराया और लोगों को सम्बोधित किया। यहां कई विभागों ने झांकी भी निकाली। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने जिला परिषद कार्यालय कोडरमा, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा ने अनुमंडल कार्यालय समेत विभिन्न विभागों में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम किया। इस मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय समेत जिले के वरीय पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**कोडरमा :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोडरमा जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अस्पताल चिकित्सक पदाधिकारी एवं कर्मियों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं पीएमयू सदस्य, विधि व्यवस्था एवं अन्य में सराहनीय कार्य हेतु पुलिस पदाधिकारी, आदर्श स्वावलंबन के तहत सामुहिक एकता श्रमदान योजनाओं के माध्यम से जल संरक्षित हेतु अतुलनीय कार्य, आदर्श स्वावलंबन के तहत ग्रामीणों को पूर्णरुप से साक्षर हेतु सराहनीय कार्य, आदर्श गांवों को जागरुक एवं एकजुट करने वाले बीएलएम, छोटे बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य पोषण एवं शिक्षण के विकास हेतु आंगनवाड़ी सेविका सहायिका, साथ ही शिक्षा एंव बेहतर शिक्षण का माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्हें उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज व अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया

**कोडरमा :**74वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की समेत पदाधिकारियों द्वारा कोडरमा बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही परियोजना बालिक उच्च विद्?ालय समीप स्थित बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### मरकच्चो में उत्साह के साथ मना गणतंत्र दिवस

**मरकच्चो:** प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, क्लबों व विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।मरकच्चो प्रखण्ड मुख्यालय कार्यालय में प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्जक, अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, पूर्व प्रखण्ड प्रमुख मरकच्चो सावित्री देवी उपस्थित थी। मरकच्चो थाना में प्रभारी थाना प्रभारी लव कुमार, सर्वोदय + 2 उच्च विद्यालय में प्राचार्य धर्मचंद मंडल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्राचार्य सह वार्डेन उषा टोपनो, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय देवीपुर में प्राचार्य न्यूटन कुमार, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह 2 मे प्रधानाध्यापक प्रकाश पासवान, आदर्श मध्य विधालय मे प्रधानाध्यापक नागेश्वर ठाकुर, बालिका मध्य विद्यालय कालीमण्डा मे प्रधानाध्यापक मनोज पासवान, उत्तरी पंचायत भवन मे मुखिया रंजीत सिंह, राजद कार्यालय में राजद के मनीन्द्र राम, झंडा चौक बड़ा अखाड़ा में अवकाश प्राप्त शिक्षक कार्तिक सिंह, बंधन चौक मरकच्चो में सहदेव सिंह तथा प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में मुखिया ने झंडारोहण किया।

### मां शारदे की पूजा शान्ति पूर्ण सम्पन्न

**पाकुड़ :** ज्ञान, संगीत, कला, विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा जिले भर में विधि विधान पूर्वक यज्ञ आहुति के साथ संपन्न हो गया। शहरी क्षेत्र के पाकुड़ की बात करें तो सभी निजी शिक्षण संस्थान, स्थानीय क्लब, पूजा समिति, के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। वहीं जिला सहित प्रखंड के कंप्यूटर संस्थान में भी सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य रुप से आईआईसीटी कंप्यूटर सेंटर में धूमधाम से सरस्वती पूजा मनाया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। संस्था के निदेशक रूपेश कुमार ने बताया कि विद्या की देवी सरस्वती माता की हर वर्ष हमारे सभी शाखाओं में धूमधाम से मनाया जाता है। शाखाओं में रंगारंग कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है तथा पुराने और नए छात्र-छात्राएं मिलकर पूजा को सुचारू रूप से संपन्न करते हैं जिसमें शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जिला मुख्यालय स्थित तांती पाड़ा कृष्ण मंदिर में जिले की सबसे ऊंची 18 फीट की मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा बनाई गई।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**पाकुड़ :** स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शहर के बैंक कॉलोनी स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ जिले के पुलिस कप्तान श्री एच पी जनार्दनन, विशिष्ट अतिथि के रूप में पाकुड़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री रजनीश कुमार, जिला खेलकूद पदाधिकारी श्री राहुल कुमार झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री अम्लान कुसुम सिन्हा, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष श्री रणवीर सिंह, समाज सेवी एवं फेस संस्था की अध्यक्षा श्री मती ऋतु पांडेय, प्राचार्य श्री आशीष कुमार मंडल एवं मेहमानों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा विद्यालय का झंडोत्तोलन कर एवं मशाल जलाकर विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वहीं विद्यालय के नौनिहालों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर का रेस, रिले रेस, मार्च पास्ट आदि में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### अधिकारियों को लापरवाही से बचने का मिला निर्देश

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक राजमहल सांसद विजय हांसदा की अध्यक्षता में की गई। मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री रजनीश कुमार, उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती संपा साह, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती जुली खिष्टमणि हेम्बम, सांसद प्रतिनिधि श्री श्याम यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री अशोक भगत, सभी विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में रोजगार गरांटी योजना (मनरेगा) समीक्षात्मक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सांसद ने सभी प्रखंडों में सर्वे कर 5 फरवरी सभी नलकूप को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### अनूपा को मिला बेस्ट प्लेयर का खिताब

**लोहरदगा:** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको,कुरू,लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय के द्वारा वार्षिक खेल कूद महोत्सव का आयोजन किया गया।आयोजन का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया और मां सरस्वती,भारत मां और भगवान बिरसा की प्रतिमा पर पुष्पर्चन तथा दीप प्रज्वलन किया गया,मार्च पास्ट और ड्रिल में प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें पुष्प की आकृति,रिंग ड्रिल,का एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया गया।इसके पश्चात रियूज, रिड्यूस, रिसाइकल के सिद्धांत को दिखाने प्रोत्साहित करने हेतु बेकार प्लास्टिक बोरा से गाउन का मॉडल राहत प्रवीण द्वारा,प्रवीन भगत द्वारा जूट के बोरे से सुंदर ड्रेस,उपासना आनंदी द्वारा समाचार पत्र के कागज से दैवीय रूप साड़ी द्वारा प्रदर्शित किया गया,बोरे और बेकार थैले से प्रिया कुमारी द्वारा गाउन,करीना द्वारा प्लास्टिक से गाउन,निकिता बेक द्वारा हरे पत्तों से बेहद खूबसूरत ड्रेस प्रदर्शित की गई।

## न्यूज फटाफट

### सबालेंका ने जीता करियर का पहला ग्रैंड स्लैम



**मेलबर्न :** बेलारूस की एरिना सबालेंका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सांस रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में कज़ाकस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। रॉड लैवर एरिना पर ढाई घंटे से ज्यादा चले महिला एकल मुकाबले में सबालेंका ने गत विंबलडन चैंपियन रिबाकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से मात दी। पहला सेट हारने के बाद सबालेंका ने मुकाबले में शानदार वापसी की और मज़बूत फोरहैंड से खेलते हुए रिबाकिना की मुश्किलें बढ़ाईं। सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 की बढ़त लेने के बाद 40-30 पर मैच पॉइंट हासिल कर लिया। रिबाकिना गेम को 40-40 की बराबरी पर लाईं, लेकिन इससे वह सबालेंका की यादगार जीत को कुछ देर के लिये ही टाल सकीं। सबालेंका ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन और ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। इससे पहले उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन विंबलडन (2021) और अमेरिका ओपन (2021, 2022) में आया जहां उन्होंने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सबालेंका हालांकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन का महिला युगल खिताब 2021 में जीत चुकी हैं।

### मलेशिया ने जापान को मात दी



**राउरकेला :** मलेशिया ने शेलो सिल्वेरियस के दो गोलों की बदौलत शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के क्लासिफिकेशन मुकाबले में जापान को 3-2 से मात दी। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर 13वें से 16वें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में शेलो सिल्वेरियस (सातवां, 31वां मिनट) ने मलेशिया के लिये दो गोल किये, जबकि सुहैमी इरफान शाहमी (33वां मिनट) ने एक गोल किया। जापान के गोल काइतो तनाका (23वां) और सेरेन तनाका (31वां मिनट) ने दागे। मलेशिया ने मुकाबले की मजबूत शुरुआत करते हुए सातवें मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल जमा दिया, जबकि जापानी रक्षण शुरुआती क्वार्टर में कमजोर नजर आया। दूसरे क्वार्टर में हालांकि मलेशिया के मरहान जलील को येलो कार्ड देखकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। जापान ने विपक्षी टीम का एक खिलाड़ी कम पाकर उस पर दबाव बनाया। जापान 23वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने में असफल रहा, लेकिन इसी मिनट काइतो ने फील्ड गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। जापान ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत सेरेन के गोल से की, लेकिन इसके बाद मलेशिया उस पर पूरी तरह हावी रहा। सिल्वेरियस ने एक बार फिर अपनी टीम के लिये आगे आते हुए फील्ड गोल किया, जबकि सुहैमी ने दो मिनट बाद गोल करके मलेशिया को बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। जापान ने तीसरा क्वार्टर समाप्त होने से पहले तीन पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये लेकिन वह उनका लाभ नहीं ले सका। मलेशिया ने इसके बाद गेंद को अपने कब्जे में रखते हुए जापान को मैच में वापस आने का मौका नहीं दिया और एक गोल के अंतर से जीत हासिल की। मलेशिया ने इस जीत के साथ विश्व कप में 13वां स्थान हासिल करने के लिये अपनी दावेदारी पेश कर दी है। इस वर्ग का दूसरा मुकाबला चिली और फ्रांस के बीच दोपहर दो बजे से खेला जायेगा।

पूर्वावलोकन

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टी-20 मुकाबला हारने के बाद

# 'करो या मरो' मुकाबले में जीत के इरादे से उतरेगा भारत

- भारतीय टीम को जोश के साथ पिछली गलतियों को दोहराने से बचना होगा
- कप्तान हार्दिक पांड्या भी प्रयोगों के अत्यधिक इस्तेमाल से परहेज करेंगे

**एजेंसियां**



**लखनऊः** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टी-20 मुकाबला हारने के बाद हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली भारत की युवा क्रिकेट टीम रविवार को इकाना के मैदान पर शृंखला में वापसी के इरादे से उतरेगी। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद वैसे भी भारतीय टीम के लिये कल होने वाला मुकाबला 'करो या मरो' वाला होगा।

मैच को अपने पक्ष में करने के लिये युवा खिलाड़ियों से लबरेज भारतीय टीम को जोश के साथ पिछली गलतियों को दोहराने से बचना होगा, वहीं कप्तान हार्दिक पांड्या भी प्रयोगों के अत्यधिक इस्तेमाल से परहेज करेंगे। रांची के मुकाबले में सात गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के बावजूद उम्मीद से अधिक रन खर्च किये गये, वहीं बल्लेबाजी में टॉप आर्डर की विफलता ने टीम को और मुश्किल में डाल दिया। नतीजन भारत को घरेलू मैदान में हार के लिये विवश होना पड़ा। टी-20 विश्वकप में शानदार यॉर्कर की बदौलत बल्लेबाजों को मुश्किल में डालने वाले अर्शदीप का प्रदर्शन अपनी सरजमीं पर अब तक अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। कल के मैच में मौका मिलने पर उन्हें वाइड गेंदों पर अंकुश लगाना होगा वहीं तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक और शिवम मावी को लाइन-लेंथ को काबू में रखते हुए कीवी बल्लेबाजों के लिये मुश्किलें पैदा करनी होंगी।

रांची में स्पिनरों के लिये मददगार रही पिच पर वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव का प्रदर्शन उम्दा रहा था।

सुंदर ने न्यूजीलैंड के दो अहम विकेट हासिल करने के बाद शानदार अर्धशतक जमाया था मगर वह टीम की हार को टालने में विफल रहे थे। अगले टी-20 विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर भारतीय टीम में प्रयोगों का सिलसिला बरकरार है। अनुभवी कोच राहुल द्रविड़ की अगुवाई में जोशीले खिलाड़ियों ने खुद को साबित भी किया है मगर रांची में मिली हार के कारणों में शीर्ष क्रम का धराशायी होना एक बड़ी वजह बन कर उभरा है। अब शृंखला के निर्णायक मैच में देखना दिलचस्प होगा कि कप्तान पांड्या और कोच द्रविड़ शीर्ष क्रम में बदलाव करते हैं या फिर अंतिम एकादश के भरोसे दांव लगायेंगे। फार्म में चल रहे पृथ्वी शा के भविष्य का फैसला भी कल के मैच में हो सकता है। टी-20 मैच के लिहाज से इकाना का मैदान भारत के लिये अब तक भाग्यशाली रहा है। भारतीय टीम ने यहां दो टी-20 मुकाबले खेले हैं जहां उसे वेस्टइंडीज और श्रीलंका पर जीत मिली है। पिछले दिनो यहां हुई बारिश के बाद शनिवार को निकली चटक धूप मैदान पर पसरी नमी को सोखने का काम करेगी। करीब 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इकाना के खूबसूरत मैदान पर होने वाले मैच के लगभग सभी टिकट बिक चुके हैं। नवाब नगरी क्रिकेट के खुमार में डूबी हुई है। पांड्या की टीम लखनऊ को जीत का तोहफा देकर सीरीज को जीवित रखना चाहेगी।

## "अगर मनपसंद बिरयानी न मिले, तो क्या रेस्तरां छोड़ देंगे":वाशिंगटन सुंदर

**एजेंसियां**




**रांची :** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में मिली हार के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का बचाव करते हुए कहा है कि टीम में बदलाव की जरूरत नहीं है और उन्हें धैर्य रखने की जरूरत है। सुंदर ने शीर्ष क्रम की नाकामी पर कहा कि जिस तरह किसी रेस्तरां में अपनी मनपसंद बिरयानी मिलने पर हम वह रेस्तरां नहीं छोड़ देते, उसी तरह एक खराब मैच के बाद बल्लेबाजों को नहीं बदला जा सकता। सुंदर ने शुक्रवार को खेले गये मैच में न्यूजीलैंड के दो विकेट चटकाने के साथ बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 28 गेंदों में 50 रन का योगदान दिया, हालांकि भारत यह मैच 21 रन से हार गया। न्यूजीलैंड के 176 रन के जवाब में भारत का शीर्ष क्रम विफल रहा, जिसके बाद टीम उभर नहीं सकी। सुंदर ने अपने साथियों का बचाव करते हुए कहा, "विकेट में स्पिन गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। यह सच है कि अगर हम बेहतर शुरूआत करते तो चीजें बहुत अलग होतीं मगर यह भी सच है कि हर दिन एक जैसा नहीं होता। मैच में कभी भी न तो दोनो टीमें जीतती हैं और न ही पूरे 22 खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। यह सिर्फ एक बार की हार थी जहां कुछ चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं।" लक्ष्य का पीछा करने उतरे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (सात) और ईशान किशन (चार) के बाद राहुल त्रिपाठी(शून्य) का विकेट भी 15 रन के स्कोर तक गिर गया। जब सुंदर से पूछा गया कि भारत के शीर्ष क्रम को बदलने की जरूरत है, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में इसपर असहमति व्यक्त की। सुंदर ने शीर्ष क्रम से जुड़े सवाल पर कहा, "क्या आपको सच में लगता है कि बदलाव की जरूरत है? अगर आपको एक रेस्तरां में आपकी मनपसंद बिरयानी नहीं मिलेगी तो क्या आप वहां नहीं जायेंगे? इन सभी ने बहुत रन बनाये हैं। यह सिर्फ एक दिन की बात है। यह किसी के साथ भी हो सकता है। न्यूजीलैंड भी रायपुर वन डे में धराशायी हो गया था।

### पहले विश्वकप में जीत के बगैर खत्म हुआ चिली का सफर

**राउरकेला :** हॉकी विश्वकप 2023 में शनिवार को क्लासिफिकेशन मुकाबले में फ्रांस से मिली हार के साथ टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रहे चिली का सफर एक अदद जीत की हसरत पूरा किये बगैर खत्म हो गया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर फ्रांस ने मौजूदा विश्वकप में चिली को 4-2 से हरा कर दूसरी बार जीत का स्वाद चखा। कर्टी एलियट ने मैच के पहले क्वार्टर में चिली की रक्षा पंक्ति को झकाते हुये शानदार फील्ड गोल किया जबकि मैच के 17वें मिनट में शार्लेट विक्टर ने सिलसिलेवार दो पेनाल्टी कार्नरों को गोल में तब्दील करते हुए फ्रांस को 3-0 से आगे कर दिया। फ्रांस के एक के बाद एक हमलों से विचलित हुए बिना चिली ने जवाबी प्रहार किया और 20वें मिनट में पहला पेनल्टी कार्नर अर्जित किया।


## आयरलैंड के फाइटर मैकग्रेगर कार हादसे में जख्मी

**एजेंसियां**



**डबलिन :** अल्टिमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) के स्टार फाइटर कॉनर मैकग्रेगर अपने देश आयरलैंड में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए, हालांकि उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है मैकग्रेगर ने शुक्रवार को यह जानकारी खुद इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर साझा की। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया, "मैं वहां मर सकता था" जबकि कार का ड्राइवर माफी मांग रहा था। हालांकि बाद में उन्होने यह वीडियो डिलीट कर दिया। मैकग्रेगर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "पीछे से अभी-अभी एक कार ने टक्कर मारी। सूरज की तेज रोशनी कार चालक की आंखों में पड़ रही थी जिस कारण वह मुझे नहीं देख सका और पूरी रफ्तार के साथ मुझसे टकरा गया। ईश्वर का शुक्र है, सतर्क रहने के कारण मेरी जान बच गयी।" मैकग्रेगर पिछले कुछ महीनों से चर्चा में रहे हैं। पिछले साल जुलाई में एक महिला ने उन पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया था। हालांकि मैकग्रेगोर आरोप से इंकार करते रहे हैं। पूर्व फेदरवेट और लाइटवेट चैंपियन ने यह भी कहा था कि यूएफसी ने उन्हें "द अल्टीमेट फाइटर" के अगले सीज़न में कोच बनने के लिये आमंत्रित किया है मगर अब तक उन्होंने इसके लिये सहमति नहीं जताई है। मैकग्रेगर को आखिरी बार जुलाई 2021 में डस्टिन पॉयरियर से हार का सामना करना पड़ा था।

## धोनी की फिल्म लेट्स गेट मैरिड का मोशन पोस्टर रिलीज




**एजेंसियां**

**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी निर्मित पहली फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। महेन्द्र सिंह धोनी क्रिकेट से सन्यास लेने के बाद फिल्मों की दुनिया में एंट्री ले रहे हैं। धोनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही पहली तमिल फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' (एलजीएम) का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय कलाकार हरिश कशयप और इवाना मेन लीड में नजर आने वाले हैं। फिल्म 'एलजीएम' का निर्देशन रमेश थमिलमानी ने किया है वहीं इसकी प्रोड्यूसर धोनी की बीवी साक्षी सिंह हैं। इस फिल्म में हरिश और इवाना के अलावा नादिया और योगी बाबू की भी अहम भूमिका होगी।

## 'एनिमल' के सेट से लीक हुआ रणबीर कपूर का लुक

**एजेंसियां**

मुंबईः बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनिमल के सेट से उनका लुक लीक हो गया है। रणबीर कपूर इन दिनों फिल्म ह्यएनिमलह्ण की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस दौरान सेट से उनका लुक लीक हो गया है। वायरल वीडियो में रणबीर नेवी ब्लू थ्री पीस सूट, लंबे बाल और दाढ़ी में एक सीन की शूटिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को देख ऐसा लग रहा है, कि रणबीर इस फिल्म में किसी गैंगस्टर के रोल में हैं। एनिमल में रणबीर कपूर के अलावा रश्मिका मंदाना,बॉबी देओल और अनिल कपूर की भी अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि फिल्म एनिमल में रश्मिका रणबीर की पत्नी का किरदार निभाती नजर आएंगी। वहीं अनिल कपूर ,रणबीर के पिता का किरदार निभाएंगे।



## भारत के लिए पुनर्जागरण का युग:आयुष्मान खुराना

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** अपने शानदार अभिनय के कारण भारतीय फिल्म उद्योग में 'मिस्टर ओरिजिनल' के रूप में पहचाने जाने वाले युवा बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना इस बात को लेकर रोमांचित हैं कि इस साल के ऑस्कर में भारत की तीन फिल्मों को नामांकित किया गया है।

भारत में बनी दो डॉक्यूमेंट्री 'ऑल दैट ब्रीथ्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म के लिए और 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट के लिए नामांकित किया गया है। इन दोनों के साथ 'आरआरआर' को 'नातु नातु' के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया है, जिसने उसी श्रेणी में गोल्डन ग्लोब भी जीता है। 'नातु नातु' को चार अन्य नामांकित गीतों से मुकाबला करना होगा जिनमें टेल इट लाइक ए वुमन से अपलाउज, टॉप गन से लेडी गागा का होल्ड माई हैंड, मावरिक से रिहाना लिफ्ट मी अप फ्रॉम ब्लैक पैंथरः वकंडा फॉरएवर और दिस इज़ ए लाइफ फ्रॉम एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस शामिल है। आयुष्मान खुराना जिन्हें टाइम पत्रिका द्वारा उनकी चर्चित, रुचिकर मूल फिल्मों के लिए दुनिया के 'सबसे प्रभावशाली लोगों' में से एक के रूप में चुना गया है, ने एक बयान में कहा, " मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि भारत स्वदेशी कहानियों के साथ लैंडस्केप और हमारी संस्कृति और वास्तविकताओं के प्रति सच्चे रहकर वैश्विक सामग्री को प्रभावित कर सकता है। "



उन्होंने कहा, " तथ्य यह है कि इस वर्ष ऑस्कर में ऑल दैट ब्रीथ्स, द एलिफेंट व्हिस्परर्स और एस. एस. राजामौली की नातू नातु के साथ तीन नामांकन हैं, यह दर्शाता है कि भारत से उभरती सामग्री और इसके प्रभाव को दुनिया कैसे देखती है, इसे आकार देने में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी हो सकता है। दुनिया भर के लोगों के दिल और दिमाग पर है। " 'आरआरआर' के बारे में और वैश्विक स्तर पर लोगों के दिल और दिमाग में इसका प्रभाव कैसे पड़ रहा है, आयुष्मान ने टिप्पणी की, " एसएस राजामौली सर की आरआरआर ने भारत और इसकी संस्कृति की वैश्विक पहचान बनायी है। नातु नातु भारतीय सभी चीजों का प्रतिनिधित्व करता है। मैं हमेशा अच्छी कहानी कहने से प्रेरित रहा हूं और इस साल के ऑस्कर नामांकन ने मुझे एक भारतीय होने पर गर्व महसूस कराया है। " उन्होंने कहा, " भारतीय कंटेट के लिए मेरी दृष्टिकोण यह है कि हम दुनिया भर के दर्शकों पर एक सांस्कृतिक प्रभाव डालने में सक्षम हैं और सभी को प्रतिभा की प्रचुरता के बारे में बताते हैं जिसका हम दावा करते हैं। यह वास्तव में भारत के लिए एक पुनर्जागरण युग है और मैं इसमें रहने के लिए धन्य हूं। " इस समय आयुष्मान 'ड्रीम गर्ल 2' के काम में व्यस्त है, जो सात जुलाई को रिलीज़ होगी।

## राधिका मदान ने फिल्म रूमी की शराफत की शूटिंग शुरू की

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका मदान ने अपनी आने वाली फिल्म रूमी की शराफत की शूटिंग शुरू कर दी है। राधिका मदान ने रूमी की शराफत फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजन की फिल्म निर्माण कंपनी मैडडॉक कर रही है। रूमी की शराफत का निर्देशन प्रशांत भाग्य करने वाले हैं। राधिका मदान ने सोशल मीडिया पर अपना उत्साह जताते हुए इस फिल्म की घोषणा की और जानकारी दी। उन्होंने क्लैपबोर्ड पकड़े एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, ह्यपागलपन शुरू। मैं रूमी से मिलने के लिए उत्साहित हूं। रूमी की शराफत

## पठान ने 160 करोड़ की कमाई की

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म पठान ने 160 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है।फिल्म पठान 25 जनवरी को रिलीज हुयी है। पठान के जरिये शाहरूख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है। शाहरुख खान की फिल्म पठान एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई कर रही है। पठान ने तीन दिनों में 160 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।

## प्रदेश >> अपडेट

**कश्मीर में दम घुटने से परिवार के तीन सदस्यों की मौत**

**जम्मू :** रामबन जिले में दम घुटने से परिवार के तीन सदस्य मृत पाए गए। रामबन तहसील के बलीहोट में एक परिवार के तीन सदस्य दम घुटने से मृत पाए गए। उन्होंने बताया कि परिवार सदस्यों में से जीवित पाई गई एक बालिका को इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। इससे पहले 28 दिसंबर को रामबन के बनिहाल इलाके में दम घुटने से परिवार के चार सदस्यों में से तीन नाबालिगों की भी मौत हो गई थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**उप अधीक्षक के ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा**

**मुरैना :** मध्यप्रदेश के मुरैना जिला जेल के उप अधीक्षक हरिओम पाराशर के परिसरों पर ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। लोकायुक्त पुलिस सूत्रों के अनुसार मुरैना जिला जेल में पदस्थ उप अधीक्षक हरिओम पाराशर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति एकत्रित करने की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर तड़के ग्वालियर स्थित उनके निजी निवास और मुरैना में सरकारी आवास पर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने छापेमार कार्रवाई शुरू की।

**झांकी के कलाकारों ने की राष्ट्रपति से भेंट**

**नयी दिल्ली/देहरादून :** नयी दिल्ली में उत्तराखंड सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक एवं झांकी के टीम लीडर के एस चौहान के नेतृत्व में 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन हेतु चयनित 'मानसखण्ड' पर आधारित उत्तराखंड की झांकी के कलाकारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में भेंट की। पूरे देश से आये झांकी के कलाकारों द्वारा राष्ट्रपति के समक्ष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए चयनित विभिन्न राज्यों की झांकियों के कलाकरों के साथ ही उत्तराखंड की झांकी के कलाकारों को भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में आमंत्रित किया गया था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**'चिल्लई कलां के अंतिम दिन भारी हिमपात के आसार**

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की सर्दी की 40 दिन की अवधि 'चिल्लई कलां' के अंतिम दिनों में भारी हिमपात होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में चिल्लई कलां 30 जनवरी को समाप्त हो रहा है और उस दिन दक्षिण कश्मीर और डोडा किश्तवाड़ बेल्ट के पीर पंजाल में भारी हिमपात और जम्मू में बारिश होने के आसार हैं। विभाग ने 30 जनवरी के लिए येलो वार्निंग जारी की है। विभाग ने बताया कि जम्मू-

**जोशीमठ में भूधंसाव की चपेट में आया घर**

**चमोली :** उत्तराखंड के जोशीमठ में भूधंसाव के कारण लोगों की एक ओर जहां मुश्किलें भी जारी हैं तो वहीं दूसरी ओर जिंदगी की रस्में भी पूरी तौर से निभाई जा रही है। जोशीमठ के सिंहधार के रहने वाले रघुवीर सिंह कुंवर ने बताया उनके बेटे रोहित कुंवर की शादी बसंत पंचमी के दिन निश्चित हुई थी। भू धसांव से उनका भी घर दरक गया है और उन लोगों को राहत शिविरों में रखा गया है। इन लोगों में से कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके परिवार में शादी का कार्यक्रम है। विवाह कार्यक्रम और तारीख पहले ही निर्धारित हो गयी थी। शादी के लिए होटल, वैन्यू भी बुक हो गये थे, लेकिन इस बीच भू धसांव की आपदा आ गयी और लोगों के घर दरक गये। भूधसाव से दरके घरों के 250 परिवार के 902 सदस्य विभिन्न राहत शिविरों में रह रहे हैं। कई महीनों से शादी की तैयारियां चल रहीं थी, होटल के कमरे भी बुक हो गये थे। कि इस बीच 02 जनवरी से भू धसांव से लोगों के घर दरकने लगे। लोगों को दरके घरों को छोड़ कर राहत शिविरो में जाने को मजबूर होना पड़ा। दूल्हा रोहित कुंवर का घर भी भूधंसाव की चपेट में आ गया था।

---

**कांग्रेस** ▸ कथित सेंध के कारण एक दिन के लिए स्थगित हुई थी यात्रा

# फिर शुरू हुई 'भारत जोड़ो यात्रा' राहुल ने लेथपोरा में दी शहीदों को श्रद्धांजलि

▸▸ भारत जोड़ो यात्रा थोड़ी देर के लिए लेथपोरा में रुकी

▸▸ यात्रा ने कश्मीर में काफी सुर्खियां बटोरी हैं

**एजेंसियां**



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा में कथित सेंध के कारण एक दिन के लिए स्थगित हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' कड़ी सुरक्षा के बीच अवंतीपोरा उप जिला में शनिवार सुबह फिर शुरू हुई। चुरसू गांव से शुरू हुई गांधी की यात्रा में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती और उनकी पुत्री इल्तिजा मुफ्ती भी शामिल हुईं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यात्रा में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होने वाली हैं। भारत जोड़ो यात्रा थोड़ी देर के लिए लेथपोरा में रुकी। यह वही स्थान है, जहां 14 फरवरी 2019 को जैश-ए-मोहम्मद के एक स्थानीय आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से भरे वाहन से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले में टक्कर मार दी थी, जिसमें 40 जवान शहीद हो गये थे। इस हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए गांधी कुछ देर के लिए लेथपोरा में रुके। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर में सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए श्रीनगर जम्मू-राजमार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। यात्रा ने कश्मीर में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने शुक्रवार को गांधी की सुरक्षा में चूक का आरोप लगाते हुए यात्रा रोक दी थी। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गांधी की सुरक्षा में चूक के आरोपों का खंडन किया था। 'भारत जोड़ो यात्रा' श्रीनगर के पंथा चौक की ओर बढ़ने से पहले बिड़ला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल पंपोर के पास रुकेगी। उल्लेखनीय है कि यह यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और 30 जनवरी को श्रीनगर में इसका समापन होगा। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सुश्री मुफ्ती के इस यात्रा में शामिल होने की कड़ी आलोचना की है। उम्मीद है कि राहुल उन लोगों का हाथ थामने के लिए 30 जनवरी को लाल चौक पर माफी मांगेंगे जो जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ में विलय का विरोध करते हैं।''


## कांग्रेस ने फिर से झूठे वादे करना प्रारंभ कर दिया : शिवराज



**एजेंसियां**

**उज्जैन :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने फिर से झूठे वादे करना शुरु कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस ने फिर से झूठे वादे करना प्रारंभ कर दिया है। उनके वचनपत्र में जो उन्होंने वचन दिए थे, अब लगातार वे उनके बारे में कमलनाथ से पूछेंगे। इसी क्रम में चौहान ने कहा कि कांग्रेस का एक वचन बोनस का था। पार्टी ने कई फसलों का नाम लिखकर कहा था कि गेंहू, चना, सरसों या चावल हों, सभी पर बोनस देंगे। उन्होंने कमलनाथ से सवाल किया कि क्या सवा साल में एक को भी बोनस दिया गया। वचनपत्र में जो वचन दिए गए थे वो एक भी पूरे नहीं किये। पिछले विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में कहा था कि पार्टी अपनी सरकार बनने की स्थिति में गेंहू, धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, सोयाबीन, सरसों, कपास और ऐसी बहुत सी अन्य फसलों पर बोनस देगी।

## ख्वाजा साहब के 811वें उर्स में पेश किया गया बसंत



**एजेंसियां**

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स के दौरान गरीब नवाज की दारगाह पर परंपरागत तरीके से बसंत पेश किया गया। अजमेर स्थित दरगाह के मुख्य निजामगेट से बसंती फूलों का गुलदस्ता लिए शाही कव्वाल से जुड़े कव्वाल गरीब नवाज को प्रिय अमीर खुसरो एवं नियाजी की बसंती कव्वाली गाते हुए चल रहे थे। दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन के उत्तराधिकारी उनके पुत्र सैयद नसीरुद्दीन की सदारत में दरगाह के मुख्य द्वार से जुलूस अंदर आस्ताना शरीफ में गया और बड़े ही अदब और इतमीनान के साथ गरीब नवाज की बारगाह में बसंत पेश किए गए। इस दौरान बसंत मना ले सुहागिन ख्वाजा मोइनुद्दीन के दर आ जाती है बसंत जैसे गीत ऊंचे स्वर में गा रहे थे। उर्स के खास मौके पर पेश किए गए बसंत के दौरान बड़ी संख्या में खुद्दाम-ए-ख्वाजा, जायरीनों आदि ने हिस्सा लिया। केसरिया पीले फूलों का गुलदस्ता और बसंत से जुड़ी कव्वालियां सभी को बर्बस अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। ख्वाजा के दर पर पेश हुआ बसंत कौमी एकता, उमंग व सौहार्द की प्रतीक बन गई। उल्लेखनीय है कि ख्वाजा गरीब नवाज को बसंती फूलों से बेहद लगाव रहा था। यही कारण है कि हर साल बसंत पंचमी के मौके पर गरीब नवाज के दर पर बसंती फूलों के गुलदस्ते को पेश किए जाने की परंपरा है। रविवार को दौराने उर्स छठी का कुल होगा और कुल में शिरकत करने के लिए हजारों हजार जायरीन रात तक अजमेर पहुंच जाएंगे। आखिरी शाही महफिल भी होगी। अजमेर शरीफ में गरीब नवाज का उर्स पूरे परवान पर है।

## सिद्धारामैया के लिए अब भी खुला है वरुणा निर्वाचन क्षेत्र : यतींद्र



**एजेंसियां**

**बेंगलुरू :** कांग्रेस नेता एवं विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता सिद्धारामैया के पुत्र यतींद्र रामैया ने कहा है कि उनका निर्वाचन क्षेत्र वरुणा आगामी विधानसभा चुनाव में उनके पिता के चुनाव लड़ने के लिए अब भी खुला है। यतींद्र का यह बयान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेता सिद्धारामैया कोलार से नहीं, बल्कि पुराने मैसुरु क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि सिद्धारामैया कोलार से चुनाव लड़ने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने वरुणा निर्वाचन क्षेत्र की ओर इशारा करते हुए कहा कि सिद्धारामैया पुराने मैसुरु क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, वह राजनीतिक सर्कस और नाटक कर रहे हैं। मेरे अनुसार, वह वहां (कोलार) से चुनाव नहीं लड़ेंगे और मैसुरु वापस जाने की कोशिश कर सकते हैं, अगर ऐसा होता है, तो हम नई रणनीति बनाएंगे। यतींद्र का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कुछ संगठन सिद्धारामैया पर आरोप लगाने वाले पर्चे बांट रहे हैं। उन्होंने कहा, क्या इसकी जांच कराई जाएगी। चामराजपेट ईदगाह मैदान विवाद के दौरान कांग्रेस विधायक को निशाना बनाने वाले इस तरह के पर्चे बांटे जा रहे थे। वहीं, एक सवाल के जवाब में कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर खांद्रे ने कहा कि सिद्धारामैया कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं। वह जहां से भी लड़ेंगे, उसके आसपास के जिलों में कांग्रेस को फायदा मिलेगा। उधर, कांग्रेस विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) प्रकाश राठौड़ ने कहा कि सिद्धारामैया को कई निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की पेशकश की गई है, लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान द्वारा लिया जाएगा।

## मध्यप्रदेश है तो बस नर्मदा नदी के आशीर्वाद के कारण : शिवराज



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा जयंती की सभी को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अगर है, तो बस नर्मदा नदी के आशीर्वाद के कारण। चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि मां नर्मदा के चरणों में प्रणाम करके हम एक ही प्रार्थना करते हैं कि उनकी मध्यप्रदेश पर कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के कारण मध्यप्रदेश के खेतों में सिंचाई हो रही है, अनाज के भंडारण भरे हैं, पीने का पानी और बिजली मिल रही है। अब तो मध्यप्रदेश नर्मदा के पानी की सतह पर सोलर पैनल बिछाकर भी बिजली उत्पादित करने वाला है। मध्यप्रदेश है तो बस नर्मदा नदी के कारण। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पर नर्मदा का आशीर्वाद और कृपा सदा बनी रहे।

**आयोजन** ▸ खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा है

# देश-विदेश में खादी बिक्री के आयोजन करें आयोग

▸▸ गरीब लोगों को आजीविका उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है

▸▸ आयोजनों को बड़ी संख्या में आयोजित करने पर जोर दिया

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली :** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा है कि आयोग को देश-विदेश में खादी बिक्री के विशेष आयोजन करने चाहिए। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके। कुमार ने शनिवार को मुंबई में 'खादी उत्सव-2023' का उद्घाटन करते हुए कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग को देश के सबसे पिछड़े तथा गरीब लोगों को आजीविका उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि खादी उत्सव जैसे कार्यक्रम और प्रदर्शनियां खादी संस्थानों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम- पीएमईजीपी और पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण के लिए कोष योजना-स्फूर्ति के तहत हजारों कारीगरों के उत्पादों को सीधे ग्राहकों के हाथों में बेचने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। कुमार ने देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ विदेशों में भी इस तरह के आयोजनों को बड़ी संख्या में आयोजित करने पर जोर दिया। खादी उत्सव 24 फरवरी 2023 तक चलेगा। केवीआईसी अध्यक्ष ने सभी से खादी उत्सव का व्यापक प्रचार करने तथा देश के गरीब सूत कातने वालों, बुनकरों, महिलाओं एवं कारीगरों के लिए सम्मानजनक तरीके से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खादी और ग्रामोद्योग से उत्पादित वस्तुओं की खरीदारी करने की अपील की। खादी उत्सव में, खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थान तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग से संबद्ध देश के विभिन्न हिस्सों से आने वली पीएमईजीपी इकाइयां अपने उत्पादों को प्रदर्शन व बिक्री के लिए प्रदर्शित कर रही हैं। इनमें सूती खादी के अलावा खादी सिल्क, पश्मीना, पॉली वस्त्रा, पटोला सिल्क, कलमकारी साड़ी, कांजीवरम सिल्क, हल्के भार वली सॉफ्ट सिल्क साड़ी, टसर सिल्क, फुलकारी ड्रेस सामग्री और खादी के कपड़े से बने अन्य आकर्षक परिधान, मधुबनी प्रिंट, सूखे मेवे, चाय, कहवा, सौंदर्य के हर्बल व आयुर्वेदिक उत्पाद, शहद पदार्थ, हस्त कागज उत्पाद, गृह सज्जा उत्पाद, बांस उत्पाद, कालीन, एलोवेरा उत्पाद, चमड़े के उत्पाद तथा कई अन्य खादी और ग्रामोद्योग उत्पाद उपलब्ध हैं।

---

## न्यूज फटाफट

**म्यांमार में बस-कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत**

**यांगून :** म्यांमार में एक बस और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। एक यातायात पुलिसकर्मी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिसकर्मी ने बताया कि हादसा मोन स्टेट के ये टाउनशिप में शुक्रवार शाम स्थानीय समायनुसार करीब 06:40 बजे हुआ। हादसे में मारे गये सभी पांच लोग कार में सवार थे जबकि बस में सवार किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बस को केवल मामूली क्षति पहुंची है। उन्होंने बताया कि मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। हादसे के दौरान वे सभी तंनिथयी क्षेत्र के येब्यू टाउनशिप से लौट रहे थे।

**न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में बाढ़ से तीन लोगों की मौत**

**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड के सबसे बड़े शहर ऑकलैंड में मूसलाधार बारिश के कारण आयी बाढ़ से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी है। न्यूजीलैंड के सार्वजनिक प्रसारक आरएनजेड ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। आरएनजेड ने पुलिस के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि बाढ़ से संबंधित तीसरी मौत सिटी सेंटर में भूस्खलन के कारण हुई और शनिवार अपराह्न इसकी पुष्टि हुई। आरएनजेड की रिपोर्ट के अनुसार इसके अलावा शनिवार सुबह एक और मौत की पुष्टि हुई, जबकि पहली मौत वैराउ घाटी में शुक्रवार रात हुई थी। वहीं एक व्यक्ति लापता है। ऑकलैंड की मेयर वेन ब्राउन ने शुक्रवार को भीषण बाढ़ के कारण क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी।

**सक्षम रूसी अधिकारियों के काम में दखल देना बंद करे अमेरिका : रूस**

**वाशिंगटन :** अमेरिका स्थित रूसी दूतावास ने अमेरिकी सरकार से रूस के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप करने और सक्षम रूसी अधिकारियों के काम में दखल देने की कोशिश बंद करने का आह्वान किया है। रूस ने अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा मानवाधिकार संगठन मॉस्को हेलसिंकी समूह (एमएचजी) को बंद करने के मॉस्को सिटी कोर्ट के फैसले की निंदा किये जाने के बाद यह आह्वान किया। दूतावास ने एक बयान में कहा,''हमने अमेरिकी प्रशासन के एक और रूस-विरोधी बयान का संज्ञान लिया है। इस बार हम पर मॉस्को हेलसिंकी समूह को बंद करने के मॉस्को सिटी कोर्ट के आदेश तथा कुछ नागरिक संगठनों को अवांछनीय घोषित करने के मामले में मानवाधिकारों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया गया है। हम अमेरिकी अधिकारियों से हमारे आंतरिक मामलों और रूसी सक्षम अधिकारियों के काम में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान करते हैं।''दूतावास ने इस बात पर जोर दिया कि अन्य देशों पर लोकतांत्रिक स्वतंत्रता की उपेक्षा करने का आरोप लगाने के बजाय अमेरिकी सरकार को अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति के बारे में चिंतित होना चाहिए।

**रूस के साथ बातचीत जारी रहेगी : मैक्रों**

**वाशिंगटन :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बीच वह रूस के साथ बातचीत जारी रखेंगे। मैकों ने शुक्रवार को चंद्र नव वर्ष के अवसर पर एलिसी पैलेस में एक स्वागत समारोह के दौरान कहा, मैं रूस से बात करना जारी रखूंगा, इस बात की जानकारी बीएफएमटीवी ने अपनी रिपोर्ट में दी है। उल्लेखनीय है कि फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि यूक्रेन में संघर्ष के बीच महत्वपूर्ण सुरक्षा विषयों पर सूचनाओं के निर्बाध आदान-प्रदान की अनुमति देने के लिए फ्रांस सभी स्तरों पर रूस के साथ संपर्क बनाए रखना चाहता है।

**मस्क ने बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों से की मुलाकात**

**वाशिंगटन :** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ जॉन पॉडेस्टा और इंफ्रास्ट्रकचर समन्वयक मिच लैंड्रीयू से मुलाकात और कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन को आगे बढ़ाने और अमेरिकी वाहनों के विद्युतीकरण को बढ़ाने के लिए कंपनी बाडेन प्रशासन के साथ कैसे काम कर सकती है, इस मुद्दे पर चर्चा की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता काराइन जीन-पियरे ने यह जानकारी दी। उन्होंने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकती हूं कि लैंड्रीयू और पॉडेस्टा ने मस्क के साथ शिक्षा पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्ष बुनियादी ढांचा कानून और मुद्रास्फीति में कमी अधिनियम इलेक्ट्रिक वाहनों को आगे बढ़ाने और विद्युतीकरण को अधिक व्यापक रूप से कैसे आगे बढ़ा सकते हैं, इस मुद्दे पर भी बातचीत की।

**यरुशलम में आतंकवादी हमला, सात लोगों की मौत**

**यरुशलम :** इजरायल की पुलिस ने कहा है कि पूर्वी यरुशलम में हुए हमले में सात लोगों की मौत हो गयी है। इससे पहले पुलिस ने यरुशलम में एक धर्मस्थल पर आतंकवादी हमले की जानकारी दी थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक नेवे याकोव पास गोली लगने से कम से कम आठ लोग मारे गए और 10 घायल हो गए। पुलिस ने ट्वीट कर कहा, आतंकवादी हमले में सात निर्दोष लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

**यूक्रेन को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति कर सकता है ब्रिटेन**

**मॉस्को :** रूस द्वारा यूक्रेन से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के बाद ब्रिटेन उसे (यूक्रेन को) हवाई निगरानी मिशन के लिए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति कर सकता है। स्थानीय अखबार 'द टेलीग्राफ' ने ब्रिटेन के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने बताया कि यूक्रेन के लिए लड़ाकू विमान भेजना फिलहाल ब्रिटेन की प्राथमिकता नहीं है, लेकिन इस तरह की आपूर्ति की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। यदि रूसी सेना यूक्रेन से हटती है और यूक्रेन के लोगों को अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक हवाई पुलिस मिशन का संचालन करने की आवशयकता होती है तो ब्रिटेन इस तरह के परिदृशय पर विचार कर सकता है। इस बीच, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने बुधवार को घोषणा की कि जर्मन सशस्त्र बल यूक्रेन को अपने गोदामों से 14 लेपर्ड 2 युद्धक टैंक देंगे, लेकिन जेट विमानों की उसकी मांग को खारिज करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि यूक्रेनी संघर्ष रूस और नाटो के बीच एक सशस्त्र गतिरोध में बदल जाए।

## आज का इतिहास

- 1597 : महाराणा प्रताप का जन्म।
- 1780 : भारत का पहला अंग्रेजी अखबार 'हिक्की गजट' या 'बंगाल गजट' प्रकाशित हुआ।
- 1939 : रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान की स्थापना हुई।
- 1949 : ब्रिटेन ने इजरायल को मान्यता दी।
- 1966 : अमेरिका के उत्तर- पूर्वी भाग में बर्फीले तूफान से 165 लोगों की मौत।
- 1970 : प्रसिद्ध निशानेबाज एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का जन्म।
- 1976 : सोवियत संघ और अंगोला राजनीतिक समझौते के लिए सहमत हुए।
- 1988 : यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान बोइंग 747 एसपी ने 36 घंटे 54 मिनट 15 सेकेंड में विश्व का चक्कर लगाया।
- 1989 : सीरिया और ईरान ने लेबनान में संघर्ष रोकने के लिए समझौता किया।
- 1992 : भारत आसियान का क्षेत्रीय सहयोगी बना।
- 1993 : क्रिकेट खिलाड़ी विनोद कांबली का टेस्ट में पदार्पण किया।
- 1994 : केंद्र सरकार ने एयर कार्पोरेशन एक्ट 1953 को रद्द किया।
- 1996 : फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने घोषणा की थी कि फ्रांस अब और परमाणु हथियारों का परीक्षण नहीं करेगा।
- 2003 : हिमाचल विधानसभा भंग कर दी गयी।
- 2005 : सेरेना विलियम्स ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन का महिला खिताब जीता।
- 2006 : भारत के तेंज गेंदबाज इरफान पठान टेस्ट क्रिकेट में पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बने।

## दाहू यादव के घर चिपकाया इश्तेहार

रांचीः पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव के साहिबगंज स्थित घर पर ईडी ने इश्तेहार चिपकाया है। ईडी ने शनिवार को इश्तेहार चिपका कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर दाहू यादव और उनके भाई सुनील यादव के घर कुर्की जब्ती की जायेगी। गौरतलब है कि पूर्व में ईडी ने इस मामले में दाहू यादव को 4-4 समन कर पूछताछ के लिए रांची बुलाया था।

**पड़ताल** सेना के स्वामित्व वाली भूमि के बड़े टुकड़ों की बिक्री और खरीद के संबंध में

# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल और दो अधिकारियों से ईडी ने की पूछताछ

**राष्ट्रीय खबर**




**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय सेना की जमीन बेचने के मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की है। ईडी ने विष्णु अग्रवाल के अलावा, दो वरिष्ठ राजस्व अधिकारियों से भी पूछताछ की है। रांची में भारतीय सेना के स्वामित्व वाली या उसके नियंत्रण वाली भूमि के बड़े टुकड़ों की बिक्री और खरीद के संबंध में ये पूछताछ हुई है।

रांची भारतीय सेना के महत्वपूर्ण ठिकानों में से एक है और पिछले कुछ वर्षों में जमीन के एक बड़े हिस्से पर कथित रूप से कब्जा कर उसे धोखे से बेच दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ईडी विष्णु अग्रवाल से शुक्रवार देर शाम (27 जनवरी) तक पूछताछ की गई और उनसे मुख्य रूप से पूछा गया कि उन्होंने सिरमटोली चौक स्थित प्रमुख भूमि का एक हिस्सा कैसे खरीदा।ईडी ने प्रमुख राजस्व अधिकारियों से भी पूछताछ की।

जिन्होंने उक्त भूमि की बिक्री और खरीद को सत्यापित और निष्पादित किया था। फरवरी 2018 में विष्णु अग्रवाल ने महुआ मित्रा और संजय कुमार घोष से 3.175 एकड़ जमीन खरीदी थी और इसके बदले 24.137 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। यह जमीन सिरमटोली चौक स्थित एक प्रमुख भूमि है और यह भूमि भारतीय सेना के कब्जे में है। बाद में विष्णु अग्रवाल ने जमीन की रजिस्ट्री के आधार पर जमीन के मालिकाना हक का दावा किया। विष्णु अग्रवाल मूल रूप से पश्चिम बंगाल के झालदा के मूल निवासी हैं। जिन्होंने पिछले डेढ़ दशक में झारखंड में कारोबार में अभूतपूर्व वृद्धि की है। वह रांची महिला कॉलेज के पास सर्कुलर रोड पर स्थित रांची में एक बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स न्यूक्लियस मॉल के मालिक हैं।

## झारखंड सरकार के परिवहन सचिव और डीटीओ झारखंड हाई कोर्ट में हुए हाजिर

**राष्ट्रीय खबर**





**रांचीः** पेंशन भुगतान के एक अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए ट्रांसपोर्ट सचिव और डीटीओ रांची को कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अगर 17 फरवरी तक कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होता है तो पिछले ट्रांसपोर्ट सचिव राजेश कुमार शर्मा, वर्तमान ट्रांसपोर्ट सचिव के श्रीनिवासन और डीटीओ रांची अगली सुनवाई में कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी निर्धारित की है।

मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में हुई। दरअसल, प्रार्थी लाल बाबू प्रसाद के पेंशन भुगतान से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तत्कालीन ट्रांसपोर्ट सचिव राजेश कुमार शर्मा को प्रार्थी को पेंशन का भुगतान करने का निर्देश दिया था। जिस पर ट्रांसपोर्ट सचिव ने कोर्ट को आश्वस्त किया था कि पेंशन की राशि का भुगतान करा दिया जाएगा।

इसी बीच 19 दिसंबर 2022 को उनका ट्रांसफर हो गया। इसके बाद वर्तमान ट्रांसपोर्ट, सचिव द्वारा कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। जिस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पिछली सुनवाई में ट्रांसपोर्ट सचिव राजेश कुमार शर्मा और डीटीओ रांची के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया था। इसपर कोर्ट में सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कहा गया था कि राजेश कुमार शर्मा अभी ट्रांसपोर्ट सचिव नहीं है, उनका ट्रांसफर दूसरे विभाग में सचिव के रूप में किया गया है इसलिए इस मामले से इनका नाम हटाया जाए। लेकिन कोर्ट ने राज्य सरकार की दलील को नहीं मानते हुए पिछले ट्रांसपोर्ट सचिव राजेश कुमार शर्मा, वर्तमान ट्रांसपोर्ट सचिव के श्रीनिवासन तथा डीटीओ रांची को अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

## सूर्यकुमार यादव से मिलने मैदान पहुंचा फैन, पीआर बॉड पर छूटा

**राष्ट्रीय खबर**




**रांचीः** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जेएससीए स्टेडियम में शुक्रवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैच खेला गया। मैच खत्म होने के बाद एक दर्शक भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से हाथ मिलाने के लिए मैदान में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था, हालांकि मौका रहते पुलिस ने युवक को रोक लिया। युवक का नाम विक्रांत कुमार यादव है और वह गढ़वा जिला का रहनेवाला है। विक्रांत कुमार यादव भारतीय बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव से हाथ मिलाना चाह रहा था लेकिन पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। धुर्वा थाने की पुलिस विक्रांत कुमार यादव को थाने लायी और पूछताछ करने के बाद घर जाने की इजाजत दे दी। पूछताछ के दौरान पुलिस को कोई भी संदेहास्पद मामला सामने नहीं मिला। युवक से पीआर बांड भरवा कर घर जाने की इजाजत दे दी। ज्ञात हो कि राजधानी शुक्रवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैच खेला गया था। इसी दौरान यह हादसा हुआ था।




**कृष्णा मेहता**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला महासचिव, नगवां, हजारीबाग


## जयनाथ साहू कोर्ट से बरी




**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** झारखंड के अलग-अलग जिलों में आतंक का पर्याय रहे सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को रांची सिविल कोर्ट ने एक आपराधिक मामले में बरी कर दिया है। यह मामला लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार में हुए गोलीकांड का है। इस मामले में जयनाथ साहू को रांची सिविल कोर्ट के एजीसी18 पीके शर्मा की अदालत ने बरी कर दिया है। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रीतांशु कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फतेहपुर बाजार में इजराइल खान नाम के व्यक्ति को जान से माने की नीयत से गोली चलाई थी। जिसमें इजराइल खान को गोली लगी थी और वो गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसी क्रम में ग्रामीण ने एक हमलावर को पकड़ भी लिया था और ग्रामीणों की पिटाई से उसकी मौत भी हो गई थी। यह पूरा मामला 2003 से जुड़ा हुआ है। कांड संख्या एसटी 384/2005 में शनिवार को सुनवाई हुई है। अभियोजन पक्ष को ओर से कुछ चार गवाह पेश किए गए थे। अभी गवाहों को सुनने के बाद कोर्ट ने जयनाथ साहू को बरी कर दिया है।

## देवघर की 100 किमी सड़क होगी फोरलेन

**रांची :** देवघर बाइपास रोड निर्माण के लिए 31 मार्च तक टेंडर फाइनल हो जायेगा। संवेदक को काम भी अवार्ड कर दिया जायेगा। एनएचएआइ के इंजीनियरों ने बताया कि ऑनलाइन निविदा इसकी जारी की गयी है जिसमें कई बड़ी कंपनियां भाग ले रही हैं। ऐसे में तय समय पर इसकी निविदा फाइनल हो जायेगी। देवघर बाइपास निर्माण के साथ-साथ देवघर-बासुकीनाथ फोरलेन रोड का भी टेंडर फाइनल कर दिया जायेगा। नेशनल हाइवे 114ए के 45 किमी लंबी इस सड़क को 1511 करोड़ में बनाया जाना है। वहीं, देवघर बाइपास की लंबाई 48 किमी है, जिसे 1531 करोड़ की लागत से बनाया जाना है। एनएचएआइ दोनों रोड प्रोजेक्ट के लिए निविदा जारी चुका है। ऐसे में देवघर में करीब 100 किमी रोड फोरलेन हो जायेगी, जिससे आवागमन काफी आसान होगा। पर्यटन के क्षेत्र से भी दोनों सड़कों का महत्वपूर्ण स्थान है।

## विद्यार्थियों से मिले आयरलैंड के शोधकर्ता

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में आयरलैंड के शोधकर्ता टॉम डेविस पहुंचे। टॉम डेविस झारखंड अपने शोध कार्य के लिए आए हैं। टॉम डेविस ने मास कम्युनिकेशन के छात्र-छात्राओं के समक्ष अपनी बातें रखी। टॉम डेविस छात्रों से कहा कि भारत आकर यहां की संस्कृति को देख कर बहुत ही प्रभावित हूं। भारत एक बहुत ही अद्भुत देश है। टॉम डेविस भारत के बौद्ध और हिंदू धर्म के शांति की अवधारणा पर एक शोध कर रहे हैं। अपने शोध कार्य के लिए ही झारखंड आए हैं।उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में शोध कार्य के लिए आए थे, उसी दौरान उनकी मुलाकात मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ। बीपी सिन्हा से हुई, और रेडियो खांची के लिए एक इंटरव्यू के दौरान उनसे शोध के विषय के बारे में बातें हुईं। डॉ। बीपी सिन्हा ने उन्हें शांति की अवधारणा में हिंदू और बौद्ध दर्शन के साथ ही आदिवासियों के संस्कृति और शांति दर्शन पर जानकारी दी। डॉ. बीपी सिन्हा ने टॉम डेविस से झारखंड के संस्कृति और आदिवासियों के बारे में बताया। इस विशेष कक्षा में मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा, उपनिदेशक डॉ वीसी महतो, शिक्षक मनोज कुमार शर्मा, सुशील रंजन और छात्र उपस्थित रहे।






## 41 आईएएस को विशेष सचिव रैंक में मिलेगी प्रोन्नति




रांची : झारखंड प्रशासनिक सेवा से आईएएस बने 41 अधिकारियों को जल्द ही विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी जायेगी। कार्मिक विभाग इसकी तैयारी कर रहा है। प्रोन्नति के साथ ही सभी अधिकारियों को उत्क्रमित पदों पर पदस्थापित किया जायेगा। जल्द ही विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंजूरी ली जायेगी। बता दें कि अक्टूबर 2022 में ही राज्य सरकार की अनुशंसा पर झारखंड प्रशासनिक सेवा से 40 अधिकारियों को आईएएस बनने की अधिसूचना केंद्र सरकार ने जारी की थी। इसके बाद कार्मिक विभाग ने इनको विभिन जगहों पर पदस्थापित किया हुआ है। बाद में एक और अधिकारी को आईएएस में प्रोन्नति दी गयी है।नेसार अहमद, रवि रंजन मिश्रा, आलोक त्रिवेदी,संजय सिन्हा, मनोज जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, हरी कुमार केशरी,जगबंधु महथा,बिंदेश्वरी ततमा, इंदु रानी, अरूणा वाल्टर सांगा, दशरथ चंद्र दास, सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, बालकिशन मुंडा,लालचंद डाडेल,गायत्री कुमारी। नागेंद्र कुमार सिन्हा, नेल्सन,शशि प्रकाश झा, अंजनी कुमार मिश्रा, संजय बिहारी अंबष्ठ, अंजनी कुमार दुबे, अमित प्रकाश,गोपाल जी तिवारी, शेखर जमुआर, संजय कुमार,अरविंद कुमार,राजू रंजन,रॉय पवन कुमार,अनिल कुमार। मनमोहन प्रसाद,कुमुद सहाय,शशि भूषण मेहरा, प्रदीप तिग्गा, पूनम प्रभा पूर्ति, मनोहर मरांडी, अमल कृष्ण सत्यजीत, ज्ञानेंद्र कुमार,अजय कुमार सिंह, अभय नंदन अंबष्ठ।